फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 333 प्रभात जयपुर, बुधवार 5 जुलाई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The Promise Fulfilled** 'Tiger Dekha' by children prompted the tiger to move ahead and jump into water in the dusk and move off in the forest night.

**Triple Decker Plane: The Present & The...**

**Restro-Review: Delectable Doorbeen** A rooftop restaurant with an aerial view of Jaipur



*जब किसी प्रजाति की आबादी ज्यादा बढ़ने लगती है तो उस प्रजाति के जानवरों का आकार कम हो जाता है, क्योंकि उन्हें भोजन के लिए ज्यादा प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। लेकिन आश्चर्य की बात है कि, कैलिफोर्निया सी लायन प्रजाति के नर इस सिद्धांत को खारिज कर रहे हैं। जर्नल करंट बायॉलजी में छपे शोध के अनुसार, चूँकि इन मरीन जानवरों को 50 साल से सरकारी संरक्षण प्राप्त है इसलिए इनकी आबादी बहुत बढ़ी है, लेकिन, नर सी लायन छोटे होने की वजाय बड़े हो रहे हैं। पचास के दशक में शिकार व प्रदूषण की वजह से कैलिफोर्निया सी लायन की आबादी में भारी कमी आ गई थी और यूनाइटेड स्टेस्ट्स में लगभग 10,000 सी लायन ही बचे थे, फिर 1972 में मरीन मैमल प्रोटैक्शन एक्ट के तहत इन्हें पूर्ण संरक्षण प्रदान किया गया, जिसकी वजह से बाद के दशकों में इनकी आबादी खूब बढ़ी। मरीन मैमल सैंटर के एन.जी.ओ. के अनुसार, वर्तमान में खुले समुद्र में 2.57 लाख कैलिफोर्निया सी लायन हैं एवं इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर ने इस प्रजाति को ''लीस्ट कंसर्न'' वर्ग में रखा है। युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैंटा क्रूज़, के शोधकर्ता और स्मिथसोनियन का नैशनल म्यूजियम नैचुरल हिस्ट्री यह जानना चाहते थे कि, इस स्तनपायी की आबादी में वृद्धि का इस जीव के आकार के लिए क्या अर्थ है। उन्होंने 1962 से 2008 के बीच एकत्रित 330 सी लायन खोपड़ियों का अध्ययन किया और पाया कि नर की खोपड़ी का आकार कुछ मिलीमीटर बढ़ा है, जिसके आधार पर इनके शरीर के आकार में लगभग 10 सैं.मी.की बढ़ोतरी कह सकते हैं। लेकिन मादा का आकार नहीं बढ़ा है। आकार बड़ा होने का मादाओं को कोई इवोल्यूश्नरी फायदा नहीं है। नर कई मादाओं के साथ जोड़ा बनाते हैं, क्षेत्र व मादा के लिए लड़ते हैं। इसलिए बड़े व ताकतवर नर को बड़े आकार का फायदा होता है। जानवरों की हड्डियों की जांच से शोधकर्ताओं को इनके भोजन के बारे में पता लगा। उन्होंने देखा कि नर कैलिफोर्निया सी लायन के भोजन खोजने का दायरा बढ़ गया है और उनके भोजन में विविधता बढ़ गई है। शोध की सहलेखक आना वैनेज़ुएला -टोरो ने कहा कि भोजन सम्बंधी लचीले रुख की वजह से ये सब कुछ खा लेते हैं इससे इनका आकार बढ़ रहा है।*

# सचिन खेमे ने छः तारीख की बैठक के लिये रोचक प्रस्ताव दिया

## प्रस्ताव है; चुनाव के लिये राजस्थान को दो बराबर भागों में बांट दिया जाये, पूर्वी राजस्थान व पश्चिमी राजस्थान

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। राजस्थान पर चर्चा के लिये प्रस्तावित अगली मीटिंग 6 जुलाई को होगी। आशा की जा रही है कि इस मीटिंग में कोई समग्र एवं निर्णायक फॉर्मूला उभर कर आयेगा, जिससे अनिश्चितता का माहौल समाप्त हो जायेगा।

सचिन पायलट प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से भेंट करने की कोई जरूरत नहीं महसूस कर रहे, क्योंकि रंधावा सार्वजनिक रूप से अशोक गहलोत के पक्ष में अपना इकतरफा रूख व्यक्त कर चुके हैं, इसलिये ऐसा समझा जाता है कि एस.सी./एस.टी. चेयरमैन खिलाड़ी लाल बैरवा, जो सचिन की टीम का हिस्सा है, ने डोटासरा एवं रंधावा के साथ मीटिंग की थी।

इसके बाद, डोटासरा तथा रंधावा ने के.सी. वेणु गोपाल के साथ मीटिंग की, जिसमें उन्होंने, उन्हें प्राप्त हुई विभिन्न जानकारियों पर चर्चा की।

उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि, टीम सचिन ने एक महत्वपूर्ण सुझाव आगे बढ़ाया, जिसके अनुसार, राजस्थान को बीचोंबीच से दो हिस्सों में बांट दिया जाये, पश्चिमी राजस्थान की सीटों की जिम्मेदारी अशोक गहलोत को दे दी जाये तथा पूर्वी राजस्थान के प्रभारी सचिन पायलट बना दिये जायें।

और अलवर क्षेत्र की 12 सीटों की जिम्मेदारी भंवर जितेन्द्र सिंह को दे जी जाये। ऐसा इसलिये नहीं किया जाये कि भंवर में इन सीटों को जिताने की क्षमता है, बल्कि इसके पीछे इस प्रस्ताव को संतुलित रखने का विचार है तथा इसका दूसरा कारण यह भी है कि, भंवर जितेन्द्र सिंह गांधी परिवार के नजदीक हैं।

यह प्रस्ताव कहता है कि जो नेता ज्यादा सीटें जीत लेगा, वह चुनावों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पूर्वी राजस्थान की जिम्मेवारी सचिन पायलट को दी जाये तथा पश्चिमी राजस्थान की गहलोत को। दोनों हिस्सों को बराबर करने के लिये अलवर संभाग की 12 सीटों की जिम्मेवारी भंवर जितेन्द्र सिंह को।
- उन कुछ ''मस्ट सीटों'' पर, जहाँ दोनों खेमे अपना उम्मीदवार देना अति आवश्यक मानते हैं, उन सीटों का निर्णय हाई कमान पर छोड़ा जाये।
- जो व्यक्ति अधिकतम सीटें जिता कर लायेगा, वह मु.मंत्री बनेगा।
- यह प्रस्ताव दोनों खेमों के साथ न्याय तो करता ही है, साथ ही, चुनाव के बाद मु.मंत्री पद के लिये रस्साकशी की संभावना भी कम हो जाती है। जैसा छत्तीसगढ़ में बघेल व टी.एस. सिंहदेव के बीच होने की आशंका है।
- गहलोत की 6 जुलाई की बैठक में ज़ूम के मार्फत शरीक होने की बात है। पर, गहलोत के बारे में कुछ भी निश्चितता से कहना मुश्किल है। येन-केन-प्रकारेण वे राजस्थान के वर्तमान राजनीतिक संकट का समाधान टालने के इच्छुक रहे हैं। जिससे वर्तमान स्थिति यथावत् बरकरार रहे। इसके लिए वे येन-केन-प्रकारेण हर बार दिल्ली जाना टालते रहे हैं।

# भाजपा ने नीतीश कुमार को ''फीलर'' भेजा हरवंश के मार्फत

## नीतीश ने प्रस्ताव स्वीकार न करना राजनीति की दृष्टि से ज्यादा लाभकारी समझा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। ऐसी संभावना नहीं है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आर.जे.डी. (राष्ट्रीय जनता दल) से संबंध तोड़कर, फिर से एन.डी.ए. (नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस) में शामिल होने के भाजपा के प्रलोभन को स्वीकार कर लेंगे। सी.बी.आई. द्वारा बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को ''लैंड-फॉर-जॉब्स'' केस में नामजद कर दिये जाने के बाद, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने आज कुमार से उनके पटना-स्थित आवास पर भेंट की। इस भेंट के फलस्वरूप, ऐसी अटकलें लगाई जाने लगीं कि कुमार को एक बार फिर एन.डी.ए. में शामिल होने के लिये तैयार करने की कोशिश की जा रही है। समझा जाता है कि हरिवंश, जो जे.डी. (यू.) कोटा से राज्यसभा सदस्य हैं, ने भाजपा को गले लगा लिया है। पिछले अगस्त में, जब कुमार ने भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया था, उसके बाद, कुमार ने हरिवंश से यह कहने की कोई पहल नहीं की कि वे राज्यसभा के उपसभापति से इस्तीफा दे दें। हो सकता है कि इसके पीछे यह विचार रहा हो कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत का एक रास्ता खुला रहने दिया जाये। इस प्रकार की अटकलें हैं कि हरिवंश की कुमार के साथ हुई इस मीटिंग का उद्देश्य बिहार के मुख्यमंत्री तक भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का राजनैतिक संदेश पहुँचाना रहा हो।

कुमार भ्रष्टाचार के आरोपियों के प्रति ''ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसी'' रखने के लिये जाने जाते रहे हैं। 2005 में, उन्होंने उस समय जीतनराम माँझी को इस्तीफा देने के लिए कह दिया था, जब उनका नाम ''डिग्री घोटाले'' में आ गया था। इसी प्रकार, नीतीश कुमार ने 2008 में अपनी सरकार के एक अन्य मंत्री रामानन्द सिंह से उस समय इस्तीफा ले लिया था, जब उनका नाम भ्रष्टाचार के एक पुराने केस में आ गया था, जो एक थर्मल पावर स्टेशन पर घटिया किस्म के पाइप की खरीद से संबंधित था। वर्ष 2011 में कुमार ने उस समय एक और मंत्री रामधारी सिंह को बर्खास्त कर दिया था, जब वे दंगों से जुड़े एक केस में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- हरवंश, वैसे तो जद (यू) के राज्यसभा सदस्य हैं, पर आजकल भाजपा के ज्यादा नज़दीक हैं।
- हरवंश ने नीतीश को याद दिलाया कि, वे कभी भ्रष्टाचार से समझौता नहीं करते और अब जब उप मु.मंत्री तेजस्वी यादव को सी.बी.आई. ने ''लैण्ड फॉर जॉब'' प्रकरण में भ्रष्टाचार का आरोपी बताया है, तो वे आर.जे.डी. से गठबंधन को कैसे जायज़ ठहरायेंगे।
- पर नीतीश इस तर्क से प्रभवित नहीं हुए व प्रस्ताव ठुकरा दिया। नीतीश का आकलन शायद यह है कि, आज तेजस्वी यादव बिहार में ''यूथ ऑइकॉन'' हैं और उन पर आरोप लगाना भाजपा को भारी पड़ेगा, अतः आर.जे.डी. के साथ गठबंधन बनाये रखना ही राजनीतिक दृष्टि से ज्यादा लाभकारी रहेगा।




# मंत्री बालाजी के केस में सुप्रीम कोर्ट का मद्रास हाई कोर्ट को निर्देश

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय से कहा कि, वह तमिलनाडू के गिरफ्तार मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को ''यथाशीघ्र'' तीन जजों की बैंच के समक्ष रखे। ज्ञातव्य है कि दिन में ही विभाजित फैसला सुनाया।

- सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि, गिरफ्तार मंत्री बालाजी के केस में शीघ्रताशीघ्र फैसला किया जाए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा दीपांकर दत्ता की बैंच ने मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से यह भी कहा कि, नई बैंच बालाजी की याचिका पर अविलम्ब निर्णय दे।

मंगलवार को सुबह के समय, मद्रास उच्च न्यायालय की डिवीजनल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अगर दोनों पार्टी मिल कर चुनाव लड़ेंगी तो, वोटों का विभाजन रूकेगा'

## जनता दल (एस) व भाजपा कर्नाटक में लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगी?

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। महाराष्ट्र की व्यवस्था करने और बिहार में ऐसे ही ऑपरेशन लोटस की चर्चा के बीच भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में अपनी संभावना बढ़ाने में लगी है, जहां 2019 में उसने स्वीप किया था।

महाराष्ट्र में शिव सेना के बाद भाजपा ने एन.सी.पी. में भी विभाजन कर दिये, जिससे महाविकास अघाड़ी कमजोर हुआ है और भाजपा के चुनाव जीतने की संभावना नहीं है। सूत्रों का कहना है कि बिहार में भी ऐसे ही प्रयास हो रहे हैं जहां जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल मिलकर भाजपा को गत चुनाव में जीती गई सीटों पर उसे हरा सकते हैं।

कर्नाटक में 2024 में अपनी सीटें बरकरार रखने और बढ़ाने के लिये भाजपा कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी जनता दल (सैकुलर) के साथ गठबंधन करेगी ताकि दोनों पार्टियों को मिलाकर वोट कांग्रेस को हराने के लिये काफी होगा जो विधानसभा में भारी बहुमत से जीती थी।

इस बात के काफी संकेत हैं कि भाजपा और जनता दल (एस) लोकसभा चुनाव साथ लड़ेंगे।

भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और कद्दावर नेता बी.एस. येदियुरप्पा ने घोषणा की कि भाजपा और जनता दल (एस) मिलकर कांग्रेस से लड़ेंगे।

दरअसल येदियुरप्पा ने जनता दल (एस) नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप का समर्थन किया और कहा कि कुमारस्वामी भ्रष्टाचार पर जो कुछ कह रहे हैं वह सही है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए भाजपा जनता दल (एस) का समर्थन लेगी।

कुमारस्वामी को जिम्मेवार राजनीतिज्ञ बताते हुए येदियुरप्पा ने संकेत दिया कि दोनों पार्टियाँ मिलकर गत आम चुनाव जितनी सीटें जीत लेंगी।

लेकिन जनता दल (एस) 6 सीटों से लड़ने की सोच रहा है जहां उसे अपनी बेहतर संभावनाएं नज़र आती है। उसके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- जद (एस) के नेता कुमारस्वामी व भाजपा के येद्दियुरप्पा ने इस रणनीति पर सहमति व्यक्त की।

# 'दिव्यांग अफसरों की नियुक्ति कैसे हो रही है?'

जयपुर, 4 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दिव्यांग अफसरों की पोस्टिंग नीति के विरूद्ध उनके गृह जिले से बाहर नियुक्ति किये जाने से संबंधित मामले पर दायर रिट याचिका पर न्यायाधीश सुदेश बंसल ने राज्य सरकार के संबंधित विभाग को जवाब तलब किया है। इस मामले में याचिकाकर्ता विजेन्द्र कुमार गुर्जर व अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अरविन्द कुमार शर्मा पैरवी के लिये पेश हुए थे।

- हाई कोर्ट ने दिव्यांग अफसरों को उनके गृह जिले में नियुक्ति देने की नीति के उल्लंघन पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किये।

याचिकाकर्ता के अनुसार ''चीफ कमिश्नर फोर पर्सन्स विद् डिसेबिलिटीज'' यानी दिव्यांग लोगों के लिये काम करने की नीति तय करने वाले केंद्रीय विभाग और राज्य सरकार के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बुधवार को शरद पवार व अजीत पवार ने अपने-अपने समर्थकों का सम्मेलन बुलाया

## शरद पवार के समर्थक, नरिमन पॉइन्ट स्थित यशवंत राव चव्हाण ऑडिटोरियम में मिलेंगे, अजीत पवार ने अपने खेमे को बांद्रा में बुलाया है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। संकटग्रस्त नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के दोनों धड़ों ने बुधवार को बड़ी बैठकें बुलाई हैं ताकि अपनी संख्या सुनिश्चित कर अपने विधायकों को साथ रख सकें, लेकिन पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने पार्टी को पुनर्गठित करने के लिए जनता के पास जाने का निर्णय लिया है।

महाराष्ट्र के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने जहां विधायकों, जिला अध्यक्षों एवं क्षेत्रीय प्रमुखों को सुबह 11 बजे मुंबई के बांद्रा में बुलाया है, वहीं पार्टी के संस्थापक और अजीत के चाचा शरद पवार ने सभी पार्टी नेताओं को दोपहर एक बजे मुंबई के नरीमन पॉइन्ट स्थित यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम में बुलाया है।

अजीत पवार खेमे का दावा है कि शरद पवार से अलग होने और महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने में उसके साथ एन.सी.पी. के 53 में से 42 विधायकों का समर्थन है। लेकिन कहा जा रहा है कि कई विधायकों ने कागज देखें बिना ही हस्ताक्षर कर दिए थे।

अजीत पवार ने 53 में 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया है, लेकिन आठ विधायकों के साथ शपथ लेने के दो दिन बाद तक यह स्पष्ट नहीं है कि कौनसा धड़ा बड़ा है।

शरद पवार खेमे ने अभी तक कोई आंकड़ा नहीं बताया है। लेकिन नेताओं का दावा है कि पार्टी छोड़ने वाले कम हैं और पार्टी मजबूती से अपने नेता के साथ खड़ी है।

शरद पवार समर्थन जुटाने के लिए 8 जुलाई से नासिक से राज्य का दौरा आरंभ करेंगे।

शरद पवार पुणे, शोलापुर, नासिक, बीड़ तथा विदर्भ क्षेत्र के कुछ हिस्सों का दौरा करेंगे जो छगन भुजबल, धनंजय मुंडम और अन्य बागी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पर अजीबोगरीब बात है कि, अभी तक दोनों खेमों ने विधानसभाध्यक्ष को अपने समर्थक विधायकों की सूची नहीं भेजी है। दोनों खेमे पूरी पार्टी पर अपना कब्जा जता रहे हैं।
- अजीत पवार ने 53 एन.सी.पी. विधायकों में से 42 विधायकों का समर्थन प्राप्त होने का दावा किया था, पर, जब उन्होंने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, केवल आठ विधायक उनके साथ आये और वे सभी मंत्री बनाये गये।
- शरद पवार, वो गल्ती नहीं दोहराना चाहते, जो उद्धव ठाकरे ने की थी। उद्धव ठाकरे ने सभी बागी विधायकों को पार्टी से निकाल दिया था तथा इस प्रकार उन विधायकों का वापस आने का रास्ता बंद कर दिया था।
- शरद पवार ने उन विधायकों को तो पार्टी से निकाल दिया, जिन्होंने मंत्री पद की शपथ ली, क्योंकि, उनके वापस आने का कोई ''चाँस'' नहीं है, पर बाकी ''बागी'' विधायकों को मैसेज दिया है कि, घर वापसी पर उनका स्वागत होगा।

# प्रदेश अध्यक्षों में बदलाव कर भाजपा ने चुनाव तैयारी शुरू की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व ने इस वर्ष के अंत में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों व उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरु कर दी है। इसके लिए सबसे पहले तो प्रदेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- भाजपा ने पंजाब, झारखंड, आंध्र व तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए हैं। पंजाब में सुनील जाखड़, झारखंड में बाबूलाल मरांडी, आंध्र में पी. पुरंदरेश्वरी व तेलंगाना में जी. किशन रेड्डी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

## विचार बिन्दु

जब कोई व्यक्ति अहिंसा की कसौटी पर पूरा उतर जाता है तो अन्य व्यक्ति स्वयं ही उसके पास आकर बैर-भाव भूल जाता है। -पतंजलि

# समान नागरिक संहिता भेद करके नहीं लागू हो सकती

समान नागरिक संहिता का मुद्दा एक बार फिर उछल कर सामने आया है और इस बार लग रहा है कि इसे लागू करने की भारतीय संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में से एक की प्रत्याशा शायद पूरी हो जाय। प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार इसका समर्थन किया है उससे यह और भी स्पष्ट हो गया है कि मौजूदा केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए तत्पर है और उस तरफ आगे बढ़ रही है। भारत के विधि आयोग द्वारा इस विषय पर सार्वजनिक नोटिस जारी कर सभी से राय और टिप्पणियां मांगने को नया कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू करना ही माना जा सकता है। बहुत से राजनीतिक प्रेक्षक यह भी मानते हैं कि समान नागरिक संहिता पर बहस की शुरुआत करके सत्तारूढ़ दल एक तरह से अगले चुनावों के लिए एजेंडा तय कर रहा है। विधि आयोग ने पांच साल के अंतराल के बाद अपनी फ़ाइलों में दबा यह मुद्दा फिर उठाया है। बहुत से लोग तो यह भूल भी चुके थे कि 21वें विधि आयोग ने अगस्त 2018 में इसी मुद्दे पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। विधि आयोग की नई अधिसूचना में कहा गया है कि विषय की प्रासंगिकता और महत्व के साथ-साथ इससे संबंधित अदालती आदेशों को देखते हुए, भारत के 22वें विधि आयोग ने इस विषय पर फिर से विचार करना आवश्यक समझा है। आयोग ने अपने नोटिस के जरिए जनता के विचारों को आमंत्रित किया है और इस संबंध में धार्मिक संगठनों से भी पक्ष रखने का कहा है। हमेशा यही कहा जाता रहा है कि इस मुद्दे पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ना चाहिए तथा इसे सभी दलों, सभी पक्षों, राजनीतिज्ञों, ग़ैर राजनीतिज्ञों और जनता के साथ इस पर व्यापक स्तर पर चर्चा के बाद ही कोई कदम उठाया जाना चाहिये। इसके लिए सरकार ने चर्चा छेड़ दी है। उधर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि विशेषज्ञों की एक समिति ने राज्य में इसे लागू करने के वास्ते मसौदा तैयार कर लिया है।

भले ही भारत में सभी नागरिकों के लिए एक आपराधिक संहिता लागू है, मगर समान नागरिक संहिता हमेशा ही भारतीय राजनीति में एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। संविधान सभा में भी इस पर गंभीर चर्चा हुई थी जब इसे भारतीय संविधान में निदेशक सिद्धांत के रूप में शामिल किया गया था। भारतीय संविधान के अध्याय चार के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि, "राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।" समान नागरिक संहिता का मतलब है प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए एक समान कानून, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हो। अगर ये लागू होता है तो शादी, तलाक़, बच्चा गोद लेना और उत्तराधिकार से जुड़े मामलों में सभी भारतीयों के लिए एक जैसे नियम होंगे। समान नागरिक संहिता को लागू करना 1998 और 2019 के चुनावों के लिए भाजपा के चुनाव घोषणापत्र का हिस्सा रहा है। नवंबर 2019 में, संसद नारायण लाल पंचारिया ने गैर सरकारी बिल के रूप में इसे संसद में पेश किया था, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण इसे वापस ले लिया। मार्च 2020 में सांसद किरोड़ीलाल मीणा फिर से ऐसा निजी बिल लेकर आए, लेकिन इसे संसद में पेश नहीं किया गया। विवाह, तलाक, गोद लेने और उत्तराधिकार से संबंधित कानूनों में समानता की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष भी अनेक याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। विधि आयोग के 2018 के परामर्श पत्र में भी कहा गया था कि भारत में विभिन्न पारिवारिक कानून व्यवस्थाओं के भीतर कुछ प्रथाएं महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करती हैं और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।तलाक के बाद गुजारे भत्ते को लेकर 1985 में शाह बानो मामले में एक मुस्लिम महिला के अधिकारों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि "संसद को एक सामान्य नागरिक संहिता की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा साधन है जो राष्ट्रीय सद्भाव और कानून के समक्ष नागरिकों को समानता सुनिश्चित करता है।" एक अन्य मामले में 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईसाई कानून के तहत ईसाई महिलाओं को अपने बच्चों के "प्राकृतिक अभिभावक के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है", भले ही हिंदू अविवाहित महिलाएं अपने बच्चे की "प्राकृतिक अभिभावक" हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तब भी कहा था कि समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अपेक्षा बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की व्याख्या भी की, और उन महिलाओं को संपत्ति में विरासत का अधिकार और पैतृक संपत्ति में समान सहदायिक अधिकार को मान्यता दी थी जो 2005 में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम में संशोधन के समय और उसके बाद जीवित थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2021 में संसद से समान पारिवारिक कानून बनाने पर विचार करने के लिए कहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश के नागरिक विभिन्न विवाह कानूनों के कारण आ रही बाधाओं के बिना "स्वतंत्र रूप से मिल-जुल सकें"। उच्च न्यायालय ने धर्मांतरण और अंतरधार्मिक विवाह से संबंधित एक मामले में कहा था कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगी। उत्तराधिकार के मुद्दे को 1985 में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम पर 110वीं रिपोर्ट में भी विधि आयोग ने पारसी सहित विभिन्न धर्मों के बीच उत्तराधिकारियों की परिभाषा में बदलाव और विरासत कानूनों को सुव्यवस्थित करने की सिफारिश की थी। लेकिन कई प्रस्तावित परिवर्तनों को धार्मिक समुदायों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा, और अधिनियम में संशोधन पारित नहीं हो सका। इन कठिनाइयों को समझते हुए 2018 में विधि आयोग ने बीच का रास्ता सुझाया कि समान नागरिक संहिता को देखने के बजाय विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों में "जहां भी आवश्यक हो, टुकड़ों-टुकड़ों में बदलाव करके अधिकारों को समेटा जा सकता है"। परंतु वह भी संभव नहीं हुआ। अब, न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले 22वें विधि आयोग ने परामर्श के लिए जारी नए सिरे से नोटिस के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मुद्दे पर बहस और चर्चा कैसे आगे बढ़ती है?

**सभी मानते हैं कि समान नागरिक संहिता आगे बढ़ने वाला प्रगतिशील कदम होगा। व्यक्तिगत कानून काफी हद तक पितृसत्तात्मक और महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण होते हैं। समान नागरिक संहिता से महिलाओं को स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित होगी। पढे लिखे और समझदार मुसलमानों का भी कहना है कि इससे उनके ईमान पर कोई खतरा नहीं है।**

ब्रिटेन और अधिकांश यूरोप में, जो अब बहु-धार्मिक समाज हैं, ईसाई, मुस्लिम, यहूदी, हिंदू आदि सभी को समान आपराधिक, नागरिक और व्यक्तिगत कानूनों का पालन करना पड़ता है। ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल पूछा जा सकता है कि भारतीय संविधान के बनने के इतने लंबे समय बाद भी यहां के नागरिक समान नागरिक संहिता अपनाने के प्रति इतने अनिच्छुक क्यों हैं और क्यों नहीं एक धर्मनिरपेक्ष संविधान के साथ एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की अवधारणा साकार हो पा रही है? सबसे प्रबल विरोध इस तर्क के साथ होता है कि समान नागरिक संहिता लोगों के धर्म में हस्तक्षेप करेगी। यह धार्मिक स्वतंत्रता तथा रस्म-रिवाज़ में दखलअंदाज़ी होगी। मगर दूसरी तरफ यह सवाल भी उठाया जाता है कि क्या रस्म-रिवाज़ नागरिकों को वे अधिकार पाने से महरूम रख सकते हैं जिन्हें संविधान सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित करता है? राज्य तथा सभी नागरिकों का रिश्ता एक ही स्तर पर क्यों नहीं होना चाहिये। जब संविधान सबकी समानता की बात करता है तब स्त्री और पुरुष के बीच रस्म रिवाजों जनित असमानता क्योंकर स्वीकार की जानी चाहिये और सबको एक जैसे अधिकार क्यों न मिलने चाहिये, तथा सबके लिए एक जैसे दायित्व क्यों न हों। सभी मानते हैं कि समान नागरिक संहिता आगे बढ़ने वाला प्रगतिशील कदम होगा। व्यक्तिगत कानून काफी हद तक पितृसत्तात्मक और महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण होते हैं। समान नागरिक संहिता से महिलाओं को स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित होगी। पढे-लिखे और समझदार मुसलमानों का भी कहना है कि इससे उनके ईमान पर कोई खतरा नहीं है। हिंदुस्तान के मुसलमानों को आगे बढ़ कर यह अधिकार लेना चाहिए और पुरानी मनोदशा से बाहर निकल कर पढ़-लिख कर देश की आर्थिक मुख्य धारा में आना चाहिये।

सभी नागरिकों के बीच एक समान कानून लागू होने से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा मिलेगा और उससे एक ऐसे धर्मनिरपेक्ष समाज की स्थापना सुनिश्चित होगी जिसमें प्रत्येक नागरिक को अपनी निजी आस्था के साथ अन्यों के साथ बराबरी का हक मिलेगा। इसी बीच एक संसदीय स्थायी समिति ने भी समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर सोमवार को विधि आयोग और विधि मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ विमर्श किया है। मगर उसमें दिया गया संसदीय समिति के अध्यक्ष का बयान इस मुद्दे पर नया विवाद खड़ा कर सकता है। संसदीय समिति के अध्यक्ष का पूर्वोत्तर सहित आदिवासियों को किसी भी संभावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखने की वकालत करना सरकार के कदम को धक्का पहुंचाने वाला ही माना जाएगा। उनकी यह टिप्पणी कि आदिवासियों को किसी भी प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के दायरे से बाहर रखा जा सकता है क्योंकि सभी कानूनों में अपवाद होते हैं। यह कहना कि केंद्रीय कानून कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में उनकी सहमति के बिना लागू नहीं होते हैं केंद्र की बीजेपी सरकार पर लगने वाले इस आरोप को आधार देता है कि समान नागरिक संहिता सिर्फ मुस्लिम समुदाय पर केंद्रित कर रही है। इसलिए यह पूछा जाना समीचीन है कि क्या यही स्टैन्ड केंद्र सरकार लेने वाली है? यदि ऐसा होता है तो समान नागरिक संहिता की अवधारणा ही समाप्त हो जाती है। संहिता यदि सब पर एक समान लागू नहीं की जाती है तो वह सत्तारूढ़ दल की नीयत में खोट का ही प्रदर्शन होगा और सभी विवेकशील लोगों को आशा है कि ऐसा नहीं होगा।

**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# करणी-इन्द्र दरबार में खुले आसमान के नीचे वायु परीक्षण सम्पन्न

**मकराना, (निसं)।** मां कामाख्या ज्योतिष एवं वैदिक शोद्य संस्थान तथा करणी-इन्द्रेश मन्दिर खुड़द मण्ड के संयुक्त तत्वावधान में करणी-इन्द्रेश माता के मन्दिर प्रांगण में विप्र आयोग बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री महेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य व खुड़द मण्ड के महन्त भेंरूदान सिंह रत्नू के सानिध्य में आचार्य पण्डित विमल पारीक के मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान के साथ मौसम के पूर्वानुमान के लिए करणी-इन्द्रेश माता मन्दिर परिसर में ध्वज पूजन के साथ खुले आसमान के नीचे वायु परीक्षण किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम राजस्थान मे दो जगह पर आयोजित किया जाता है एक तो जयपुर के जन्तर-मन्तर विज्ञान प्रयोगशाला पर और दुसरा नागौर जिले के खुडद मंड ईन्दर बाईसा मंदिर में आयोजित किया गया है। वायु परीक्षण महोत्सव की अध्यक्षता सालासर बालाजी मन्दिर के मुख्य पुजारी डॉ. नरोत्तम दाधीच ने की, जबकि मेडिकल एस्ट्रॉलोजर डॉ. मोनिका आर करल, इन्टरनेशनल डिवाइन स्कूल जयपुर के निदेशक अनुपम जॉली, हिमानी जॉली, गुरूमाता ज्योति पुजारी सालासर, कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्ष गीता सोलंकी, बोरावड़ सीएचसी प्रभारी डॉ. सुनील विश्नोई, नगरपालिका उपाध्यक्ष बोरावड़ शमीम खत्री, पंचायत समिति सदस्य मकराना व लॉयन्स क्लब मकराना के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मुरावतिया, गच्छीपुरा थानाधिकारी अमरचन्द, सरपंच संघ मकराना के अध्यक्ष रहे विनय नाथावत आदि ने विशेष मेहमान के रूप में शिरकत की। महोत्सव के आयोजक विनय सोनी के अनुसार वायु परीक्षण के दौरान वायु के प्रवाह के अनुसार ध्वज के उत्तर-पूर्व ईशान कोण की ओर होने पर अनुपम जॉली ने अच्छी बारिश का योग व क्षेत्र की जनता के लिए शुभफलदात्री बताया।



करणी-इन्द्रेश माता के मन्दिर प्रांगण में विप्र आयोग बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री महेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य व खुड़द मण्ड के महन्त भेंरूदान सिंह रत्नू के सानिध्य में वायु परीक्षण किया गया।

महोत्सव के दौरान आयोजक समिति द्वारा मेहमानों को माल्यार्पण व शॉल-साफा आदि के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर मेहमानों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विप्र आयोग बोर्ड के चेयरमैन राज्य मंत्री महेश शर्मा ने वैदिक गणित की परंपरा को सबसे प्राचीन काल गणना बताया इसके माध्यम से की गई फलादेश पूर्ण रूपेण सटीक माना गया है। उन्होंने राजस्थान सरकार की ईडब्ल्यूएस एवं मंदिर की जमीन की भूमि डोली एवं देवस्थान से संबंधित समस्त देवालय मंदिरों का संरक्षण लाभकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। समारोह अध्यक्ष सालासर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी डॉ. नरोत्तम दाधीच ने कहा कि वायु धारी पूर्णिमा को असाडी पूर्णिमा गुरु पूर्णिमा के दिन एक विशेष संयोग बनता है।

यह परीक्षण प्राचीनकाल से चला आ रहा है मौसम के पूर्वानुमान के लिए किया गया वायु परीक्षण शत प्रतिशत सही बताया गया है। इस अवसर पर मेडिकल एस्ट्रोलोजर डॉ. मोनिका आर करल ने श्रावण माह में हरी सब्जियों के त्याग के पीछे के वैज्ञानिक कारण बताने के साथ ही घरेलु सुख शान्ति तथा आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न ज्योतिषीय टिप्स बताए। इस अवसर पर गेहडा कला के पूर्व सरपंच महन्द्रदान सिंह रत्नू, सुखदेव सिंह रत्नू, नावां प्रधान पति राजेश गुर्जर, ब्राह्मण समाज बोरावड़ के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास, स्वर्णकार समाज के तहसील उपाध्यक्ष बाबुलाल सहदेव, केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव सुरेश कुमार सोनी, रोटेरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद सैनी, स्थानीय बालचर संघ मकराना के सचिव रामदेव पारीक, बरवाली प्रधानाचार्य गोपाल प्रजापत, बोरावड़ नगरपालिका की पार्षद दिव्या जैन, पार्षद भगवती देवी पारीक, पार्षद प्रिया गेलड़ा, तेरापंथ युवक परिषद बोरावड़ से कैलाश गेलड़ा, जवानाराम किरड़ोलिया, हरकरणराम रलिया, कैलाश व्यास, देवीसिंह राठौड़, किरणसिंह राठौड़, बंशीराम डूकिया, मनीष व्यास, जनकदान, कुशाल करहीर, शिक्षाविद गायत्री पारीक, मोनिका पारीक सहित अनेक लोगों ने वायु परीक्षण कार्यक्रम में शिरकत करते हुए मेहमानों का स्वागत किया। संयोजक विनय सोनी ने सभी का आभार जताया।

- **वायु परीक्षण के दौरान वायु के प्रवाह के अनुसार ध्वज के उत्तर-पूर्व ईशान कोण की ओर होने पर अच्छी बारिश का योग बताया**

# लंपी रोग से मृत गायों की आर्थिक सहायता से वंचित रह गए कई पशुपालक

**पोकरण, (निसं)।** प्रदेश में सरकार और उसके नुमाइंदे गायों में फैले लंपी रोग से मृत गायों के मालिकों को चालीस हजार प्रति गाय का आर्थिक अनुदान दिए जाने के दावे कर रही है। वहीं थार के रेगिस्तान के जैसलमेर जिले में ऐसे कई गांव है, जहां के पशुपालक लंपी रोग से मृत गायों का आर्थिक सहायता के फायदे से वंचित रह गए। विधानसभा क्षेत्र का खेतोलाई, चाचा, ओढानिया, घोलिया ऐसा क्षेत्र है, जो थार के रेगिस्तान में सबसे ज्यादा पशुधन आबादी वाले गांवों में आता है।

खेतोलाई गांव में लंपी रोग के दौरान इस क्षेत्र के गांवों में कोई भी पशु चिकित्सक नहीं था। गायों का उपचार करीब तीस किलोमीटर दूर स्थित भादरिया गांव से पशुचिकित्सक को बुलाकर करवाया जाता था। ऐसे में इस गांव में मरने वाली गायों का रिकॉर्ड पशुपालन विभाग के पास सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाया। खेतोलाई के रहने वाले पचास वर्षीय मांगीलाल के वर्तमान में नौ गायें है मेरा मुख्य रोजगार गायों पर ही निर्भर है लंपी बीमारी से मेरे दो गायों की मृत्यु हो गई दोनों गायें दुधारू थी। अब मेरे पहले जितना दूध भी नहीं होता और सरकार की तरफ से भी कोई फायदा नहीं मिल रहा है। जिससे मुझे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे ही ओढानिया पंचायत के 43 वर्षीय शिव प्रताप आज भी अपने हाथों में कागजों की फाइल लिए पशुपालन विभाग के चक्कर लगा रहे है। उन्हें उम्मीद है कि उन्हें अपने रफी में मर चुकी गायों का मुआवजा मिलने की उम्मीद अभी भी बरकरार है। वे कहते है कि लंपी के दौरान मेरे गांव में कोई डॉक्टर नहीं था तो मेरे जिन गायों की मृत्यु हुई है। उनका रिकॉर्ड भादरिया गांव से आए पशुचिकित्सत्क नरेंद्र सिंह के पास था, अब उनका भादरिया से तबादला हो चुका है, तो मेरी परेशानी बढ़ गई है ।

- **जैसलमेर जिले में कई गांवों के पशुपालक जो कि अब भी विभाग के चक्कर लगा रहे है**

लंपी के दौरान इस क्षेत्र में हुई गायों की मृत्यु के आंकडे गांव में सफाई करने वाले राजू व उनके सहयोगियों ने गांव के ग्राम पंचायत कार्यालय को सौंपे। राजू ने लंपी के दौरान मरने वाली गायों को हर रोज उठाकर गांव से बाहर ओरण की जमीन पर गड्ढे खोदकर डाला था। जिस कारण उसके पास मरने वाली गायों का रिकॉर्ड रहता था। जिसे वो ग्राम पंचायत कार्यालय को रिपोर्ट करवाता था। राजू ने बताया कि उस दौरान खेतोलाई गांव की 550 गायों को दफनाया था। गांव में हर घर से 2-3 गायों की मृत्यु हुई है। जानकारी के अनुसार खेतोलाई गांव में साल 2019 में हुई पशुगणना के अनुसार दस हजार गाये थी। खेतोलाई में ही रहने वाले एक किसान बगडूराम से पूछा कि आप कैसे सत्यापित कर पाओगे कि आपके गायों की वीपी में मृत्यु हुई है। लेकिन उन्होंने कहा कि हमारा रिकॉर्ड तो सफाई करने वाला राजू ही बता सकता है क्योंकि उसी ने इस गांव में मरने वाली गायों को घर-घर से ले जाकर दफनाया था। इस पूरे मामले पर खेतोलाई में नियुक्त पशु चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप कुमार का कहना है कि मेरी लंपी बीमारी के समय इस क्षेत्र में नियुक्ति नहीं हुई थी तो मैं नहीं बता सकता कि इस गांव में उस समय कितनी गायों की मृत्यु हुई थी। गांव वाले मेरे पास मुआवजे के लिए सत्यापन करवाने के लिए आए थे। लेकिन जब मैं यहां था ही नहीं तो सत्यापन कैसे कर सकता हूं। मैने गांव वालों से सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी से सत्यापन करवाने का कहा था। लेकिन गांव वालों का कहना था कि ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच सत्यापित करने से मना कर रहे है।

सरपंच प्रतिनिधि रामरतन बिश्नोई कहना है कि इस मामले में सत्यापित करने का मुझे अधिकार नहीं है, लंपी के दौरान गुलाब सिंह ग्राम विकास अधिकारी थे अब उनका ट्रांसफर हो गई है वो अब मेरे फोन नहीं उठा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र का सबसे अधिक गो पशुधन आबादी क्षेत्र के निवासियों को लंपी में मृत गायों का मुआवजा मिलने की अभी भी उम्मीद बरकरार है।

# सुंदरता व सुरक्षा के लिए लगी जालियां तोड़ डालीं

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नगर विकास न्यास के आला अधिकारी जहां शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं वहीं सुखाड़िया सर्कल से अजमेर जाने वाले अति व्यस्त शहर के हाईवे मार्ग पर लगी सीमेंटेड जालियों के साथ लगी लोहे की मजबूत जालियों को भी किन्हीं स्वार्थी तत्वों ने तोड़ दिया।

आश्चर्य का विषय तो यह है कि अजमेर चौराहे से लेकर भीलवाड़ा डेयरी तक रोजाना कई महत्वपूर्ण लोग इस रास्ते से गुजरते हैं मगर अभी तक किसी जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं गया, जिसके कारण कुछ लोहे की जालियां तो लोग उठा कर भी ले गए।



भीलवाड़ा में शहर के हाईवे मार्ग पर लगी सीमेंटेड जालियों को भी किन्हीं स्वार्थी तत्वों ने तोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन न्यास अध्यक्ष एल एन डाड के कार्यकाल में सुखाडिया सर्कल से लेकर आरजिया चौराहे तक के मार्ग को गौरव पथ का नाम देकर इसका विकास किया गया था। शहर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए भदाली खेड़ा तक हाईवे मार्ग को दो भागों में बांट कर डिवाइडर तैयार किए गए और डिवाइडर के मध्य ऊंट घोड़ा, हाथी जैसे जानवरों की आकृति में हरियाली को डेवलप किया गया।

वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से निवर्तमान अध्यक्ष रामपाल शर्मा ने सड़क के दोनों किनारों पर लाखों रुपए खर्च करके डिजाइन दार सीमेंटेड जालियां लगवाई थीं ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। इसके साथ ही पैदल चलने वाले और दुपहिया वाहन चलाने वाले नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सर्विस सड़क का निर्माण भी किया गया, परंतु विगत चार दिन पूर्व किन्ही स्वार्थी तत्वों ने तीन सौ फिट लंबाई तक की सीमेंटेड जालियों को ध्वस्त कर दिया और सर्विस सड़क लाइन पर लगी लोहे की जालियों को भी उखाड़ कर ले गए। अभी तक नगर विकास न्यास के किसी बड़े आला अधिकारी की नजर का नहीं पड़ना घोर लापरवाही का बड़ा नमूना नजर आ रहा है।

- **सर्विस सड़क लाइन पर लगी लोहे की जालियों को लोग उखाड़ कर भी ले गए**
- **सुखाड़िया सर्कल से अजमेर जाने वाले शहर के हाईवे मार्ग पर लगी हैं सीमेंटेड जालियां**

## राशिफल बुधवार 5 जुलाई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम सावन (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र रात्रि 2:56 तक, वैद्युति योग प्रातः 7:47 तक, गर करण दिन 10:03 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-सिंह, बुध-मिथुन, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग रात्रि 2:56 से सूर्योदय तक है। भद्रा रात्रि 8:17 से गुरूवार प्रातः 6:31 तक है। आज वैधृति पुण्य, गुरू हरगोविन्द सिंह जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:07 तक, शुभ 10:44 से 12:31 तक, चर 3:56 से 5:38 तक, लाभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:21

### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### वृष

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### मिथुन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। संभावित प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

### कर्क

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### सिंह

अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### तुला

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले सुसंदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

### धनु

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### मकर

परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### कुंभ

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मीन

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

# मुख्यमंत्री गहलोत और पायलट के बीच सुलह का रास्ता हुआ तैयार?

## पेपर लीक करने वालों को राजस्थान में मिलेगी उम्र कैद की सजा

- मुख्यमंत्री गहलोत ने इसी सत्र में बिल लाने की बात कही, पायलट समर्थक इसे बता रहे हैं आंदोलन की जीत
- प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए आरपीएससी तथा कर्मचारी चयन बोर्ड के कामकाज की शैली और प्रोसेस को सुधारने की भी घोषणा

**जयपुर**, (का.प्र)। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पेपरलीक से प्रभावित युवाओं को मुआवजा देने, आरपीएससी का पुनर्गठन करने और वसुंधरा सरकार के करप्शन की जांच के लिए हाई पावर कमेटी बनाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने इन तीनों ही मांगों को नकार दिया था, लेकिन मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट करके जानकारी दी है कि सरकार पेपर लीक के आरोपियों को उम्रकैद तक की अधिकतम सजा दिलाने के लिए विधानसभा के इसी सत्र में बिल लाएगी। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए आरपीएससी तथा कर्मचारी चयन बोर्ड की कामकाज की शैली और प्रोसेस को सुधारने की शुरुआत करने की घोषणा की है।

गहलोत की ओर से की गई इस घोषणा के बाद सचिन पायलट समर्थक इसे सचिन पायलट की जीत बताने की कोशिश कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। हालांकि मुख्यमंत्री की इस घोषणा में सचिन पायलट की ओर से उठाई गई तीनों मांगों के संबंध में कुछ भी शामिल नहीं है। इतना जरूर है कि गहलोत की इस घोषणा के बाद आलाकमान को दोनों के बीच सुलह कराने में आसानी होगी। अब ना सिर्फ दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के पास में सचिन पायलट को पद देने और पार्टी में एडजस्ट करने का रास्ता मिल गया है। वहीं अब सचिन पायलट भी लोगों के बीच जाकर कह सकेंगे कि उनकी ओर से किए गए आंदोलन के कारण सरकार को अब मजबूर होकर यह कड़ा कानून लाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यही कारण है कि सचिन पायलट समर्थक मुख्यमंत्री की इस घोषणा को अपनी जीत बताने का प्रयास कर रहे हैं।दरअसल पेपर लीक मामले में राजस्थान सरकार की किरकिरी हो रही थी और इसी किरकिरी से बचने का प्रयास करते हुए मुख्यमंत्री ने यह कड़ा कानून लाने के लिए घोषणा की है। गहलोत की इस घोषणा को भले ही पायलट की मांगों को मानने की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। लेकिन पायलट की ओर से आरपीएससी को भंग करके इसका पुनर्गठन करके आमूलचूल बदलाव करने की मांग पूरी नहीं हो रही है। अब तक पायलट की मांगों को गहलोत ने सिरे से खारिज किया है। इन मांगों को लेकर पायलट ने 11 से 15 मई तक अजमेर से जयपुर तक पैदल यात्रा करते हुए यह मांग की थी। 15 मई को जयपुर में यात्रा खत्म करके सभा में पायलट ने सरकार के सामने तीन मांगें रखते हुए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया था।

अल्टीमेटम खत्म होने से पहले 29 मई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी की मौजूदगी में गहलोत-पायलट की सुलह बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद पायलट ने आंदोलन तो नहीं किया, लेकिन युवाओं से जुड़ी मांगों को छोड़ने से इनकार कर दिया था। सचिन पायलट की तीन मांगों को मानने से पहले गहलोत ने साफ इनकार कर दिया था। पेपरलीक से प्रभावित बेरोजगारों को मुआवजा देने की मांग को गहलोत ने बुद्धि का दिवालियापन बताया था। आरपीएससी को भंग करने की मांग पर गहलोत ने कहा था कि पायलट हमारे परिवार के मेंबर हैं, उन्होंने बात उठाई है तो हमने परीक्षण करवाया तो सामने आया कि कानून में इस तरह का प्रावधान ही नहीं है। वहीं राजे सरकार के करप्शन की जांच की मांग पर गहलोत ने कहा था कि कोई मामला हो तो जांच करवाने को तैयार हैं। राजे के खिलाफ एक ही मामला है और वह ईडी से जुड़ा है, उसमें राज्य सरकार का अधिकार क्षेत्र नहीं है, खान आवंटन से जुड़े मामलों का निस्तारण हो चुका है। सीएम के रुख में अब बदलाव आया है और आज के ट्वीट से यह तय संकेत माना जा रहा है कि पायलट की मांगों को मानने की शुरुआत हो गई है।

## अन्य राज्यों के मूल निवासियों को क्यों नहीं दे रहे नियुक्ति?

**जयपुर**। प्रदेश में अन्य राज्यों के मूल निवासियों को रेडियोग्राफर के पद पर नियुक्ति नहीं दिये जाने के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव और न्यायाधीश प्रवीण भटनागर ने राज्य सरकार के चिकित्सा विभाग को जवाब तलब किया है। मामले में याचिकाकर्ता की और से अधिवक्ता अरविन्द शर्मा पैरवी के लिये पेश हुए थे।

याचिकाकर्ता सुहैल हसन जो उत्तरप्रदेश के मूल निवासी हैं, की ओर से याचिका में कहा गया है कि प्रदेश में किसी भी रेडियोग्राफर को कार्य करने के लिये पहले तो प्रदेश की पैरा मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराना होता है साथ ही उसके पास प्रदेश का ही मूल निवास प्रमाण पत्र होना चाहिये। उनके अनुसार यह असंवैधानिक है और उन्हें प्रदेश में रेडियोग्राफर के पद पर कार्य करने से वंचित रखत है।

## झूठा नाम हटाने की मांग

**जयपुर**। श्री राजपूत सभा भवन में राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की बैठक में पुलिस थाना पीपलू जिला टोंक मे बजरी के ट्रैक्टर चालक की मृत्यु हो जाने पर एक एफआईआर में झूठे नाम हटाने की मांग गई गई। इस मामले में महानिदेशक पुलिस से मिलकर ज्ञापन दिया।

# कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को हिंदी में आरोप पत्र की कॉपी देने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। एनआईए मामले की विशेष अदालत ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को एनआईए की ओर से अंग्रेजी में पेश आरोप पत्र का हिंदी में रूपान्तरण कर उपलब्ध कराने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज और फोटो सहित अन्य चीजे उपलब्ध कराने के लिए पेश प्रार्थना पत्र पर सुनवाई 5 जुलाई को रखी है। इसी तरह अदालत ने प्रकरण में चार्ज बहस के लिए 26 जुलाई को सुनवाई तय की है।

सुनवाई के दौरान मंगलवार को जेल प्रशासन की ओर से आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। आरोपियों की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि एनआईए ने प्रकरण में अंग्रेजी में आरोप पत्र दायर किया है। आरोपी प्रार्थी हिंदी भाषी हैं, इसलिए उन्हें आरोप पत्र की कॉपी हिंदी भाषा में रूपांतरण कर दिलाई जाए। जिससे वह प्रकरण में अपना पक्ष उचित तरह रख सकें। वहीं एनआईए की ओर से विशेष लोक अभियोजक टीपी शर्मा ने कहा कि आरोपियों ने आरोप पत्र दायर करते समय आरोप पत्र की भाषा को लेकर विरोध दर्ज नहीं किया था। अब उन्होंने प्रार्थना पत्र पेश किया है। ऐसे में अभियोजन पक्ष उन्हें हिंदी भाषा में आरोप पत्र उपलब्ध करा देगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अभियोजन पक्ष को कहा है कि वह आरोपियों को हिंदी भाषा में आरोप पत्र मुहैया कराए। गौरतलब है कि एनआईए ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के कराची निवासी सलमान व अबू इब्राहिम को फरार बताते हुए मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद व मोहम्मद रियाज अत्तारी सहित आरोपियों मोहसीन, आसिफ, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली, फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला, मोहम्मद जावेद व मुस्लिम मोहम्मद के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 449, 302, 307 व 324 (34), 153 ए, 153 बी 295 ए और यूएपीए एक्ट की धारा 16,18 व 20 के तहत आतंकी गतिविधियों के आरोप में चालान पेश किया था। वहीं एनआईए की विशेष कोर्ट ने 9 फरवरी, 2023 को आरोपियों के खिलाफ खिलाफ हत्या,आतंकी गतिविधियों, आपराधिक षड्यंत्र सहित यूएपीए एक्ट व आर्म्स एक्ट में प्रसंज्ञान लिया था। मालूम हो की कन्हैयालाल टेलर की उदयपुर में 28 जून 2022 को जघन्य हत्या कर आरोपियों ने इस हत्याकांड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

## विधि विश्व विद्यालय में कुलपति नियुक्ति को लेकर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति को लेकर भर्ती विज्ञापन जारी करने के मामले में प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव, चांसलर जरिए प्रमुख सचिव, सर्च कमेटी चेयरमैन और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुरेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश प्रोफेसर केबी अग्रवाल की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि आगामी सुनवाई को कोर्ट याचिकाकर्ता की मामले में याचिका पेश करने के अधिकार के बारे में भी सुनवाई करेगा। याचिका में अधिवक्ता सुनील समदड़िया ने अदालत को बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 11 में कुलपति की नियुक्ति और योग्यता आदि के बारे में प्रावधान किए गए हैं। वहीं धारा 11(17) में विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति की नियुक्ति को लेकर प्रावधान है। जिसमें कहा गया कि विवि के चांसलर विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति की नियुक्ति राज्य सरकार से राय लेकर करेंगे।

## आरोपियों के फोन सर्विलांस पर लेने के आदेश अवैध

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्व मंडल में भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी को बडा झटका दिया है। अदालत ने कहा कि मामले में दो फोन नंबर को सर्विलांस पर लेने के संबंध में गृह सचिव की ओर से दिए आदेश अवैध होने के चलते रद्द किए जा रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने एसीबी को निर्देश दिए हैं कि वह रिकॉर्ड किए गए सभी मैसेज व रिकॉर्डिंग को नष्ट करे। वहीं अदालत ने यह भी कहा है कि ऐसे मैसेज को प्रकरण में लंबित आपराधिक कार्रवाई में अमल में नहीं लाया जाए। जस्टिस बीरेन्द्र कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश शशिकांत जोशी की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने याचिकाकर्ता को छूट दी है कि वह याचिका में चाही गई अन्य रिलीफ के लिए उपलब्ध विधिक उपचार ले सकता है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इस तरह के मनमानीपूर्ण आदेश मूलभूत अधिकार का हनन करने वाले हैं। जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

याचिका में अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि गृह सचिव ने अक्टूबर, 2020 से मार्च 2021 तक तीन अलग-अलग आदेश जारी कर एसीबी को याचिकाकर्ता के दो मोबाइल नंबर और सह आरोपी सुनील शर्मा के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लेने की अनुमति दी थी।

# 'मंत्री जाहिदा खान ने ट्रांसफर के नाम पर तीन लाख रुपए लिए, वापस दिलवा दीजिए मुख्यमंत्री जी'

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर किसी ने लगाए हस्तलिखित पोस्टर

- पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी खंगाल रही है

**जयपुर**, (का.प्र.)। यहां स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर लगे होर्डिंग्स पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को संबोधित करते हुए हाथ से लिखे हुए पोस्टर लगाते हुए किसी ने मंत्री जाहिदा खान पर ट्रांसफर के नाम पर 3 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया और निवेदन किया कि यह पैसे उसे वापस दिलाए जाएं। हालांकि पोस्टर लगाने वाले ने अपने नाम की जगह निवेदक में एक गरीब किसान का बेटा लिखा है।

शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान पर तबादलों के नाम पर भ्रष्टाचार करने और लाखों रुपए लेने के आरोप लगाते हुए ये पोस्टर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर लगे विभिन्न होर्डिंग्स पर लगा दिए गए। यह पोस्टर किसने लगाए, इस बारे में पता नहीं चल पाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज देख रही है कि ये किया किसने। यह पोस्टर मुख्यालय खुलने से पहले ही या देर रात लगाए गए हैं, ऐसा बताया जा रहा है। पोस्टर सामने आते ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के कर्मचारी ने तुरंत कांग्रेस के बड़े नेताओं को इसकी सूचना दी ओर यह पोस्टर हटा दिए गए। इसके बाद इस बारे में प्रदेश कांग्रेस की ओर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

दरअसल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर दिनभर काफी चहल-पहल रहती है, क्योंकि सामने पुलिस लाइन है और एक तरफ संसार चंद्र रोड है। ऐसे में यहां से दिनभर ट्रैफिक भी गुजरता रहता है। यही कारण है कि पोस्टर लगाने वाले ने रात का समय चुना। अब पुलिस दुकानों और पीसीसी के बराबर में एक मॉल में लगे सीसीटीवी फुटेज देख रही है ताकि ऐसा करने वाले का पता लगाया जा सके।

हाथ से लिखे अलग-अलग पोस्टर्स में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से अपील करते हुए लिखा गया है कि मंत्री जाहिदा खान से मेरे 3 लाख रुपए दिला दो। दूसरे पोस्टर में लिखा है कि प्रभारी रंधावा मंत्री जाहिदा खान से हमारे पैसे दिलवा दो। तीसरे पोस्टर में लिखा है कि राजस्थान सरकार की सबसे भ्रष्ट मंत्री जाहिदा खान विधायक कामां हैं। निवेदक दुखी शिक्षक। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर मंत्री नेताओं के खिलाफ पहले भी पोस्टर लगते रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट वितरण के समय असंतुष्ट नेताओं ने भी कांग्रेस मुख्यालय में पोस्टर लगाए थे। पोस्टर्स पर पैसे लेकर टिकट देने के आरोप लगाए गए थे। कुछ दिन पहले जलदाय मंत्री महेश जोशी के खिलाफ एक युवक ने पीसीसी मुख्यालय में धरना दिया था। उसने महेश जोशी पर भी पैसे को लेकर आरोप लगाए थे।

## चयन से वंचित क्यों किया?

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक और कर्मचारी चयन बोर्ड से पूछा है कि पेपर लीक के आरोपी से दोस्ती होने के आधार मात्र पर पीटीआई भर्ती-2022 में चयनित महिला अभ्यर्थी का चयन क्यों निरस्त किया गया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश प्रियंका विश्नोई की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 16 जून 2022 को पीटीआई के 5546 पदों के लिए भर्ती निकाली। जिसमें याचिकाकर्ता शामिल हुई और लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद उसके दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया। वहीं चयन बोर्ड की ओर से गत 31 मई को भर्ती का अंतिम परिणाम जारी किया गया। जिसमें याचिकाकर्ता का चयन हो गया। इसके बाद इसी दिन बोर्ड ने उसकी नियुक्ति को रद्द कर दिया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता की जानकारी में आया है कि उसकी पेपर लीक के मास्टर माइंड भूपेन्द्र से दोस्ती होने के कारण चयन बोर्ड की ओर से उसकी नियुक्ति रद्द की गई है। याचिका में यह भी कहा गया कि पीटीआई भर्ती में पेपर लीक का आरोप नहीं लगा है और ना ही इस परीक्षा को लेकर कोई एफआईआर दर्ज हुई है।




# शंकर मीणा हत्याकांड का खुलासा, रॉयल्टी नाके के आठ कार्मिक गिरफ्तार

## 'यह सभी आरोपी रॉयल्टी नाकों के प्राइवेट कर्मचारी हैं, जो क्षेत्र में अवैध रूप से गश्त और धरपकड़ करते हैं'

**टोंक, (निसं)।** जिले के पीपलू थाना क्षेत्र में 27 जून की रात ट्रैक्टर चालक शंकर मीणा की निर्मम हत्या का पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने खुलासा कर मामले में बजरी रॉयल्टी नाके के 8 कार्मिकों को गिरफ्तार किया है। मामले में शेष आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। साथ ही रॉयल्टी नाकों के मालिक, मैनेजर और लीज धारकों की अपराध में संलिप्तता के बारे में भी एसआईटी द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।

महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर रविवार 2 जून को इस प्रकरण की जांच पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि 27 जून की रात करीब साढे दस बजे टोंक जिले में पीपलू थाना अंतर्गत गाता-डोडवाडी रोड पर ट्रैक्टर चालक शंकर मीणा की हत्या कर दी गई थी। दो दिन धरना प्रदर्शन के बाद 29 जून को घटनास्थल पर मृतक के भाई पिंटू मीणा द्वारा दी गई रिपोर्ट पर थाना पीपलू में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश बैरवा को सौंपा गया।

एडीजी एमएन ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए आईजी प्रफुल्ल कुमार के सुपरविजन में एसआईटी गठित की गई। गठित एसआईटी द्वारा तकनीकी अनुसंधान कर आरोपियों की घटनास्थल पर मौजूदगी सुनिश्चित की। मामले का खुलासा करते हुए टीम ने 8 आरोपियों नीमकाथाना सीकर निवासी सागरमल चौधरी, राकेश उर्फ शेरा जाट, सुरेंद्र गुर्जर, राजेंद्र उर्फ मुकेश जाट व अभिषेक कुमावत, जोबनेर निवासी महेंद्र सिंह, बानसूर निवासी मुकेश तंवर और सीकर निवासी सतवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया।

एडीजी ने बताया कि यह सभी आरोपी रॉयल्टी नाकों के प्राइवेट कर्मचारी हैं, जो क्षेत्र में अवैध रूप से गश्त और धरपकड़ करते हैं। घटना के रोज रॉयल्टी नाका पर बजरी के चार ट्रैक्टर आने की सूचना पर आरोपी सागरमल चौधरी ने अलग-अलग रॉयल्टी नाकों से अपने कार्मिकों को बुलाया। फिर सभी एक बिना नंबरी बोलेरो और दो बोलेरो कैंपर में सवार होकर गाता-डोड़वाड़ी रोड पहुंचे। एमएन ने बताया कि रात 10.30 बजे शंकर मीणा और एक अन्य अपने ट्रैक्टर की लाइट बंद कर चल रहे थे।

इसी बीच शंकर के दोस्त शक्ति सिंह ने कॉल कर आगाह किया कि आगे रॉयल्टी नाके के आदमी खड़े हैं। सूचना पर शंकर ने ट्रैक्टर से बजरी खाली कर दी और खाली ट्रैक्टर लेकर आगे बढ़ा। तभी बांयी ओर से रॉयल्टी नाका कार्मिकों ने शंकर के ट्रैक्टर को टक्कर मारी। उन्होंने बताया कि, टक्कर से शंकर मीणा का ट्रैक्टर दायीं तरफ घूम कर सड़क के नीचे खेत में सीमेंट के पोल और कांटेदार बाड़ से टकरा कर रुक गया। आरोपियों ने शंकर मीणा को ट्रैक्टर से नीचे उतारा और उसकी लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बाद में आरोपी ट्रैक्टर को घुमा कर वापस सड़क पर लाए और घटनास्थल से दूर खड़ा कर दिया तथा अपने वाहन भी वहां खड़े कर दिये।



पुलिस ने शंकर मीणा हत्याकांड मामले में बजरी रॉयल्टी नाके के आठ कार्मिकों को गिरफ्तार किया।

- रॉयल्टी नाकों के मालिक, मैनेजर और लीज धारकों की अपराध में संलिप्तता के बारे में भी एस.आई.टी. द्वारा अनुसंधान जारी
- 'आरोपियों ने शंकर मीणा को ट्रैक्टर से नीचे उतारा और उसकी लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी'

# उद्यमी को गैंगस्टर बनकर फोन किया, तीन करोड़ मांगे

## उद्यमी की तरफ से प्रतापनगर थाने में मामला दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के एक उद्यमी को दो बदमाशों ने गैंगस्टर बनकर फोन किया। उन्होंने फोन पर तीन करोड़ की फिरौती मांगी अन्यथा जान से हाथ धोने की धमकी दी। उद्यमी की तरफ से प्रतापनगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। एएसआई मुकेश कुमार इस बारे में तफ्तीश कर रहे हैं।

चौपासनी रोड, नाइयों की बगेची के सामने रहने वाले उद्यमी विनोद सिंघवी पुत्र उम्मेदमल सिंघवी की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वे सोमवार को सुबह अपने कार्यालय में बैठे थे। एक व्यक्ति का कॉल आया और कहा कि वह गैंगस्टर पुखराज विश्नोई बोल रहा है। यदि जान प्यारी है तो 3 करोड़ रूपए दे देना।

रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद में किसी सैय्यद नजरूल इस्लाम का फोन आया और उसने कहा कि सुबह पुखराज विश्नोई से बात हुई थी। उस बारे में क्या सोचा है। तीन करोड़ रूपए दे देना अन्यथा जान से हाथ धोना पड़ेगा। उद्यमी विनोद सिंघवी के अनुसार कॉल करने वाले शख्स ने सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के बीच कॉल किए थे। घटना में प्रतापनगर थाने के एएसआई मुकेश कुमार की तरफ से तफ्तीश की जा रही है। सिंघवी ने अपनी जान को खतरा बताते हुए इनके गैंगस्टर होने का अंदेशा जताया है। फिलहाल पुलिस आने वाले नंबरों को ट्रेस करने के साथ पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# उदयपुर में चंदन तस्कर के मकान पर दबीश दी

## करीब बाहर लाख का अवैध चंदन बरामद

**उदयपुर, (निसं)।** डीएसटी एवं धानमण्डी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए धामनण्डी कारवाडी स्थित एक मकान पर दबीश देकर करीब बारह लाख रूपये का चंदन व बूरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इस मामले में विधी से संघर्षरत एक अपचारी को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है।

शहर में विभिन्न स्थानों से चंदन पेड़ काट कर चुरा ले जाने की बढ़ती वारदातों पर अंकुश के लिए जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मंजीतसिंह के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी दिलिपसिंह झाल, धानमण्डी थाना प्रभारी बिहारीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मंगलवार सांय धानमण्डी कारवाड़ी में स्थित एक मकान पर दबीश दी।

इसको देख मकान मालिक दिलाव खां एव अकरम खां फरार हो गए। इस पर पुलिस दल ने मौके की तलाशी ली तो मौके से अवैध कुल 121 किलो चंदन पेड़ एवं बूरा बरामद किया। बरामद माल की बाजार कीमत करीब 12 लाख रूपये से अधिक की बताई जा रही है। दबीश के दौरान मौके पर मिले कारवाडी निवासी मोहम्मद ओवश पुत्र दिलावर खां ने उक्त माल दिलाव व चाला अक्रम का होने की जानकारी दी है। पुलिस विधी से संघर्षरत एक बालअपचारी को डिटेन कर उससे पूछताछ कर रही है।

- इस मामले में विधी से संघर्षरत एक अपचारी को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है

# पूर्व सरपंच सहित तीन को हाईकोर्ट से मिली राहत

## हाईकोर्ट ने आपसी समझौते को लेकर स्टे याचिका रद्द की

**भीलवाड़ा, (सिं)।** जिले के कोटड़ी थाने में दर्ज पूर्व सरपंच सहित तीन जनों के खिलाफ एससी/एसटी मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ताओं द्वारा सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर याचिका को कोर्ट ने समझौता विलेख के आधार पर रद्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति को जातिगत अपमानित कर उसके पुश्तैनी भूखंड का कथिततौर पर फर्जी पट्टा जारी करवाने के आरोप में गत दिनों कोटड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किये गये कोटड़ी के पूर्व सरपंच जमनालाल डिडवानिया को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई थी। जानकारी के अनुसार धायलों का खेड़ा निवासी गोपाल पुत्र बंशी लाल की रिपोर्ट पर 30 मई को कोटड़ी पुलिस ने अनिल नायक पुत्र रामेश्वर लाल नायक और पूर्व सरपंच जमना लाल डिडवानिया कोटड़ी, सरपंच कान्ता डिडवानिया, सचिव बाबु लाल सुवालका और 10-12 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस पर कोटड़ी के पूर्व सरपंच जमनालाल डिडवानिया सहित तीन याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में अधिवक्ता जयपाल सिंह के जरिये की धारा 143, 341, 323 और 379 और धारा 3 (1) (आर) के तहत अपराध के लिए पुलिस स्टेशन कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा में दर्ज एफआईआर संख्या 138/2023 से उत्पन्न आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर की जिस पर सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में याचिका की अनुमति को लेकर एससी/एसटी अधिनियम के (1) (एस), 3(2)(वीए) और 3(1) (जी) को याचिकाकर्ताओं ओर प्रतिवादी में समझौता विलेख के आधार पर रद्द किये जाने के साथ ही स्टे याचिका को निस्तारित की गई। इस मामले में पूर्व सरपंच की गिरफ़्तारी के बाद भाजपा ने आंदोलन ही नहीं किया बल्कि पुलिस की कार्यवाही को राजनीतिक षड़यंत्र भी करार दिया था।

# सिंगापुर में खेलेगी झुंझुनूं की मिष्का चौधरी



**झुंझुनूं, (निस)।** जिले के खालासी गांव की बेटी मिष्का चौधरी सिंगापुर में होने वाले एशियन यूथ कप में भाग लेगी। हाल ही में इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्पीड क्लाइंबिंग प्रतियोगिता में मिष्का चौधरी ने अंडर-16 आयु वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

अंतर्राष्ट्रीय माउंटेनियरिंग फेडरेशन के द्वारा 8 जुलाई को सिंगापुर में आयोजित होने वाले एशियन यूथ कप में बेटी मिष्का चौधरी स्पीड क्लाइंबिंग प्रतियोगिता में भारत की तरफ से भाग लेगी। मिष्का चौधरी के नानाजी इंजीनियर फूलचंद चाहर ने बताया कि मिष्का चौधरी वर्तमान में बेंगलुरु में 9वीं कक्षा की छात्रा है। पिता प्रदीप कुमार बेंगलुरु में आईआईटी इंजीनियर तथा मां अर्चना चौधरी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। बेटी मिष्का चौधरी के कम उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन से उनके गांव खालासी तथा ननिहाल आबूसर में खुशी का माहौल है।

# जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## मृतक युवक का ससुराल भी मालपुरा में ही बताया गया है

**मालपुरा, (निसं)।** नगर पालिका शहरी क्षेत्र के बृजलाल नगर ग्राम पंचायत के हनुमानगढ़ फलोदी बालाजी के पास मंगलवार की सवेरे जंगल में पेड़ से लटका मिले युवक के शव से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी में सामने आया कि फलोदी बालाजी के पास स्थित नाड़ी के उपरी भाग में मंगलवार की सवेरे एक युवक का शव बबूल के पेड पर फांसी के फन्दे से लटका पाया गया। सूचना मिलने पर डीवाईएसपी सुशील मान, थानाधिकारी ब्रजेन्द्र सिंह, एमओयू टीम के साथ मौके पर पहुंच शव को पुलिस सुरक्षा में लिया। घटना स्थल से 100 मीटर की परिधी में पुलिस ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटा मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में शव को रखवाया।

थानाधिकारी ने बताया कि मृतक युवक की शिनाख्त सुरेश पुत्र सुखलाल रैगर निवासी देवगांव केकड़ी हाल निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मालपुरा के रूप में की गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक युवक सुरेश रैगर मालपुरा की एक निजी कॉलेज से आईटीआई कर रहा था।

मृतक युवक का ससुराल भी मालपुरा में ही बताया गया। परिजनों की ओर से किसी प्रकार का कोई अंदेशा नहीं जताने तथा कोई पुलिस प्राथमिकी नहीं देने पर मृग में मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की गई। युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने के कारणों का कोई खुलासा नहीं होने पर पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच में जुटी।



मालपुरा क्षेत्र में युवक का शव मिलने के बाद पुलिस ने जांच की।

# बीकानेर में तापमान 42 डिग्री पहुंचा

**बीकानेर, (निसं)।** क्षेत्र में मानसून की बारिश खत्म होने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को बीकानेर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अर्से बाद बीकानेर में दोपहर का पारा यहां तक पहुंच पाया है। पहले बिपरजॉय तूफान और बाद में मानसून की बारिश के कारण तापमान में खास बढ़ोतरी नहीं हो पाई थी, हालांकि बिपरजॉय तूफान से पहले पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार भी गया था।

दिन के साथ अब रात भी गर्म होने लगी है। बीते चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। अब न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से आगे बढ़ कर 30.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। पिछले दिनों तक ये भी 25 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। सामान्य तौर पर बीकानेर में जुलाई के पहले सप्ताह में इतना ही तापमान रहता है। मौसम विभाग ने फिलहाल बीकानेर में बारिश की कोई उम्मीद नहीं जताई है, ऐसे में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रह सकता है। आने वाले दिनों में दिन का पारा फिर से 45 के आंकड़े को छू सकता है।

स्कूल खुलने के साथ ही गर्मी बढ़ गई है, जबकि छुट्टियों के अंतिम दिनों में गर्मी नहीं थी। उम्मीद की जा रही थी कि स्कूल खुलते ही बारिश का दौर चलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# मां ने बेटी के प्रेमी का मर्डर किया

- युवती से मिलने आया था युवक
- पुरुष दोस्त के साथ मिलकर किया हमला

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के जंक्शन थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक महिला ने अपने पुरुष मित्र के साथ मिलकर बेटी के प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने युवक की डेड बॉडी को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। मृतक के पिता ने महिला और उसके पृरुष दोस्त पर हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। जंक्शन पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जंक्शन थानाधिकारी नरेश गेरा ने बताया कि जंक्शन पुलिस को देर रात नई हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मर्डर की सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना कर शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। वारदात की सूचना मिलने पर एएसपी जस्साराम बॉस ने भी मौके पर पहुंच कर वारदात स्थल का मौका मुआयना किया।

सीआई नरेश गेरा ने बताया कि मृतक युवक के पिता परसराम पुत्र पूर्णराम बावरी निवासी वार्ड 52 सुरेशिया ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि मेरे तीन लड़के हैं, जिनके नाम रमेश, मुकेश और सुनील है। मेरे लड़के मुकेश (22) की सुरेश बावरी निवासी सतीपुरा की पुत्री के साथ दोस्ती थी। 3 जुलाई को मेरा बेटा मुकेश युवती से मिलने के लिए नई हाउसिंग बोर्ड के सरकारी क्वार्टरों में गया था। परसराम ने पुलिस को बताया कि सुरेश की पत्नी माया के सुखराम पुत्र कालूराम बावरी निवासी 13 एसपीडी जाखडावाली के साथ अवैध संबंध है।

सुरेश की पत्नी माया और सुखराम बावरी मेरे बेटे मुकेश के युवती के साथ संबंधों का विरोध करते थे। इसी बात को लेकर 3 जुलाई को रात के वक्त माया और सुखराम ने योजना बनाकर मेरे बेटे मुकेश की धारधार हथियार से चोटें मारकर हत्या कर दी। परसराम ने बताया कि मुझे इस बात का सुबह पता चला तो मैं मौके पर नई हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गया, जहां मेरे बेटे की कमरे में लहूलुहान अवस्था में लाश पड़ी थी। जंक्शन पुलिस रिपोर्ट के आधार पर महिला और उसके पुरुष दोस्त पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

# आई.ए.एस. नीरज के. पवन पर तलवार से हमला करने का प्रयास

## अतिक्रमण तोड़ने गए दल पर पथराव, सर्वोदय बस्ती क्षेत्र में कब्जे तोड़ने पहुंचा था दस्ता

**बीकानेर, (निसं)।** सर्वोदय बस्ती क्षेत्र में अतिक्रमण तोड़ने पहुंचे संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन पर एक युवक ने तलवार से हमला करने का प्रयास किया। साथ ही वह बार-बार तलवार लहरा कर पुलिसकर्मियों को भी धमकाता रहा। इसके बावजूद भी अवैध कब्जे तोड़ने का अभियान नहीं थमा।

मंगलवार दोपहर में संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन के आदेश पर एक दस्ता सर्वोदय बस्ती पहुंचा। जब वहां अवैध कब्जे तोड़ने का सिलसिला शुरू हुआ तो स्थानीय लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर खुद संभागीय आयुक्त नीरज के पवन मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखने के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध को और तेज कर दिया। इसी दौरान एक बाड़े में खड़े युवक ने संभागीय आयुक्त के साथ चल रहे दल को ललकारा। उसके हाथ में नंगी तलवार थी। वह लगातार काफिले को देखकर अभद्र भाषा का प्रयोग करता रहा और तलवार दिखाकर धमकाता रहा। जिसके बाद वो तलवार लेकर उस तरफ दौड़ा जिस तरफ संभागीय आयुक्त जा रहे थे। वह बाड़े के दूसरे गेट की ओर भागा था जहां उसे लोगों ने रोक लिया।

मुक्ता प्रसाद नगर थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि विजय गहलोत नामक इस युवक को बाद में पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस दौरान पत्थरबाजी में कब्जे तोड़ने गए दल के सदस्यों को भी चोटें आई हैं। जेसीबी ड्राइवर और पुलिसकर्मियों को भी पत्थर लगे हैं। सर्वोदय बस्ती में करोड़ों रुपए की संपत्ति पर लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं। इन्हीं जमीनों को मुक्त कराने के लिए संभागीय आयुक्त पहुंचे थे। स्थानीय लोगों का दावा है कि उनके पास पट्टे हैं या फिर वो कई सालों से यहां रह रहे हैं। इस क्षेत्र में लोगों को बिजली पानी के कनेक्शन मिल चुके हैं, दशकों से यहां रह रहे हैं। संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने बीकानेर शहर बल्कि खाजूवाला, श्रीडूंगरगढ़ सहित कई कस्बों में भी अवैध अतिक्रमणों को धराशायी किया है। यहां रोड चौड़ी करने के लिए उन्होंने सरकारी जमीनों का भी कुछ हिस्सा लिया है। बीकानेर के वेटरनरी कॉलेज, मुख्य डाकघर की सरकारी जमीनों को भी उन्होंने सड़क में शामिल कर लिया। कई जगह लोग अपने पट्टे दिखाते रह गए लेकिन संभागीय आयुक्त ने कब्जे तोड़ दिए। पिछले दिनों मुरलीधर व्यास कॉलोनी से आगे करमीसर में भी कब्जा तोड़ने पहुंची नगर विकास न्यास की टीम पर लोगों ने हमला किया था। तब नगर विकास न्यास के वाहनों पर पत्थरबाजी कर तोड़-फोड़ की गई थी। वहां से न्यास की टीम सुरक्षित वापस आ गई लेकिन कब्जे भी नहीं हटाए जा सके।

संभागीय आयुक्त, नीरज के पवन का कहना है कि काफी देर तक वो युवक तलवार लेकर घूम रहा था, मेरी तरफ भी आया था। हमारे जेसीबी चालक और दल के अन्य सदस्यों पर पत्थरबाजी भी की गई। युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला दर्ज करवाया जा रहा है।

- पत्थरबाजी में कब्जे तोड़ने गए दल के सदस्यों को भी चोटें आई हैं
- युवक को बाद में पुलिस ने हिरासत में लिया

# 25 लाख की अवैध शराब सहित दो जने गिरफ्तार

## कन्टेनर से पंजाब निर्मित 380 कार्टून शराब जब्त किये

**सादुलपुर, (निस)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने मंगलवार शाम को नाकाबंदी के दौरान एक कन्टेनर में पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर के 380 कार्टून तस्करी कर पंजाब से गुजरात ले जाते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण अनुसंधान कर रहे सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ़ ने बताया कि जब्तसुदा अवैध शराब की अनुमानित लागत 25 लाख रूपये के लगभग है तथा प्रारंभिक पुछताछ में अवैध शराब पंजाब से गुजरात तस्करी के लिए ले जाया जाना सामने आया है।

प्रकरण अनुसार महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रैंज बीकानेर द्वारा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु दिये गये विशेष दिशा निर्देशों की तहत राजेश कुमार मीना आईपीएस पुलिस अधीक्षक चूरू के निर्देशन में अशोक कुमार बुटोलिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़, इस्लाम खां वृताधिकारी वृत राजगढ़ व सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ़ के निकटतम सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम चूरू की सूचना पर मंगलवार को थाने के प्रदीप कुमार सहायक उपनिरीक्षक ने मय पुलिस टीम के साथ एनएच 52 तारानगर पुलिया के पास बाईपास राजगढ़ पर नाकाबंदी के दौरान हिसार की ओर से आ रहे कन्टेनर की तलाशी ली।

जिस पर कन्टेनर में शराब तस्करी करते हुए चालक किशन आयवाले पुत्र देनू भाई आयवाले ठाकूर निवासी मोहल्ला रावलवास ग्राम छतराल पुलिस थाना कलोल जिला गांधीनगर गुजरात तथा परिचालक तानाजी मोहन कांबले पुत्र मोहन सीताराम काबलें निवासी अजनाले पुलिस थाना सागोंत जिला सोलापुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर कन्टेनर से पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब व बीयर को जब्त कर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है।



राजगढ़ थाना पुलिस ने शराब तस्करी मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया।

- शराब की तस्करी कर पंजाब से गुजरात ले जा रहे थे

# जयपुर में नाबालिग बच्ची का अपहरण कर धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश

## मानसरोवर पुलिस ने सवाई माधोपुर निवासी युवक सोहेल खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा

- घर लौटने पर पागलों जैसी हरकतें करने लगी बच्ची, खुद को हिन्दू के बजाय मुस्लिम बताने लगी
- राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी इस मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में अपहृत एक नाबालिग लड़की का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। घर वापस लौटने पर नाबालिग पागलों जैसी हरकत करने लगी और खुद को वह मुस्लिम बताने लगी। मानसरोवर थाने में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरी ओर राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी इस मामले में संज्ञान लेते हुए डीसीपी दक्षिण से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी एक व्यक्ति ने 1 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी 15 साल की बेटी को किडनैप कर धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश की जा रही है। शिकायत में बताया कि नाबालिग बेटी सवाई माधोपुर अपने मौसी के गई थी। वहां परिवार में शादी का कार्यक्रम था। इस दौरान बेटी की मुलाकात चौथ का बरवाड़ा सवाई माधोपुर निवासी सोहेल खान (22) से हुई। सवाई माधोपुर में रहने के दौरान 4-5 बार उसकी सोहेल से मुलाकात भी हुई। सप्ताहभर रहने के बाद 18 जून को मौसी की बेटी भी उसकी बेटी के साथ जयपुर आ गई। दो दिन बाद सहेली के बर्थ-डे में जाने की कहकर दोनों बहनें घर से चली गईं। उसके बाद बच्ची वापस घर नहीं लौटी। बाद में पता चला कि सोहेल खान बहला-फुसलाकर उसे भगा ले गया है। गत 24 जून को उनकी बेटी घर वापस लौट कर आ गई, लेकिन वह पागलों जैसी हरकत करने लगी। खुद का नाम इस्मायरा खान बताने लगी। वह हिंदू होने की बात से इनकार कर खुद को मुस्लिम बता रही है। आरोप है कि सोहेल खान धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश कर रहा है। उधर मानसरोवर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एफ.आई.आर. दर्ज कर पीड़िता के बयान दर्ज कर पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया। पुलिस ने सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में दबिश देकर सोहेल को अरेस्ट किया और उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी मानसरोवर क्षेत्र की नाबालिग बच्ची का धर्म परिवर्तन करवाने के मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रसंज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्षा संगीता बेनीवाल ने पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण से इस पूरे मामले की जानकारी और तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। बेनीवाल ने कहा कि नाबालिग बच्ची का अपहरण करने और उसके बाद धर्म परिवर्तन करवाने जैसी घटना से परिजनों में दहशत का माहौल है। प्रकरण में मानसरोवर थाने में एफ.आई.आर. दर्ज हो चुकी है। आयोग को तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगामी कार्रवाई की जायेगी।

# पिक्चर हॉल में पति को छोड़कर भागी दुल्हन

## फिल्म के ब्रेक में पानी लेने गया था युवक

- पति ने पिक्चर हॉल और आसपास तलाश करने के बाद आदर्श नगर थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई
- उधर विवाहिता शाहपुरा स्थित अपने पीहर पहुंची, शाम को खुद ही शाहपुरा थाने जाकर पुलिस को कहा कि, वह इस शादी से खुश नहीं है।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के पिक्चर हॉल में पति को छोड़कर एक दुल्हन फरार हो गई। नई नवेली दुल्हन को पति शादी के बाद की पहली मूवी दिखाने लाया था। फिल्म ब्रेक के दौरान पानी बोतल लेने जाने पर पत्नी पीछे से फरार हो गई। वापस लौटने पर सीट पर नहीं दिखने पर इधर-उधर तलाशने पर गायब मिली। आदर्श नगर थाने में पीड़ित दूल्हे ने पत्नी के लापता होने का मामला दर्ज करवाया। शाहपुरा थाने पहुंची दुल्हन ने शादी से खुश नहीं होने के कारण पति को छोड़कर आना बताया है।

पुलिस ने बताया कि रींगस सीकर निवासी 33 वर्षीय युवक ने आदर्श नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। शिकायत में बताया कि 25 जून को उसकी शादी शाहपुरा निवासी 33 साल की युवती से हुई थी। शादी के 7 दिन बाद पत्नी को जयपुर घूमाने के लिए सोमवार सुबह घर से निकला था। जयपुर के आदर्श नगर स्थित पिंक स्क्वायर मॉल में दोपहर का मूवी शो देखने गए थे। दोपहर 12 से 3 बजे लगी फिल्म पिक्चर हॉल में दोनों साथ देख रहे थे। दोपहर 1:30 बजे फिल्म ब्रेक के समय पानी बोतल लेने हॉल से बाहर आ गया। तभी, पीछे से नई नवेली दुल्हन पिक्चर हॉल में पति को छोड़कर भाग गई। कुछ देर बाद पानी की बोतल लेकर पहुंचने पर सीट से पत्नी गायब मिली। पिक्चर हॉल में इधर-उधर तलाशने के साथ मॉल में जगह-जगह पत्नी को ढूंढने लगा। मॉल से बाहर निकलकर नई नवेली दुल्हन का हुलिया बताकर लोगों से पूछा। पूछताछ में पता चला कि मॉल के बाहर खड़े एक टेम्पो में बैठकर वह ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड गई है। बस स्टैंड पहुंचकर जानकारी करने पर लोक परिवहन बस में बैठकर दिल्ली की ओर जाने का पता चला। पत्नी के लापता होने पर आदर्श नगर थाने जाकर पीड़ित पति ने गुमशुदगी दर्ज करवाई। उधर पीड़ित पति की शिकायत पर नई नवेली दुल्हन की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई। पुलिस ने हुलिए के आधार पर तलाश शुरू की। शाहपुरा थाना पुलिस से रात को दुल्हन के मिलने की जानकारी मिली। लापता दुल्हन पिक्चर हॉल में मौका मिलने पर पति को छोड़कर चली गई। बस में बैठकर वह शाम को शाहपुरा स्थित अपने पीहर पहुंच गई। पीहर पहुंचने के बाद खुद ही शाहपुरा थाने जाकर पुलिस को बताया। इस प्रकार जाने के बारे में पूछने पर दुल्हन ने बताया कि वह इस शादी से खुश नहीं है।

# भगवान भोलेनाथ के अभिषेक के लिए मंदिरों में उमड़े हजारों श्रद्धालु

## त्रिपुष्कर योग में शुरू हुआ सावन माह, शिवालयों में गूंजा 'हर-हर महादेव'



सावन माह शुरू होने के बाद मंगलवार को वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी। फोटो-राष्ट्रदूत

- अधिक मास होने के कारण इस बार 59 दिन तक चलेगा रुद्राभिषेक, जलाभिषेक और पूजन का दौर
- गलताजी, पुष्कर, हरिद्वार, लोहार्गल और अन्य स्थानों से जल लेकर शिवालयों में अभिषेक करेंगे कावड़िए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । आदिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ की आराधना का प्रिय माह सावन मंगलवार को त्रिपुष्कर योग के साथ शुरू हो गया है। छोटीकाशी के शिवालय 'हर-हर-महादेव' के जयकारों से गूंजायमान हो उठे हैं। बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक एवं दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की कतारें सुबह से ही लग गई। श्रद्धालुओं ने "ओम नमः शिवाय" मंत्र के साथ जल और दूध से भगवान आशुतोष का अभिषेक कर बिल्व पत्र अर्पित किए। शाम को शिव मंदिरों में आकर्षक झांकी सजाई गई। शिवालयों में भोले बाबा का अलग-अलग तरह से श्रृंगार किया गया।

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर, वैशालीनगर के झारखंड महादेव, बनीपार्क के जंगलेश्वर महादेव, झोटवाड़ा रोड के चमत्कारेश्वर महादेव, छोटी चौपड़ के रोजगारेश्वर, रामगंज के ओंडा महादेव, कूकस के द्वादश ज्योतिर्लिंगेश्वर सहित अन्य शिव मंदिरों में शिव भक्तों ने दिनभर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। गलता गेट स्थित गीता गायत्री द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवालय में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में शिव भक्तों ने दूध मिले जल से शिवजी का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

उल्लेखनीय है कि इस बार अधिक मास होने 59 दिन रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, पूजन का दौर चलेगा। कावड़िए गलताजी, पुष्कर, हरिद्वार, लोहार्गल और अन्य स्थानों से जल लेकर शिवालयों में अभिषेक करेंगे।

उधर, गलताजी से कावड़ यात्राएं भी शुरू हो गई है। कावड़िए ब्रह्म मुहूर्त में कावड़ लेकर रवाना हुए। कावड़ का सिलसला पूरे सावन माह चलेगा। इस बार सावन अधिक मास होने के कारण श्रद्धालु 59 दिन भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सकेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित महेन्द्र जोशी ने बताया कि वैदिक पंचांग की गणना सौर और चंद्र मास के आधार पर होती है। चंद्र मास 354 और सौर मास 365 दिन का होता है। तीसरे साल यह अंतर 33 दिन का हो जाता है। इसे ही अधिक मास कहा जाता है। इसलिए इस बार सावन दो महीने का होगा। आगामी 10 जुलाई को प्रथम सोमवार पर शिवालयों में विधि-विधान से रूद्राभिषेक, पूजन-अर्चन व श्रृंगार होगा। इसके बाद 17, 24, 31 जुलाई को सोमवार रहगा। अगस्त माह में 7, 14, 21, 28 तारीख को सोमवार रहेगा।

## 'शीर्ष तीन स्कूलों को 4 लाख रु. का अनुदान व सम्मान'

**जयपुर**, (का.सं.)। इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) भारत भर के सरकारी और निजी स्कूलों के लिए अपनी वार्षिक प्रतियोगिता ग्रीन योर स्कूल प्रोग्राम का आयोजन कर रही है, जिसमें वे अपने मौजूदा स्कूल भवन को हरित भवन में बदलने के लिए विचार पेश कर रहे हैं।

इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल-जयपुर के अध्यक्ष आनंद मिश्रा ने साझा किया कि इस पहल के माध्यम से स्कूलों को विचार-मंथन करने और टिकाऊ विचारों के साथ आने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो मौजूदा स्कूल को पर्यावरण-अनुकूल ग्रीन स्कूल के रूप में सुधार और परिवर्तित कर सके और जो कार्बन पदचि को कम करने में मददगार हो।

प्रत्येक स्कूल से एक शिक्षक और तीन छात्र मिलकर स्कूल में कार्यान्वयन के लिए विचार विकसित करते हैं। स्कूली छात्रों को 7 सस्टेनेबिलिटी आ डियाज् और 3 स्वास्थ्य और स्वच्छता के विचार देने होंगे जिन्हें उनके स्कूलों में लागू किया जा सकता है। यूनाइटेड वे दिल्ली, कैरियर, आईजीबीसी और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की जूरी सदस्य देश भर के स्कूलों से प्राप्त प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करेंगे और जूरी चयन के आधार पर शीर्ष आठ फाइनलिस्ट का चयन किया जाएगा। सस्टेनेबिलिटी पर सबसे नवीन विचारों वाले शीर्ष-3 स्कूलों को प्रत्येक वर्ष कार्यान्वयन के लिए अनुदान से सम्मानित कर उन्हें ग्रीन स्कूल के रूप में प्रमाणित किया जाता है। आनंद मिश्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शीर्ष तीन स्कूलों को कार्यान्वयन के लिए ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और प्रत्येक को 4 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा।

# झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के निर्माण में बाधा बनी मकान-दुकानें ध्वस्त



विधानसभा चुनावों से पहले झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी इन दिनों पुरजोर जुटे हुए है। मंगलवार को इस पुलिया के निर्माण में बाधा बन रही 8 दुकान, पांच मकान, सीढ़ियों व अन्य स्ट्रक्चर को जेसीबी से ध्वस्त किया।

## प्रदेश से बाहर अंग प्रत्यारोपण पर मिलेगा पुनर्भरण

**जयपुर** । मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदेश के बाहर किसी भी अस्पताल में निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण कराया जा सकेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में गाइडलाइन को स्वीकृति दी है। गाइडलाइन के अनुसार, प्रदेश के बाहर अंग प्रत्यारोपण-कॉकलियर इम्प्लांट के लिए पुर्नभरण होगा। अंग प्रत्यारोपण की अनुशंसा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के स्तर पर ट्रांसप्लांट इवेल्यूएशन कमेटी करेगी। अनुशंसा जारी किए जाने के बाद अंग प्रत्यारोपण के पैकेज का लाभ मरीज को प्रदेश के बाहर मिल सकेगा। इसमें मरीज व एक सहायक को राज्य से बाहर आने-जाने के लिए एक लाख रुपये की हवाई यात्रा व्यय पुनर्भरण होगा।

# मुरलीपुरा में गूंजी हनुमान चालीसा की चौपाइयां



मुरलीपुरा के विकास नगर में मंगलवार शाम को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में हजारों की तादाद में श्रद्धालु उमड़े। फोटो-राष्ट्रदूत

**जयपुर** । सनातन धर्मावंलबियों को एकजुट करने का माध्यम बने हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के आयोजनों की श्रृंखला में मंगलवार शाम को मुरलीपुरा के विकासनगर स्थित गौरव बाल विद्या मंदिर के पास सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने राम दरबार के समक्ष हनुमान चालीसा की चौपाइयां पढ़ी तो वातावरण में जोश और उमंग की हिलोर पैदा हो गई। प्रारंभ में राम दरबार का भक्तिभाव से पूजन किया गया। इसके बाद राम नाम का कीर्तन किया गया। इस बीच जय श्री राम के जयकारे लगते रहे। राम नाम कीर्तन के साथ भजनों की प्रस्तुतियां भी हुईं। इसके बाद संतों-महंतों के सान्निध्य में हनुमान चालीसा पाठ का श्री गणेश हुआ। पाठ के बाद पांच सौ दीपकों से महाआरती की गई।

आयोजन से जुड़े राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर ग़ायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनोज पारीक, गोपाल पारीक के अलावा हाकिम सिंह, देवेंद्र शर्मा, छाजू चौधरी, विक्रम सिंह, सुरेंद्र शेखावत, विनोद शर्मा, गोपाल पारीक, प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, विनोद पारीक, ताराचंद अग्रवाल, मोतीलाल सैनी मौजूद थे।

## प्रदेश में कोरोना का कोई भी मरीज नहीं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में मंगलवार को भी किसी जिले में कोई नया करोना संक्रमित नहीं मिला है। वहीं आज एक संक्रमित के रिकवर होने से राज्य में अब न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस बचा है। इसके साथ ही राजस्थान करोना मुक्त हो चुका है। उधर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9736 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## घर के बाहर से बाइक चोरी

**जयपुर** (कासं)। शिप्रापथ इलाके में सोमवार देर रात दो बदमाश रैकी के बाद घर के बाहर खड़ी बाइक को महज 7 सैकेंड में चुराकर ले गए। बदमाश मास्टर चाबी से लॉक तोड़कर बाइक स्टार्ट कर फरार हो गए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। शिप्रापथ थाने में पीड़ित ने चोरी की शिकायत दी है। पुलिस फुटेज के आधार पर बाइक चोरों की तलाश कर रही है।

बाइक चोरी की यह वारदात शिप्रापथ थाने के पीछे हुई। बाढ़ देवरी गार्डन के पास रहने वाले विकास ने सोमवार रात करीब 11:30 बजे अपनी अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात कॉलोनी में बदमाश आए और रैकी करने के बाद बाइक चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मंगलवार सुबह देखा तो बाइक नहीं थी, उसने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर शिप्रापथ थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। बाइक मालिक विकास ने बताया कि घर के बाहर लगे फुटेज को खंगाला गया तो उसमें बाइक चुराते दो बदमाश नजर आए। रात करीब 2:26 पर दोनों बदमाश कॉलोनी में बाइक चोरी के लिए रैकी करते हुए भी दिखाई दिए।

## सार-समाचार

### 8 बदमाशों पर 50-50 हजार का इनाम

**जयपुर** (कासं)। पुलिस मुख्यालय द्वारा फरार चल रहे 8 वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए 50-50 हजार रुपये इनाम की राशि घोषित की गई है। इससे पहले इन पर मामले में 25-25 हजार रुपये की इनाम राशि घोषित की गई थी। इस संबंध में एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने मंगलवार को आदेश जारी किए है। एडीजी एमएन ने बताया कि थाना उद्योग नगर जिला सीकर में गत वर्ष 3 दिसम्बर को दर्ज राजू ठेहठ हत्याकाण्ड में शामिल अभियुक्त अमरजीत सिंह विश्नोई व सरजीत विश्नोई निवासी रीको औद्योगिक क्षेत्र थाना बिछवाल जिला बीकानेर, ईश्वर कुमावत निवासी थाना रानोली जिला सीकर, चरणजीत सिंह उर्फ चिन्नू निवासी थाना जसवंतगढ़ जिला नागौर, सुभाष मुंड उर्फ सुभाष बराला निवासी रानोली जिला सीकर, राजकुमार प्रजापति निवासी थाना सदर भिवानी हरियाणा, नवीन उर्फ बॉक्सर निवासी थाना सदर भिवानी हरियाणा और सुभाष बानूड़ा निवासी थाना जीण माता जिला सीकर घटना के बाद से ही फरार चल रहे है।

### कारतूस देने आया बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपित के पास से 4 कारतूस जब्त किए गए हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी एएसआई कृष्णपाल ने बताया कि आरोपित आशीष कुमार (24) गांव हिंगवाहेड़ा तिजारा जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित पंचवटी सर्किल पर किसी परिचित को कारतूसों की डिलीवरी देने आया था। जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 4 कारतूस जब्त किए गए हैं।

### जैन मंदिर से दानपात्र चोरी

**जयपुर** । प्रताप नगर थाना इलाके स्थित जैन मंदिर में रखे दानपात्र चोरी कर ले गए। वारदात के समय दान पात्र में लाखों रुपये की नकदी होना बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-17 स्थित जैन मंदिर में चोर 3 जुलाई की अल सुबह घुसे और दानपात्र चुरा ले गए। चोरी की वारदात मंदिर में लगे कैमरों में कैद हुई है। जिसमें पांच लोगों ने पहले एक बच्चे को अंदर भेजा। इसके बाद मंदिर की अंदर की कुंडी खुलवा कर सभी चोर घुस गए। दानपात्र में करीब दो लाख रुपए की नकदी थी।

### झांसा देकर 11.13 लाख रुपए ठगे

**जयपुर** । लालकोठी थाना इलाके में बिटकॉइन में ट्रेडिंग कर लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर एक महिला से 11 लाख 13 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि नाना जी का बाग़ लालकोठी निवासी जोया अली ने मामला दर्ज करवाया है कि जालसाज ने लक्ष्मी बन कर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज किया। इस पर परिवादिया ने पूरा मामला समझा तो उसे बताया गया कि बिटकॉइन में ट्रेडिंग कर लाखों रूपए कमाए जा सकते हैं। महिला जालसाज के झांसे में आ गई और अपने दस्तावेज भेज दिए। इसके बाद जालसाज ने विभिन्न चार्जेज के नाम पर 11 लाख 13 हजार रूपए ऑनलाइन हड़प लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एस.एम.एस. अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के सभी उपकरणों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव

- एस.एम.एस. अस्पताल के नेत्र विभाग में ऑपरेशन के बाद 17 मरीजों में स्यूडोमोनास संक्रमण फैलने का मामला
- हॉस्पिटल प्रशासन ने पूरे ओटी को फ्यूमिगेट करवाकर दोबारा जांच के लिए सैंपल भिजवाएं।
- चिकित्सा मंत्री व अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्यूडोमोनास इंफेक्शन पीड़ित मरीजों से मुलाकात की। ए.सी.एस. ने वेटिंग बढ़ने पर जल्द ऑपरेशन की जरूरत वाले मरीजों को जयपुरिया, कांवटिया या अन्य हॉस्पिटल में रैफर करने की बात कही।

**जयपुर** (कासं)। राज्य के सबसे बडे अस्पताल सवाई मानसिंह चिकित्सालय के चरक भवन स्थित नेत्र रोग विभाग में पिछले दिनों हुए आंखों के ऑपरेशन के बाद फैले स्यूडोमोनास संक्रमण के कारण 15 मरीजों का कार्निया कार्निया सफेद पड गया है। अब इन मरीजों की 6 से 7 दिन बाद केराटोप्लास्टी की जाएगी। वहीं नेत्र विभाग में बंद पड़े ऑपरेशन थिएटर (ओटी) के सभी उपकरणों की जांच नेगेटिव आई है। हालांकि हॉस्पिटल प्रशासन ने पूरे ओटी को फ्यूमिगेट करवाकर उसके दोबारा जांच के लिए सैंपल भिजवाए है।

इधर, चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने मंगलवार शाम को चरक भवन का दौरा कर मरीजों से मुलाकात की और चिकित्सकों को इलाज के लिए निर्देशित किया। वहीं आज सुबह चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनके स्थिति के बारे में डॉक्टरों से रिपोर्ट ली। उन्होंने जल्द ही ओटी चालू कर वेटिंग वाले मरीजों के ऑपरेशन शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि 71 लोगों के ऑपरेशन के बाद 17 मरीजों को दिक्कत आई थी और उनकी जांच में संक्रमण पाया गया है। इसमें से 15 मरीजों का कार्निया भी सफेद हो गया है। ऐसे में उन्हें दवाएं दी जा रही है। आवश्यक होने पर 6 से 7 दिन बाद उनकी केराटोप्लास्टी की जाएगी।

एसीएस ने एक-एक मरीज की रिपोर्ट के बारे में डॉक्टरों से पूछा। उन्होंने मरीजों की बढ़ती वेटिंग को लेकर चिंता जताई और हॉस्पिटल प्रशासन को जल्द से जल्द ओटी शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन मरीजों को ऑपरेशन की ज्यादा जरूरत है उनको दूसरे हॉस्पिटल जयपुरिया, कांवटिया या अन्य हॉस्पिटल जहां ऑपिरेशन की सुविधा है वहां रैफर करने की भी बात कही। एसएमएस हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि ओटी से सभी सैम्पल को एक बार फिर जांच के लिए भेजा है। इसके साथ ही हमने उन सभी मरीजों की दवाईयां व आई ड्रॉप भी वापस मंगवाए है, जिनको ऑपरेशन के बाद मरीजों को आंखों में डालने के लिए दिए थे, ताकि उनकी जांच करवाई जा सके।



### Ancient Pregnancy Test

Pregnancy tests date back to 1350 B.C.E. According to a document written on ancient papyrus, Egyptian women urinated on wheat and barley seeds to determine if they were pregnant or not, reports the Office of History in the National Institutes of Health. If wheat grew, it predicted a female baby. If barley grew, it predicted a male baby. The woman was not pregnant if nothing grew. Experimenting with this seed theory in 1963 proved it was accurate 70 percent of the time.



#RESTRO-REVIEW

# Delectable Doorbeen

Over the years Doorbeen continued to serve good vegetarian fare to all those given to making healthier choices for a happier life.





Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*

Did you know that there is a rooftop restaurant on Tonk Road with an aerial view of Jaipur-Jaigarh and Nahargarh forts atop the Aravallis. Add to this the Garh Ganesh temple and Moti Doongri on the other side with the nine grid pattern that the walled city had been laid out in the centre. The restaurantier a nature conservationist even had a humongous size telescope installed for the benefit of its walk-ins. Hence the name Dorbeen.





Sadly though as the city turned into a concrete zoo gone was the 360 degree view of the walled city but the architectural sentinels on the Aravallis from the roof top restaurant still regale the customers. Over the years Doorbeen continued to serve good vegetarian fare to all those given to making healthier choices for a happier life.

The mocktails made with feelings and no sinful spirit are a wide range derived mainly from fruits and the greens. The watermelon & berry punch and the cucumber cooler needs to be checked out.

The starters are tasty. A tantalising mix of Italian, Continental, Mexican, Thai and Indian. All dishes are as appetizing as their painstaking presentation. Cheese fondue platter, Somtam salad Barbaresca pasta, Garden fresh pizza are great for a chilled out evening with buddies especially when you do not want to get into the roti-subzi mode.

The crusty beetroot cutlets and the bite size hot piping samosas named "Prem Prakash" samosa after the signature samosas of the cinema hall that sometimes enthralled cinemagoers more than the movie they had paid to watch. At Doorbeen they "are something to gorge on." The main course includes all of the above and Mughlai - dal Bukhara, Italian malai kofta and paneer methi dishes enough to give you a well fed well satisfied feeling.

Known for ingenuity Doorbeen scaled up its operations to cater to city events that are big on outside. Catering- You name it - weddings, birthdays kittie ,bachelorette bashes, farewells, anniversaries - they do it all.

The eight floor restaurant recently refurbished interiors to create peaceful ambience without the loud deafening music that is such a kill joy for at least the millennials and above. Thankfully it is not



one of those restaurant-lounges where the music is so loud that forget conversations one cannot even follow once thoughts.

So next time round You are looking to chill out with friends or family and dine in interiors that wear the colour of a calm spirit, where you do not have to text each other to have a conversation and whet your appetite to your hearts content ,Dorbeen should be your go to destination.





#TIGER DEKHA

# The Promise Fulfilled

After meals we again embarked on the forest trip in his open jeep, equipped with a powerful hand held search light with Badri. Shortly thereafter we reached Kalighati and what we witnessed never fades from my memory. It was a huge tigress and her four cubs, all with their faces smeared in blood. It was a unique, unforgettable and cherishable sighting of the majestic animals lapping up blood and muscles on Kill, enjoying a late-night dinner at 11.20 PM at dead of night.



Tigress with cubs.



IC Srivastava
*IAS (Retd) and former Barmer District Magistrate (1970-72)*

Having visited Sarika in 1980, 1982 the year 1983 was the third year of our regular exploring of the habitat of tiger Sariska, the world-famous sanctuary in Alwar district. As I needed a quiet place to write Administrative Report of Census 1981 for Rajasthan, I thought Sariska was the best place for this purpose.

My wife, a botanist was quite enthusiastic about exploring the wilderness of Sariska jungles, the only pure forest in 700 km long Aravalli hill system, one of the two oldest hills world over. It is this Aravalli which bears the proud seat of the President of India, on its one edge, more popularly known as Raisina hill. Motivated by her, I planned the Sariska visit.

Agreeing to my proposal, Archana insisted on camping at the Forest Department's dak bungalow at Sariska. Accordingly, a day in the middle of May we started on our trip with teen aged children Snigda and Palash, equally excited about exploring the Aravalli jungles.

### Absorbing Moments of the Jungle

Reaching Sariska, to our delight, we were greeted by Mr. K L Saini, a highly knowledgeable forest officer. Still memories of my first meeting as Collector Bharatpur with him in 1977 at Keoladeo National Park, Bharatpur, then only a sanctuary, were fresh in mind. He was the Wildlife Warden there and now for his dedication to service and the great cause of nature conservation, he had been posted here on promotion as Field Director. It was like meeting an old trusted friend who knew every bit of this jungle and the wildlife inhabiting this jewel of Aravalli. With this officer the best thing is that he loved to talk about, jungle, and relate tales to educate the enthusiasts about the wild creatures, their habits, social behaviours and habitat.

In the evening, I found everybody ready to explore this reserve. Shortly Saini ji also arrived in an open jeep being driven by a well built and big moustached driver named Badri who was from a village located on the border of the Sariska forests. Being very well versed with every nook and corner of this vast jungle he was an added assistance to us, a learned jungle guide.

The Field Director Saini himself was quite good at driving on the earthen narrow, serpentine roads cutting through rugged undulating hills and valleys. For our trip he took the steering wheel to facilitate easy conversation as and when needed.

Thus educating us on animal science the director shared that Sariska possesses a pretty high number of major herbivores like chital, sambar, bluebull, wildboar, langoor etc, which can support mentionable number of carnivores including tiger, leopard. Within few minutes we were at Karna Ka Bas, a huge grass land where a sound of wildboar busy tilling the hard ground in search of desirable grass roots which were scarce in this hot season of the year. For large cats, who would be following these animals, an earthen anicut with necessary width and length had been erected there to provide sizeable water body. Badri caught a distant 'kha-ko-kha-ko-kha' call emitted by some langoor sentinel. Saini immediately turned the jeep towards that call and Badri cupping his right ear with a hand was using it as antenna to catch the call, suspecting presence of some large cat in the area against who the languor was alerting its troop.



Blooming Palash Braves harsh summer.

A few minutes later we were close to the Tarunda waterhole. Away from the arterial road connecting Sariska to Tehla township via Kalighati, this place Tarunda is really in the heart of Sariska reserve. A watch tower was also built here to facilitate animal watching by tourists and researchers as well as patrol parties of the reserve. It was almost evening of this season, the waterhole was expected to be full of animals but to our surprise there were very few animals and that too mostly peacocks.

After a space of few minutes we heard a sharp piercing short call of spotted deer and then shortly it emitted a panic call which it repeated a number of times. It might have seen tiger but the experienced Director said cheetal (spotted deer) is a timid animal and may get frightened even at presence of a jackal like scavenger. The langoor call had also subsided putting a halt to the ongoing adventure and excitement at least for the time being. Animals had started returning to the waterhole changing the atmosphere altogether within minutes. Such were the absorbing moments of the jungle which had engrossed us totally into nature's spellbinding magic.

### Myriad Wild Creatures

Badri with special knack of reading animal tracks, calls and other signs suggested that we move ahead towards the famous Kalighati jungle as this time of the hour there were good chances of meeting some large cats. Taking him on his words we drove ahead. Close to Brahmnath waterhole, hardly 2 kms from Tarunda, again our attention was drawn by a piercing call of a chital, followed by its copious alarm calls. Saini had stopped the jeep and instantly our eyes started screening the foothill stretched for few kilometers on our right side till it terminates at Kalighati valley, in search of the large cat. And then suddenly Badri virtually hanging by the rear gate, whispered, 'Panther hokum' in his typical style, pointing his finger towards a clump of adushta (Adhatoda vasica) shrubs. Though sun light had faded partially yet we could scan the desired area but the camouflaged spotted animal had concealed itself so cleverly that it could not be located by any of us but for the sharp eyed Badri.



Tiger enjoying Siesta During summer.

> At Brahmnath we saw myriad wild creatures on the water hole. Here we saw a herd of more than 100 sambar, unbelievable. But no carnivore seemed nearby and so no alarm calls except few typical shrill calls from a loner chital from the further north of the valley. Discarding it Saini said it did not denote presence of any large carnivore.

I was trying to quiet the impatient children especially Palash who had become more noisy in excitement of searching out the cat and then Badri spoke again, in a bit high pitch this time ---'Wo raha hokum'. Now the leopard was in open grassland, providing unobstructed view to all. A sambar male all alone decked in rugged pelage was feeding nonchalantly on a shrub at short distance from the cat. Perhaps the sub adult leopard over estimated its power to take on a sambar male which showed no respect for the cat. Frustrated cat also a bit disturbed by us, the intruders, finally decided to give up on the unruly sambar and took a right turn towards the hill to try his luck on some weaker prey. Our eyes kept following the cat till it finally vanished in the darkness of the jungle.

At Brahmnath we saw myriad wild creatures on the water hole. Here we saw a herd of more than 100 sambar, unbelievable. But no carnivore seemed nearby and so no alarm calls except few typical shrill calls from a loner chital from the further north of the valley. Discarding it Saini said it did not denote presence of any large carnivore, may be animal witnessed some small cat.

### A Late-Night Dinner

On second day we visited several other parts of this luxuriant jungle which had turned brown-khaki in this season but for some evergreen shrubs, not a good season from food availability point of view for the herbivores. But this was the best time from tourists' point of view as large congregations might be easily seen these days, close to water holes in the main Sariska-Kalighati valley. We also visited the Kankwadi fort, located in the heart of the reserve and believed to have been built by the Mughal emperor Auranzeb to keep his rival brother Dara Shikoh imprisoned here.

Afterwards having made a mandatory trip to Pandu Pole, on way back to Sariska we were blessed with sighting of a huge tiger lying alert on a culvert parapet wall below the Observation Point.

The excitement and exclaiming aloud 'tiger dekha' by children prompted the tiger to move ahead and jump into water in the dusk and move off in the forest night.

However, our appetite for sighting tiger was whetted all the more by the glimpse of this vanishing tiger.

On the third day, my wife Archana sarcastically complained that the Field Director gave us several thrilling stories but just a single sighting that too of a fleeing tiger. Shall we go back tomorrow without seeing tiger properly"? Luck would have that Mr Saini had good news of a kill by tigress that evening and he confidently assured us of showing us a tigress with cubs

> It was a huge tigress and her four cubs, all with their faces smeared in blood. It was a unique & unforgettable sighting of the majestic animals lapping up blood and muscles on Kill

-replica of the painted tigress with four cubs on the kill on the painting hanging on the wall of Forest Dak Bungalow where we were staying.

After meals we again embarked on the forest trip in his open jeep, equipped with a powerful hand held search light with Badri. Shortly thereafter we reached Kalighati and what we witnessed never fades from my memory. It was a huge tigress and her four cubs, all with their faces smeared in blood. It was a unique, unforgettable and cherishable sighting of the majestic animals lapping up blood and muscles on Kill, enjoying a late-night dinner at 11.20 PM at dead of night.

Thus Mr Saini fulfilled his promise leaving an unforgettable imprint on our memory for ever.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Siliberi Nullah- lifeline for wildlife here.



Langoor sentinel on job.



Sambar in rough pelage and molted antlers.

#AVIATION

# Triple Decker Plane: The Present & The Future

Currently, the largest normal commercial aircraft are considered double-decker aircraft.



Aviation history has given us the opportunity to see marvellous pieces of engineering. From the very beginning, daring minds have worked on designing and engineering machines that could make the human dream of flying a reality.

A good example of this could be a triple-decker plane, and we will share details of the triple-decker design within this guide. So, if you want to learn more, keep reading to find out.

What is a triple-deck aircraft?

Technically speaking, a triple-deck aircraft is one that is divided into three levels called decks, with each deck prepared for a specific purpose.

Currently, the largest normal commercial aircraft are considered double-decker aircraft. However, they are actually designed with three decks. The top and middle deck are used to accommodate the passengers, and the bottom cargo deck to carry luggage and any other form of cargo. Good examples of this type of design are the Airbus A380 and the Boeing 747.

Now, new aircraft could modify those cargo decks to accommodate as many passengers as possible, with some calculations resulting in the possibility of carrying over a thousand passengers, and this is the type of plane many people imagine when they talk about a triple-decker plane.



### Is there a triple-decker plane?

As we have already mentioned, technically speaking, the Airbus A380 and the Boeing 747 are triple-decked aircraft when including the cargo decks. Now, if we are speaking about the new aircraft reducing cargo capacity to probably accommodate economy class passengers in the third deck, the answer is no. At least not yet.

The triple-decker plane is a popular myth within the aviation industry. The idea of a passenger model with three levels has been proposed multiple times over the years, but no such aircraft has ever been built.

The need for passenger planes with three levels has never been demonstrated, and the potential drawbacks of such a design, including high costs and increased difficulty of evacuation in case of emergency, make it unlikely that we will ever see a triple-decker plane in the skies.

Another reason that has made it difficult for a commercial plane to be designed as a triple-decked aircraft is the importance of cargo space. A true three-decker aircraft will reduce the possibility of carrying as much cargo as airlines can carry in their double-decker planes.

Double-decker planes are designed to hold as much cargo as possible in their belly holds. This is important because it allows for more efficient use of space and weight, which ultimately results in more payload and the possibility to reach peak fuel efficiency.

Additionally, the double-decker configuration allows for more aerodynamic efficiency since the airflow around the aircraft is less disrupted. This results in less drag, which again translates into better fuel economy.

Ultimately, the double-deck configuration is advantageous for both airlines and passengers alike because it provides greater capacity and increased efficiency. This way, airlines can provide a smoother ride for passengers, thanks to the additional space between the decks.

### Final Remarks

It is hard to predict what the future will bring. Such a beast like the Sky Whale will need so much fuel to move with the engine's current technology that no airline CEO would allow its operation. However, the Sky Whale is designed to run on hybrid engines, so time will tell if technological developments will allow us to see one of these giants across the airspace in the near future.

### A fourth cargo deck

Both Boeing and Airbus considered the production of aircraft larger than the existing ones, but they faced the challenge of selling them in a difficult environment where airlines naturally look to decrease their costs when demand gets hit as happened during the recent pandemic.

However, the concept of a fourth deck in a passenger aircraft already exists, but not as a whole new level inside the aircraft. Instead, it is more like a fourth cargo area to increase how much payload the aircraft can carry.

The fourth cargo area in large passenger aircraft is becoming more prevalent as air traffic increases and airlines look for ways to improve structural efficiency. These areas are usually located in the aft section of the aircraft, providing additional space for large or awkwardly shaped items that do not fit in the main cargo hold.

Also, the amount of payload that can be carried on a fourth area varies depending on the size of the aircraft, but it is typically around 10,000 pounds. While this may not seem like a lot, it can make a significant difference when transporting large items such as furniture or heavy machinery.

Moreover, the fourth cargo deck can also be used to store extra baggage, reducing the need for checked baggage fees. As air travel becomes increasingly accessible, the fourth deck will likely become more commonplace, providing an essential service for both passengers and airlines alike.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जयपुर ग्रामीण सांसद ने पालिका की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई

## सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए




जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में जायजा लिया।

■ आमजन से चर्चा कर क्षेत्र में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की जानकारी ली

**पावटा, (निसं)।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन की जर्जर व बदहाल स्थिति, सड़कों पर फैली गंदगी, जल निकास के लिए सर्विस लेन पर अवरुद्ध पड़े नालों, स्ट्रीट लाइट की अव्यवस्था, पब्लिक अंडरपास में भरे पानी से बदहाला हुई असुविधा की स्थिति का जायजा लिया।

वहीं सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आमजन की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। वहीं व्यापारियों, किसानों, जनप्रतिनिधियों व आमजन ने मुख्य स्टैंड पर पब्लिक अंडरपास के स्थान पर व्हीकल अंडरपास व राष्ट्रीय राजमार्ग को जल्द दुरस्त करवाने की मांग की। जिस पर सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को व्हीकल अंडर पास के निर्माण का एस्टीमेट बनाने, सर्विस रोड को दुरस्त करने व नालों की निरंतर मरम्मत व सफाई के लिए निर्देशित किया। वहीं उन्होंने आमजन व व्यापारियों को मुख्य स्टैंड पर व्हीकल अंडर पास के लिए आश्वसत किया व आमजन से चर्चा कर-क्षेत्र में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनखड, पूर्व जिला पार्षद व व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कन्हैयालाल मीणा, पूर्व उप प्रधान बनवारीलाल स्वामी सहित व्यापारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली समस्या को लेकर रोष

## डिस्कॉम का घेराव कर जैसलमेर एसई की टेबल पर चूड़ियां देकर विरोध दर्ज करवाया



जैसलमेर में बिजली की समस्या को लेकर जनता ने बिजली घर का घेराव किया।

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** पिछले लंबे समय से बिजली की समस्या को लेकर शहर में भारी रोष को देखते हुए जनता ने बिजली घर का घेराव किया। इस दौरान बीजेपी महिला मोर्चा ने जैसलमेर एसई जीवनाराम गर्ग की टेबल पर चूड़ियां देकर अपना विरोध दर्ज करवाया। जनता ने एससी ऑफिस में धरना लगाकर प्रदर्शन किया। इससे पहले हनुमान चौराहे पर एक आमसभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी ने शहर में बिजली की आंख मिचौली को लेकर डिस्कॉम और जनप्रतिनिधियों को जमकर कोसा।

भाजपा के आईदानसिंह भाटी ने बताया कि शहर में ही नहीं बल्कि पूरे जिले में भीषण गर्मी के दौरान बिजली की लगातार अघोषित कटौती से जनता परेशान है। शहर में रात को भी बिजली काट दी जाती है और बिजली घर के अधिकारी फोन बंद कर लेते हैं। लोग रात-रात भर बिजली नहीं होने से परेशान रहते हैं। ऐसा लगातार कई दिनों से जारी है और इसको लेकर लोगों में भी भारी रोष है। भाटी ने बताया कि ना तो अधिकारी और ना ही जनप्रतिनिधि जनता की परेशानी को लेकर गंभीर है। हनुमान चौराहे से सभी लोग जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जैसलमेर ऑफिस पहुंचे। सभी ने ऑफिस का घेराव किया।

डिस्कॉम एसई जीवनाराम गर्ग ने बताया कि जैसलमेर में मार्च महीने से मौसम बिगड़ने और तूफान बारिश की वजह से बिजली की समस्या रही है। बिजली के फॉल्ट को दूर करने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से बिजली की लाइन को बंद करना पड़ता है। उससे परेशानी होती है।

## करंट की चपेट से दो की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** शहर एवं इसके आसपास करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। इसमें एक युवक को 27 मई को करंट लगने पर अस्ताल में भर्ती कराया गया था। सूरसागर थाने में दी रिपोर्ट में रामदेव कॉलोनी मंदिर के पास भूरटिया निवासी विमला पत्नी खेमाराम बलाई ने बताया कि उसके पुत्र मुकेश बलाई की 27 मई को फिदूसर क्षेत्र में बिजली के पोल पर बैनर लगाते समय करंट लग गया था। जिससे वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके अस्पताल में उपचार चल रहा था। मगर वह चल बसा। सूरसागर पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई कर शव परिजन को सौंपा। वहीं ओसियां पुलिस के अनुसार भोमाणियों की ढाणी, मांडियाईकलां निवासी तुलछाराम जाट ने पुलिस को बताया कि उसका चचेरा भाई हीराराम पुत्र राजूराम जाट 3 जुलाई को खेत में काम करते समय आए करंट से झुलस गया। इस पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसकी मौत हो गई।

# प्रदेश की दूसरी वंदे भारत ट्रेन जोधपुर पहुंची

■ भगत की कोठी से सात जुलाई को होगी रवाना, प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी वर्चुअली करेंगे शुभारंभ

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश की दूसरी वंदे भारत ट्रेन आज शाम को जोधपुर पहुंच गई। ट्रेन की रवानगी 7 जुलाई को होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मंगलवार को ट्रेन के जोधपुर ट्रेक पर पहुंचने पर लोगों ने कोतुहलवश वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किए। यह प्रदेश की दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। ट्रेन सप्ताह के 6 दिन साबरमती के लिए शुरू कर दी जाएगी। सोमवार को इसका रैक इंटिग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई से निकला और मंगलवार शाम जोधपुर के मुख्य स्टेशन पहुंचा।

**भगत की कोठी से चलेगी ट्रेन :-** रेलवे अधिकारियों की मानें तो शेड बनाने में एक साल का समय लग रहा था, लेकिन केंद्र से ये डायरेक्शन दिए गए कि भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर पहले से मौजूद इंफ्रा स्ट्रक्चर में ऐसा किया जाए कि ट्रेन जल्द शुरू हो। भगत की कोठी रेलवे स्टेशन मेंटनेंस ट्रैक को इंजीनियर और अधिकारियों की टीम ने इलेक्ट्रिक में बदल दिया। इस नॉन इलेक्ट्रिफाइड ट्रैक को डेढ़ महीने में इलेक्ट्रिक कर दिया। व्यवस्थाओं के लिए 70 कर्मचारियों का स्टाफ 2 महीने से अजमेर में ट्रेनिंग ले रहा है। शहर के भगत की कोठी स्टेशन से इस ट्रेन का संचालन सप्ताह में छह दिन किया जाएगा। सोमवार से शनिवार तक यह ट्रेन चलेगी। रविवार को मेंटेनेंस के कारण ट्रेन रद्द रहेगी।

## हादसे में एक की मौत, दो घायल

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर ग्रामीण के ओसियां थाना क्षेत्र के देवकी बेरा के पास सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार तीन जने देवका बेरे के पास हाईवे पर पुलिया से टकराकर नदी में गिर गए। सूचना मिलने के बाद एम्बुलेंस से दोनों को ओसियां उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां एक व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल हुए दोनो युवकों को इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार नेवरा रोड निवासी सुमेर भगाराम और मांगीलाल दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। मंगलवार को तीनों फलौदी से नेवरा रोड लौट रहे थे। उसी दौरान सुबह देवका बेरा के पास हाईवे पर उनकी बाइक पुलिया से टकरा गई। इससे बाइक सवार तीनों नदी में जा गिरे। घटना के बाद मौके से निकल रहे वाहन चालकों राहगीरों ने इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस घायलों को लेकर ओसियां के उप जिला अस्पताल पहुंची।

# जोधपुर के गीतकार विमल मेहरा और डॉक्टर सुमन बिस्सा सम्मानित

■ कविलोक गौरव सम्मान वरिष्ठ कवि विमल मेहरा एवं कवि लोक शक्ति सम्मान डॉ. सुमन बिस्सा को दिया

**जोधपुर, (कासं)।** कविलोक सार्थक सृजन मंच, गोरखपुर द्वारा अपने संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर ए. के. श्रीवास्तव नवाब शाहाबादी की स्मृति में प्रति वर्ष दिया जाने वाला कविलोक गौरव सम्मान वरिष्ठ कवि विमल मेहरा एवं कवि लोक शक्ति सम्मान डॉ. सुमन बिस्सा को दिया गया। सम्मान समारोह इस बार सूर्य नगरी जोधपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नवल जोशी ने की। इस अवसर पर बीएसएनल महाप्रबंधक पुष्कर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि अनिल अनवर ने किया।

कविलोक के महासचिव राजेश राज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एक वरिष्ठ रचनाकार को नवाब शाहाबादी स्मृति "कविलोक गौरव सम्मान" एवं एक मौलिक महिला रचनाकार को "कविलोक शक्ति सम्मान" प्रदान किया जाता है। कविलोक ने एक नई परंपरा स्थापित करते हुए सम्मान लेने के लिए रचनाकारों को बुलाने के स्थान पर सम्मान हेतु चयनित रचनाकारों को उन्हीं के शहर में जाकर सम्मानित करने की नई परम्परा शुरू की है। इसी के तहत यह सम्मान समारोह जोधपुर में आयोजित किया गया।

इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए दुबई, बेंगलुरु, गुजरात, लखनऊ, से नवाब साहब का परिवार एवं गोरखपुर से कविलोक के महासचिव राजेश राज, लखनऊ से धीरज मिश्र तथा जयपुर से मधु गुलशन पत्रिका के संपादक आशुकवि अनिल अनवर जोधपुर पहुंचे। समारोह में नवाब शाहाबादी के गजल संग्रह "पहला सफर" के दूसरे संस्करण का लोकार्पण किया गया। संगीतज्ञ ललित व्यास लालजी और श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव द्वारा ग़ज़लों की संगीतमय प्रस्तुति भी दी गयी।

कविलोक शक्ति सम्मान से सम्मानित डॉक्टर सुमन बिस्सा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान विशिष्ट एवं प्रतिष्ठित इसलिए है कि इसके पीछे एक समृद्ध परम्परा है कविलोक गौरव सम्मान से सम्मानित विमल मेहरा आदिल ने इस सम्मान को अपनी माताजी की पुण्यतिथि होने से उन्हीं को समर्पित किया। मुख्य अतिथि पुष्कर श्रीवास्तव ने कहा कि कविलोक सार्थक सृजन मंच के नाम में ही कविता का उद्देश्य निहित है। जब तक सृजन सार्थक न हो वह जनता के मन को स्पर्श ही नहीं करता। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार नवल जोशी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कविलोक सार्थक मंच की यह सोच कि सम्मानित होने वाले परिवार को उन्हीं के शहर में जाकर सम्मानित किया जायगा, यह बहुत बड़ी बात है। मैं जोधपुर एवं मारवाड़ एवं राजस्थान के साहित्यिक समाज की ओर से बधाई देता हूँ। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में डॉ सुमन बिस्सा, धीरज मिश्र, राजेश राज, अनिल अनवर व नवल जोशी ने काव्य पाठ किया। अंत में कविलोक की संरक्षक मंजुला सहाय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# डॉ. राजेन्द्र सिंह व गृह राज्यमंत्री यादव ने जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया

## कोटपूतली में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्णय लिया



कोटपूतली में वॉटरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह ( बांये से दूसरे ) एवं उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ( दांये से चौथे ) ने क्षेत्र के विभिन्न प्राचीन जल स्त्रोतों का अवलोकन किया।

**कोटपूमली, (निसं)।** कोटपूतली के दौरे पर आये रमन मैग्सेस पुरस्कार विजेता प्रख्यात समाजसेवी एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले वॉटरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने क्षेत्र के विभिन्न प्राचीन जल स्त्रोतों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कांसली में श्री हिरोड़ा मंदिर के सामने स्थित जोहड़, ग्राम जगदीशपुरा स्थित जोहड़, ग्राम कायमपुराबास विद्यालय के सामने स्थित जोहड़ व ग्राम खरकड़ी स्थित जोहड़ व इनके केचमेंट एरियाओं का निरीक्षण किया।

डॉ. राजेन्द्र सिंह ने इन प्राचीन जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करने की सम्भावनाओं का अवलोकन व निरीक्षण किया। साथ ही इनमें पुनः जल संरक्षण व वर्षभर जल की उपलब्धता किये जाने पर भी चर्चा की। इस दौरान वॉटरमैन सिंह ने गृह राज्यमंत्री यादव की मंशा अनुरूप कोटपूतली में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाये जाने पर भी सहमति जताई। साथ ही इसको लेकर हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। गृह राज्यमंत्री यादव ने अधिकारियों को उक्त जलाशयों के पुर्नभरण को लेकर इस दिशा में योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री यादव द्वारा निरन्तर क्षेत्र को पीने व खेती के लिए पानी की उपलब्धता को लेकर भरपूर प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही भविष्य में कोटपूतली को नहर से जोड़ने को लेकर भी योजना बनाई जा रही है। इस दौरान समाजसेवी नित्येन्द्र मानव, एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा, तहसीलदार अभिषेक सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## मनरेगा में कार्य कर रहा मृत व्यक्ति

**अजमेर, (कासं)।** केकड़ी के समीप जूनिया ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का

■ जूनिया ग्राम पंचायत का मामला

एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें ऑनलाइन होने के बावजूद वर्ष 2021 के जून माह में मरा हुआ व्यक्ति आज भी मनरेगा में काम कर रहा है और इसका मेट भुगतान भी उठा रहा है।

अरविन्द शर्मा ने बताया कि हमारे गांव के एक व्यक्ति है जिसका जॉब कार्ड नम्बर 594 है और उस व्यक्ति की मौत वर्ष 2021 के जून माह में ही हो गई थी, मृत व्यक्ति का नाम रोडू माली है, लेकिन रोडू माली की ऑन लाइन हाजरी मेटों द्वारा कैसे भरी गई है, उसकी जांच होनी चाहिये। अरविन्द शर्मा ने कहा कि अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच होती है तो एक बडे भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है। इस मामले की शिकायत जुनिया के रहने वाले जागरूक नागरिक व वार्ड पंच अरविंद शर्मा ने जिला परिषद में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में रखा है। उक्त शिकायत पर जिला प्रमुख ने तुरंत प्रभाव से एक्शन लेते हुए जांच के आदेश दिये हैं। वहीं दूसरी ओर अरविंद शर्मा ने जुनिया में बन रहे नाले निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री उपयोग में लेने की भी शिकायत दी है।

# 93 लाख आए तो अकाउंट होल्डर के होश उड़े

■ पहले तो रुपए आए फिर तुरंत निकाल लिए गए, अब पुलिस जांच में जुटी

**बीकानेर, (निसं)।** साइबर थाने में अनूठा मामला दर्ज हुआ है। यहां एक व्यक्ति ने अपने अकाउंट से 93 लाख 27 हजार रुपए के ट्रांजेक्शन का मामला दर्ज कराया है। गौर करने वाली बात ये है कि ये रुपए इस व्यक्ति के थे ही नहीं। जब बैंक स्टेटमेंट निकलवाने गया तो लेनदेन के बारे में मालूम चला और उसके होश उड़ गए। खाता धारक इतनी राशि देखकर चौंक गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। अब साइबर पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनसार बीकानेर के उदासर गांव में स्थित वैशाली नगर में रहने वाले स्नेह कुमार मेघवाल ने एफआईआर दर्ज करवाई है। स्नेह कुमार का कहना है कि वो ऑनलाइन बिजनेस करना चाहता था। इसके लिए उसने एक कंपनी से संपर्क किया था। इस कंपनी ने उसकी बैंक डिटेल ले ली थी। इसके बाद स्नेह कुमार को लगा कि उसके बैंक अकाउंट से कोई छेड़छाड़ हो रही है। वह अपना खाता बंद करवाने बैंक गया। जिसके बाद उसने स्टेटमेंट लिया तो उसे मालूम चला कि उसके खाते से 93 लाख रुपए से ज्यादा का ट्रांजेक्शन हुआ है। इसी कंपनी से 27 से 28 जून के बीच एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। उस अज्ञात ने बैंक अकाउंट नंबर और पासवर्ड की मांगे तो स्नेह ने अनजाने में सारी डिटेल्स बता दी। इसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने इस खाते में 93 लाख 27 हजार 749 रुपए का ट्रांजेक्शन किया। इस दौरान पहले तो रुपए आए फिर तुरंत निकाल लिए गए। पुलिस ट्रांजेक्शन डिटेल्स के आधार पर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

सूत्रों की मानें तो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि साइबर ठगों ने स्नेह के अकाउंट को यूज कर किसी से ठगी हुई रकम को पहले जमा करवाया और तुरंत विड्रॉल कर लिया। गौरतलब है कि साइबर ठगी के मामलों में बैंक अकाउंट किराये पर देने की घटनाएं भी सामने आती रहती है। स्नेह कुमार के खाते में इतनी बड़ी राशि का लेनदेन हो गया कि उसे वित्त एजेंसियों के सवालों से डर लगा। ऐसे में उसने एफआईआर दर्ज करवा दी। स्नेह प्रकाश ने इसे धोखाधड़ी बताते हुए मामला दर्ज कराया है। इसे धोखाधड़ी के साथ ही आईटी एक्ट में भी अपराध मानते हुए पुलिस छानबीन कर रही है।

## महिला से पति ने की मारपीट

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर में रहने वाली एक महिला चिकित्सक के साथ उसके पति डॉक्टर द्वारा शराब के नशे में मारपीट कर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। महिला चिकित्सक की शिकायत की पर पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर

■ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की

अनुसंधान शुरू कर दिया है।

वैशाली नगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका पति भी डॉक्टर है। एक जुलाई की रात करीब साढे दस बजे उसका पति शराब के नशे में दरवाजा पीटने लगा। दरवाजा खोला तो मारपीट शुरू कर दी। फिर हाथ जोड़ के बोला कि तू किसी से रिश्ता नहीं रखती, घर से निकल जा। जोरकी मार खाने के बाद डर के कारण कुछ बोल ही नहीं पा रही थी। जब शराब के लिए टोका तो फिर से मारना शुरू कर दिया। बेटी को उठाने की सोचा तो उसने मना कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। फिर उसे कमरे से जाने के लिए रिक्वेस्ट की। मदद के लिए महिला डॉक्टर ने पुलिस को बुलाया और उसी समय उसके स्टाफ के कुछ लोग और पति के दोस्त भी यहां पहुंच गए।

# शेखासर में डेढ़ माह से बिजली सुचारू नहीं, लोग परेशान

■ बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों ने जीएसएस पहुंच कर प्रदर्शन किया

**बाप, (निसं)।** इस समय भीषण उमस भरी गर्मी से हर कोई बेहाल है। यदि बिजली नहीं हो तो मारे गर्मी से हालात और भी बदतर हो जाते हैं। उप तहसील शेखासर में इस समय बिजली सुचारू नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार डेढ माह पहले आए तूफान से मोहरा से शेखासर की लाइन गिर गई थी, जो आज दिन तक ठीक नहीं की गई। लाइन के पोल गिरे पडे है। हालांकि डिस्कॉम ने अस्थाई रूप से रामपुरा से शेखासर को जोड़ दिया, लेकिन ज्यादा लोड की वजह से बिजली बार बार कट रही है। दिन भर में बड़ी मुश्किल से 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसलिए बिजली के अभाव में लोगों का गर्मी में बुरा हाल है। इसके अलावा बिजली चलित छोटे छोटे उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे है।

बिजली समस्या से परेशान ग्रामीण बच्चन सिंह, अर्जुन सिंह, चंद्र बन, नरपत सिंह, मुरलीधर लोहिया, लाला राम, ईसाराम, सुमेर गोस्वामी, जगदीश सैन, प्रेम सुथार, बाबू राम, अमराराम सैन, मदन डागा, गणेश सोनी, अशोक सैन, नरेश सैन, कैलाश डागा, भवानी गिरी, राकेश सैन सहित कई लोग शेखासर स्थित जीएसएस पहुंचे तथा प्रदर्शन किया।

बच्चनसिंह भाटी, मुरलीधर लोहिया सहित ग्रामीणो ने बताया कि मुरलीधर लोहिया सहित ग्रामीणों ने बताया कि शेखासर गांव मोहरा से जुड़ा है। डेढ माह पहले आए तूफान में खंभे गिरने से लाइन गिर गई थी। लेकिन उसे ठीक नहीं किया जा रहा है। गांव में लगे राहत कैंप में उपखंड अधिकारी को भी उक्त समस्या से अवगत कराया था, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसके अलावा गांव में बिजली के तार जमीन से कम ऊंचाई पर होने की वजह से हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जीएसएस पर पर मिले कार्मिक ने दूरभाष पर अधिकारियों को उनके बारे सूचित कर दिया। साथ ही यह भी बता दिया कि जल्द बिजली सुचारू नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। डिस्कॉम बाप सहायक अभियंता गोविंद राम ने बताया कि शेखासर में बिजली समस्या थी, उसे दुरस्त कर दिया है। शेखासर-मोहरा की लाइन सामान उपलब्ध होते ही जल्द से जल्द तैयार करवा दी जाएगी।

# 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली तीन छात्राओं को अध्यापक हवाई यात्रा करायेंगे



शिक्षक अशोक कुमार जैन ( दांये से तिसरे ) तीन छात्राओं को हवाई यात्रा करायेंगे।

■ कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्यनरत छात्रों को बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर हवाई यात्रा कराने की घोषणा की थी

**टोंक, (निसं)।** जिले की बनेठा उप तहसील क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ककोड के अंग्रेजी विषय के व्याख्याता अशोक कुमार जैन ने अनूठी पहल करते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्यनरत छात्रों को बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर टीचर ने स्वयं के खर्च पर की हवाई यात्रा कराने की घोषणा की थी।

जिस पर व्याख्याता अशोक कुमार जैन की घोषणा से छात्रों में उत्साह और लगन पैदा हुई जिससे प्रेरित होकर गत सत्र के परीक्षा परिणाम में विद्यालय में यहां की 3 होनहार बालिकाओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल प्राप्त कर शाला परिवार, परिजनों सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। तीनों बालिकाओं का परिणाम जिसमें मनीषा नामा 12वीं 91.50 प्रतिशत, फरीन खान 12वीं 91 प्रतिशत, तनीषा मेरूठा 10वीं में 91.50 प्रतिशत रहा है। जिसके बाद अब नवाचार करने वाले व्याख्याता अशोक कुमार जैन विद्यालय की तीनों होनहार बालिकाओं को 4 से 5 जुलाई तक जयपुर से दिल्ली के लिए 2 दिवसीय हवाई यात्रा से शैक्षणिक भ्रमण कराएंगे।

जिसका समस्त खर्चा स्वयं व्याख्याता अशोक जैन वहन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सीताराम मीणा सहित जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, एसडीएम उनियारा त्रिलोक चंद मीणा, पुलिस उपाधीक्षक उनियारा रोहित कुमार मीना, कांग्रेस नेता उनियारा दिनेश पाटोदी, ककोड़ सरपंच रामबिलास गुर्जर, पूर्व प्रधान सोनम गोलेछा, पूर्व सरपंच ककोड़ हरक चन्द गोलेछा आदि ने भी शिक्षक अशोक कुमार जैन अंग्रेजी व्याख्याता के इस प्रेरणादायक कार्य की जमकर सराहना की तथा सभी ने व्याख्याता अशोक कुमार जैन को इस मोटीवेशन कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त

### शर्मा को पीएचडी की उपाधि



**जयपुर।** जयपुर शहर की विद्याणी गाँव निवासी सुनीता शर्मा पत्नी कुलदीप शर्मा को सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय की ओर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इन्हें यह उपाधि टू स्टडी द डिफरेन्ट टाइल्स ऑफ प्रॉब्लम्स ऑफ स्टूडेंट्स स्टडी इन रेजिडेंशियल स्कूल्स एट सेकेंडरी एण्ड सीनियर सेकेंडरी लेवेद विषय परो शोध के लिए प्रदान की गई। इन्होंने कार्य डॉ. श्रुति तिवारी एवं डॉ. ए. के. पाण्डे के निर्देशन में पूर्ण किया है।

### विवेकानंद जी की पुण्यतिथि मनाई

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई इंटरनेशनल स्कूल श्रीमाधोपुर में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि मनाई गई। को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया की भारत की आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाले युवा संन्यासी, स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर निर्देशक मोहर सिंह खर्रा एवं प्राचार्या कंवलजीत कौर एवं विद्यालय स्टाफ़ व बच्चों ने विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व 2 मिनट का मोनधारण कर विवेकानंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वाटर कूलर भेंट किया

**निवाई,** (निसं)। गुंसी पुलिस चौकी के पास बने सप्त ऋषि आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय भामाशाह देवी सिंह राजावत ने एक वाटर कूलर भेंट किया। समाजसेवी महेश सैनी ने बताया कि ग्राम गुंसी के सप्त ऋषि आश्रम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान दूरदराज एवं स्थानीय गुरु भक्तों ने संत खडेश्वर महाराज के चरणों की पूजा अर्चना की।

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष जौनापुरिया का दर्जनों स्थानों पर स्वागत

**निवाई,** (निसं)। टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया को राजस्थान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किये जाने के बाद मंगलवार को प्रदेश जौनापुरिया का निवाई पहुंचने पर निवाई सीमा से दर्जनों जगह पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष सुखबीरसिंह जौनापुरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत देश की विश्व में ख्याति प्रदान की है : सांसद जौनापुरिया**



**निवाई में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुखबीरसिंह जौनापुरिया ( बाएं से दूसरे ) का दर्जनों स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।**

मोदी ने भारत देश की विश्व में ख्याति प्रदान की है। उन्होंने देश के गरीब, किसान एवं गांवों के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोडी है। मोदी सरकार ने देश में बिजली, पानी, सड़क एवं चिकित्सा के क्षेत्र में कई नये आयाम स्थापित किए है। उन्होंने विश्वास देते हुए बताया कि आने वाली सरकार भाजपा की बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी में कार्यकर्ताओं का भी वहीं सम्मान है जो एक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि को मिलता है।

पूर्व पार्षद रतनदीप गुर्जर एवं पूर्व महामंत्री मनोज पाटनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी में सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया का मंगलवार को सुबह कौथून सीमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा एवं जिला प्रमुख सरोज बंसल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इसी प्रकार गुन्सी में पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, नगरपालिका में पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में कई पार्षदों द्वारा स्वागत किया गया। इसी प्रकार राधा दामोदरजी के कुण्डों पर डांगरथल मंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी, पूर्व प्रधान शंकरलाल शर्मा, सुरेन्द्र कसाणा एवं मुरारीलाल शर्मा, पंचायत समिति ने प्रधान रामअवतार लांगडी के नेतृत्व में पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चन्देल, सरपंच देवालाल गुर्जर, ओमप्रकाश वर्मा, भवानीसिंह राजावत, शंकर पडियार, राजाराम कसाणा, बाबूलाल मण्डालिया, डॉ. भूषण सालोदिया, विरेन्द्र गौतम, श्योकिशन हरभांवता, शिवदयाल हरभांवता एवं सुरज्ञानसिंह खाटरा सहित दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसी प्रकार बस स्टैंड पर स्थित पाटनी कॉम्पलेक्स में पूर्व महामंत्री मनोज पाटनी, रतनदीप गुर्जर, विनोद शर्मा, राहुल गौतम, सावरासिंह, राहुल गुर्जर, जिला परिषद सदस्य ममता चौधरी एवं पार्षद शंकरलाल सैनी द्वारा स्वागत किया गया। इसी प्रकार कृष्णा कालोनी में नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुखवीरसिंह जौनापुरिया का प्रमुख समाज सेवी अंकुर जयनारायण सालोदिया द्वारा 11 किलो की माला पहनाकर ढोल नगाडे के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश शर्मा, त्रिलोक मंडरावलिया, मेघराज सालोदिया, मुकेश सालोदिया, हीरालाल सालोदिया, रामजीलाल वर्मा सहित सैकडों कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के नांगल रोड स्थित मीणा कृषि फार्म हाउस के आगे ढाणी बेरी वाली, भटपोड़ा कॉलोनी (कृषि फार्म) पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नानूराम सैनी के सेवानिवृत्ति पर साफा व माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। इससे पहले श्रीमाधोपुर से डीजे के साथ नाचते गाते व जगह-जगह लोगों ने माला पहनाकर सम्मान के बाद घर पहुंचे। मोहनलाल सैनी ने बताया कि (सैनी)माली महासंगम की कोर कमेटी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व कृषि वैज्ञानिक सीताराम सैनी, मोहन लाल सैनी छील्लावाली, शोलू सैनी, विनेश पार्षद, ललित कुमार सैनी, ओमप्रकाश (प्रधान) सैनी, कपिल सैनी, सागरमल सैनी गोदाम वाले, पार्षद रामनाथ सैनी, विनेश सैनी, ओमप्रकाश खडोलिया, भंवर लाल, राजेंद्र कुमार सैनी , दिनेश कटारिया, रामदयाल सैनी अध्यापक मूंडरू,पृसाराम, सुरेश सैनी ,पूरणमल सैनी आदि ने साफा व माला पहनाकर सम्मान किया।


**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै ईश्वर सिंह पुत्र शायर सिंह, उम्र 55 वर्ष, जाति राजपूत, निवासी- प्लॉट न. 539, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर जयपुर का रहने वाला हूँ मेरा बडा पुत्र दिलीप सिंह पंवार उम्र 31 वर्ष विगत 4 वर्ष से मेरे कहने में नही है तथा समाजिक गतिविधियो में लिप्त है। मेरा पुत्र अपने पत्नि व बच्चो सहित अलग निवास करता है इसलिये मै अपने पुत्र दिलीप को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति एवं कर्मकाण्डो से बेदखल कर रखा है। मेरे पुत्र दिलीप का मुझसे और मेरे परिवारजन से किसी प्रकार का संबंध व सरोकार नही है। मेरे पुत्र दिलीप के साथ किसी भी व्यक्ति एवं संस्था द्वारा कोई लेन देन एवं संव्यवहार किया जाता है तो मेरी एवं मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे। भवदीय (ईश्वर सिंह पंवार)

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य बुन्दु खां पुत्र श्री बशीर अहमद, निवासी-मकान नंबर 4361 मोहल्ला मोमिनान, रास्ता जगन्नाथ शाह का, चौकडी रामचन्द्र गली की, जयपुर के पुत्र अब्दुल हक उर्फ रफीक मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है, तथा मेरे अभिभाष्य की मर्जी के विरुद्ध परिवार विरोधी गतिविधियों में लिप्त है, इसलिए मेरे अभिभाष्य अपने पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता है, तथा भविष्य में यदि कोई व्यक्ति, संस्था किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। अत: सूचित रहें।
जयपुर (अब्दुल अहद नकवी ), एडवोकेट
दिनांक-04.07.2023 मो. 7725976406


# 'कांग्रेस की लीडरशिप कमजोर, उसी का नतीजा है कि गहलोत ने खुद को आलाकमान से बड़ा कर लिया'

## उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में मीडिया से बातचीत की

**जयपुर** (कासं)। उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस सरकार में चल रही अंतरकलह व खींचतान को लेकर कहा कि, कांग्रेस देशभर में सत्ता से बाहर हुई, इसका बड़ा कारण है कांग्रेस ने समय के हिसाब से अपने आपको बदला नहीं, कांग्रेस का आलाकमान कमजोर हुआ, कांग्रेस की लीडरशिप कमजोर हुई, उसी का नतीजा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुद को

■ **''अशोक गहलोत को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का ऑफर होता है, कोई भी परिपक्व राजनेता उस असाइनमेंट को स्वीकार कर लेता, अशोक गहलोत इस पराकाष्ठा तक चले गये कि 80 विधायकों ने इस्तीफे पेश कर दिये''**

कांग्रेस आलाकमान से बड़ा कर लिया।

आप देखिये कि अशोक गहलोत को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का ऑफर होता है, कोई भी परिपक्व राजनेता उस असाइनमेंट को स्वीकार कर लेता, लेकिन राजस्थान में ऐसा क्या था कि अशोक गहलोत इस पराकाष्ठा तक चले गये कि 80 विधायकों ने इस्तीफे पेश कर दिये, इसका मतलब कांग्रेस में अभी भी सब कुछ ठीक नहीं है। गाहे-बगाहे कोई अवसर आता है तो दूसरा इन्सीडेंट खड़ा हो जाता है, लिहाजा बीमारी के लिये तो कामना करूंगा कि मुख्यमंत्री जल्द स्वस्थ हों, लेकिन मुझे लगता है कि कांग्रेस राजनैतिक तौर पर पूरी तरह बीमार है, उस बीमारी का बड़ा कारण अशोक गहलोत हैं, उन्होंने कांग्रेस के आलाकमान को इतना दबाव में ले लिया है कि वह निर्णय लेने से डरता है।

### नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत

**सांभरझील,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्यामपुरा पंचायत समिति सांभर में नये प्रवेशित बच्चों का स्वागत बडी धूम धाम से मनाया गया।

प्रधानाचार्य अनिता मीणा ने कहा कि विधालय के शिक्षकों द्वारा घर घर जाकर विधालय में बच्चों को प्रवेश दिलवाने हेतु सर्वे / जागरुकता अभियान चलाया गया है, उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल में योग्य एवं अनुभवी अध्यापकों द्वारा पढाया जाता है साथ ही नि:शुल्क शिक्षा, नि:शुल्क पाठ्य पुस्तके, नि:शुल्क गणवेश, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, गुणवत्तायुक्त मध्याह्न भोजन, कम्प्यूटर शिक्षा, छात्रवृत्ति, बच्चों का सर्वांगीण विकास की जानकारी भी दी जा रही है।


**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट ''सौम्या स्काई इलाइट'' ग्राम मुरलीपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर राजस्थान को जिसका भूखंड क्षेत्र 4,231.00 वर्ग मीटर तथा निर्मित क्षेत्र 24678.12 वर्ग मीटर है पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या F1 (4) / ( SEIAA) / SEAC-Raj/ Sectt / Project/Cat. 8a (22469) / 2022-23 दिनांक 31/05/2023 को प्रदान कर दी गई है। सहमति प्रपत्र की प्रति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है एवम् राजस्थान राज्य पर्यावरण विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सौम्या बिल्डहोम एल. एल. पी.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती नोशिदा खानम पत्नी स्व. श्री अब्दुल कलाम उम्र 53 वर्ष निवासी-सी-60 गली नम्बर 1, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर जयपुर के दोनों पुत्र उमर फारूख उर्फ फैसल उम्र 23 वर्ष व श्री इलियास खान उर्फ सैफ उम्र 22 वर्ष, मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है एवं उक्त दोनों पुत्रों का व्यवहार मेरी अभिभाष्या क प्रति सही नहीं है एवं मेरी अभिभाष्या का अपने दोनों पुत्रों से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। मेरी अभिभाष्या ने अपने दोनों पुत्रों उमर फारूख व श्री इलियास खान को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि किसी भी व्यक्ति एवं संस्था द्वारा मेरी अभिभाष्या के दोनों पुत्रों से किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार व लेनदेन किया जाता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे ना कि मेरी अभिभाष्या व उसके परिवार का कोई सदस्य।
( शाहनवाज कुरैशी ), एडवोकेट, मो.नं. 9 1 9667777372

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर**
क्रमांक: 5287 **आम जाहिर सूचना** दिनांक 04.07.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/354 (EWS), (एरिया 59.05 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती उषा गोयनका पत्नी श्री सन्तोष कुमार गोयनका को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 5792 दिनांक 14.10.2003 को जारी किया गया। श्री नन्दलाल अग्रवाल पुत्र श्री चम्पालाल अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास का नियमिति करण पत्र क्रमांक 447/492 दिनांक 17.04.2013 के द्वारा किया गया एवं श्री नन्दलाल अग्रवाल के पक्ष में उक्तआवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 05.09.2013 को सब रजिस्ट्रार जयपुर-पंचम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री नन्दलाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 02.10.2020 को हो जाने के कारण पंजीकृत हकत्याग के आधार पर इनके पुत्र श्री अमूल्य अग्रवाल पुत्र स्व. श्री नन्दलाल अग्रवाल द्वारा उक्तआवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री अमूल्य अग्रवाल पुत्र स्व. श्री नन्दलाल अग्रवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone NO. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/1020 दिनांक- 3.7.2023
**जाहिर आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 6/125 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री लक्ष्मी शंकर पुत्र श्री राम चन्द्र श्रीवास्तव को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1347 दिनांक 19.07.1989 एवं संशोधित आवंटनपत्र क्रमांक 2595 दिनांक 11.10.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 20.10.1989 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 274 दिनांक 27.01.1995 के द्वारा श्री लक्ष्मी शंकर पुत्र श्री राम चन्द्र श्रीवास्तव के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 14.02.1995 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीलक्ष्मी शंकर की मृत्यु दिनांक 30.06.1996 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री मोहित श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री लक्ष्मी शंकर ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री मोहित श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री लक्ष्मी शंकर के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone NO. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/1042 दिनांक- 4.7.2023
**जाहिर आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 119/378 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 89.400 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री जय प्रकाश शर्मा पुत्र श्री मूलचन्द शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4840 दिनांक 30.03.1991 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 27.08.1991 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4650 दिनांक 11.11.1999 के द्वारा श्री जय प्रकाश शर्मा पुत्र श्री मूलचन्द शर्मा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 27.07.2002 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री जय प्रकाश शर्मा की मृत्यु दिनांक 30.01.2009 को हो जाने के कारण उनके वारिसों के द्वारा श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. श्री जय प्रकाश शर्मा के पक्ष में हकत्याग किया गया। इनके द्वारा उक्त हकत्याग पत्र का निष्पादन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 19.04.2023 को पंजीकृत करवाया गया। मृतक श्रीजय प्रकाश शर्मा की पत्नी श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. श्री जय प्रकाश शर्मा के द्वारा उक्त आवास का दान पत्र/बख्शीशनामा श्री शुभम पालीवाल पुत्र श्री राकेश कुमार पालीवाल को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के दान पत्र/बख्शीशनामा प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 23.04.2023को करवाया गया। इसके पश्चात श्री शुभम पालीवाल पुत्र श्री राकेश कुमार पालीवाल ने तदिनांक हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री शुभम पालीवाल पुत्र श्री राकेश कुमार पालीवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर


# आमेर की सड़कों के लिए जेडीए आयुक्त से मिले पूनिया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के कार्यालय पहुंचकर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के जोन 2,10,12,13 के अंतर्गत सडकों के निर्माण, नवीनीकरण, लंबित जमीन आवंटन मामलों सहित विभिन्न विकास कार्यों के त्वरित समाधान हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त जोगाराम को अवगत करवाया और शीघ्र समाधान का आग्रह किया।

■ **आमेर विधानसभा के जोन 2, 10, 12, 13 में सड़कों के निर्माण, नवीनीकरण, लंबित जमीन आवंटन मामलों समेत विभिन्न विकास कार्यों के त्वरित समाधान की मांग**

■ **जाहोता, खोराश्यामदास, नांगल पुरोहितान, रोजदा एवं भैरूजी मन्दिर (बैनाड) नांगल सिरस, चतरपुरा पंचायतों के मुख्य स्टैंड पर हाई-मास्क लाइट्स लगाने का भी आग्रह किया**

इस दौरान प्रधान हरदेव यादव व सरपंचगण उपस्थित रहे। बता दें कि इससे पहले भी सतीश पूनियां जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त से मुलाकात कर जयपुर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले आमेर क्षेत्र के विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निवेदन कर चुके हैं। डॉ. पूनियां ने मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के संबंध में भी आयुक्त को अवगत कराया कि विधानसभा के अष्ठम सत्र के दौरान विधानसभा क्षेत्र आमेर में बैनाड़ रेलवे स्टेशन की पूर्व दिशा से जेडीए स्कीम रजत विहार तक (सैक्टर रोड जयपुर) सडक के निर्माण के संबंध में घोषणा की गई, जो शीघ्रताशीघ्र पूरी की जाये। वहीं हाई-मास्क लाइट्स के संबंध में डॉ. पूनियां ने आग्रह किया कि मुख्य स्टैंड जाहोता, खोराश्यामदास, नांगल पुरोहितान, रोजदा एवं भैरूजी मन्दिर (बैनाड) नांगल सिरस, चतरपुरा इत्यादि पंचायतों के मुख्य स्टैंड पर हाई-मास्क लाइट्स लगे। सतीश पूनिया ने जयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर आयुक्त से आग्रह किया।

### 'गहलोत सरकार के खिलाफ हुंकार भरेंगी महिलाएं'

**जयपुर,** (कासं)। दुष्कर्म और महिला उत्पीडन के बढ़ते मामलों को लेकर आज भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं थाली नाद के साथ सीएम आवास के लिए कूच करेंगी।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदडा ने कहा कि ''थाली नाद विरोध प्रदर्शन'' की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उसके उपरांत कूच से पहले होने वाली सभा के लिए प्रदेश कार्यालय के बाहर बनाए गए मंच और पांडाल का जायजा लिया गया।

अल्का मूंदडा ने कहा कि महिला विरोधी गहलोत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में बडी संख्या में महिलांए शामिल होंगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में एकत्रित होंगी, इस दौरान एक विशाल सभा का आयोजन होगा जिसमें महिला मोर्चा सहित वरिष्ठ नेता सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद थाली नाद के साथ गूंगी बहरी गहलोत सरकार को जगाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगी। इस दौरान राजस्थान की सह-प्रभारी विजया राहटकर, राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, प्रदेश मीडिया संयोजक पंकज जोशी, मीडिया संपर्क प्रमुख आन्नंद शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आमेर से लेकर पूरे राजस्थान में भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी : सतीश पूनिया

**जयपुर।** मोदी सरकार के 9 वर्ष की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर आमेर के राजावास में आमेर भाजपा बूथ कार्यसमिति सम्मेलन में राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, प्रधान हरदेव यादव, प्रधान बद्रीनारायण बागडा, मंडल, बूथ अध्यक्ष, बूथ कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, बूथ कार्यकर्तागण इत्यादि उपस्थित रहे।

सतीश पूनिया ने बूथ कार्यसमिति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि, कमल का फूल, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का फोटो जहां लगा हो, हमारा वोट कमल के फूल को जाना है, चाहे चेहरा कोई भी हो, यह हम सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि 2023 में राजस्थान में प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार बनेगी और 2024 में केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे और आमेर एवं राजस्थान का सुखद और उन्नत भविष्य है, यह आपको भरोसा देता हूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के कार्यकर्ताओं को आव्हान किया है कि मेरा बूथ-सबसे मजबूत, बूथ के सभी कार्यकर्ताओं को प्रतिबद्ध एवं संकल्पित होकर यह कार्य जमीन पर मजबूत करना है और जब हर बूथ मजबूत होगा तो आमेर से लेकर पूरा राजस्थान भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी और ऐतिहासिक जीत के साथ 2023 में भाजपा की सरकार बनेगी। मेरे जैसे सामान्य किसान परिवार में जन्मे एक छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी ने भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर मुझे बहुत सम्मान दिया और इससे राजस्थान के युवाओं और किसानों का सम्मान बढ़ा, पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी, उसका मैं हमेशा से ईमानदारी से निर्वहन कर रहा हूं और आगे भी पार्टी मुझे जो भी जिम्मेदारी देगी उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और मेरी कलम और जुबां आमेर और राजस्थान की उन्नति के लिए चलेगी, यह आपको विश्वास दिलाता हूं।

# बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**लालसोट,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी मंडल दौलतपुरा का बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा मंडल महामंत्री बलराम बैरवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मंडल स्तर के इस बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने एवं मौजूदा कांग्रेस सरकार के सत्ता परिवर्तन को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार के नो साल बेमिसाल को लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल बैनाड़ा रहे व मुख्य वक्ता अल्पकालीन विस्तारक आंवला जिला मंत्री उत्तरप्रदेश रोहित सिंह ठाकुर रहें जिन्होंने पार्टी को बूथ स्तर पर मजबुत करने पर बल दिया। भाजपा नेता रामबिलास मीना ने भी बैठक को संबोधित किया।


**प्रपत्र संख्या-7**
**(देखिये नियम 21)**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 46/2023 (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री किरोडी मल गुप्तापुत्रश्री प्रहलादराय गुप्ता निवासी 1/111 राजस्थान हाउसिंह बोर्ड कॉलोनी, भिवाडी, आलमपुर, हरचंदपुर, तहसील टपूकडा जिला-अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास तत्कालेश्वर शिव मंदिर निर्माण समिति, तिजारा रोड, भिवाडी, तहसील-टपूकडा, जिला अलवर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 15.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 21.08.2023
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर


### तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. ममता माहेश्वरी का निधन सोमवार दिनांक 03.07.2023 को हो गया। तीये की बैठक 05.07.2023 को सायं 04.00-05.00 P.M. MGPS विद्याधर नगर, जयपुर में होगी। **शोकाकुल :** विजय कुमार माहेश्वरी (पति), अशोक-गीता (जेठ-जेठानी), अमित-प्रियंका, सुमित-दीपिका, शुभम-वर्षा, डॉ. रजत-पूजा (पुत्र-पुत्रवधू), अर्जुन-प्रणव (पौत्र), आयषा-कृती (पौत्री)



हमारे पूजनीय पिताजी श्री श्याम लाल जी गर्ग (जिंदौली वाले) का स्वर्गवास 03.07.2023 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक 05.07.2023 को दोपहर1से 2, सुंदर पैराडाइज, महादेव नगर, निवारू रोड पर होगी। **शोकाकुल-** रामकिशन-आशा, बालकिशन-स्नेहलता (पुत्र-पुत्रवधू), स्व. गोविन्द-संतोष, दामोदर-रूक्मणी (भतीजा-भतीजा बहू) सुमनलता-स्व. श्री छीतरमल जी, राजकुमारी-विजेन्द्र जी, अनीता-अशोक जी, सुनीता-संदीप जी (आरसीवाला) (पुत्री-जंवाई), हिमांशु-ज्योति, रौनक (पौत्र-पौत्र वधू) नेहा-विशेष जी, रोशनी-अभिषेक जी (पौत्री-पौत्री-दामाद) एवं समस्त जिंदोली वाला परिवार। मोबाइल-7665995693

# रामगढ़ पचवारा नगर पालिका वासियों को गंदगी से मिलेगी राहत

**रामगढ़ पचवारा/ लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय रामगढ़ पचवारा ग्राम पंचायत से नवगठित नगर पालिका में नई अधिशासी अधिकारी के कार्यभार ग्रहण के साथ शहर में सफाई कार्य से शहर वासियों को राहत मिली है।

नवगठित नगरपालिका रामगढ़ पचवारा की पहली नवनियुक्त महिला अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा विगत पांच दिन पहले ही नगर पालिका

■ **सभी 15 वार्डों में अब होगी नियमित सफाई**



**नवगठित नगर पालिका रामगढ़ पचवारा की पहली महिला अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद नियमित सफाई व्यवस्था के लिए 16 सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी।**

कार्यभार ग्रहण किया था। जहां शहर वासियों द्वारा अधिशासी अधिकारी को शहर में फैल रही गंदगी आदि के बारे में आदि समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया था। वहीं नगरपालिका के सभी 15 वार्डों में विगत कई दिनों से सफाई व्यवस्था को लेकर परेशान शहरवासियों को मंगलवार के अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई व्यवस्था कार्य शुरू कराने के बाद राहत भरे पल महसूस किए गए हैं। विगत कई माह से नगरपालिका के गठित होने से पूर्व बजट के अभाव में गंदगी के ढेर लगे हुए थे।

जहां नगरपालिका की नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी चौधरी द्वारा शहर से गंदगी हटाने का कार्य मंगलवार से युद्ध स्तर पर शुरू कराया गया है। अधिशासी अधिकारी चौधरी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी 15 वार्डों की सफाई कार्य शुरू करवाया गया एवं सभी 15 वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था करवाई जाएगी। शहर में नियमित सफाई व्यवस्था के लिए 16 सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्र में विगत कई माह से जमी गंदगी को उठते देख शहरवासियों के चेहरे भी खिले हुए नजर आने के साथ नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

### सांसद योगी का स्वागत

**अलवर,** (निसं)। महंत बालक नाथ योगी को भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व दिए जाने पर अलवर जिले को गौरवान्वित किया। सांसद अलवर महंत बालक नाथ योगी के स्वागत के लिए वीडीआई कॉलोनी चिकाणी के पास स्वागत समारोह आयोजित किया।

राष्ट्रीय सचिव निर्मल सूरा ने अवगत करते हुए बताया कि हिंदू वाहिनी संगठन तथा बदरपुर मंडल भाजपा तथा औड समाज के द्वारा जबरदस्त स्वागत समारोह किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता भारतीय जनता पार्टी, हिंदूवादी संगठन से निर्मल प्रकाश सूरा राष्ट्रीय सचिव, मनोज भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, मुकेश सांवरिया, प्रदेश अध्यक्ष गौ रक्षा पीठ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे मुल्क राज बीका पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा पदाधिकारी गण में देशराज वर्मा, देशराज खरेरा, जय भगवान जाटव, लक्ष्मी जाटव, सतवीर यादव, मंडल अध्यक्ष बदरपुर भाजपा,रमन गुलाटी, विनय शर्मा, फूल सिंह गुर्जर, राजेंद्र, सुरेंदर, अजय सरपंच, सुरजीत हेमंत, मुकेश, चेतराम, राजेश नागर मनी सांवरिया,लेखराज आदि उपस्थित रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
**(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)**
CIN : L65110TN2014PLC097792
**पंजीकृत कार्यालय- केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031**
**फोन-** +91 44 4564 4000 **फैक्स-** +91 44 4564 4022
**प्राधिकृत अधिकारी- सरदीप राठौड़, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल- sardeep.rathore@idfcbank.com**

**परिशिष्ट-IV-ए**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधन/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 20.07.2023 को ''जहाँ है जैसी है'' ''जो कुछ है यह है'' तथा ''जो कुछ है वहाँ है'' के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता नं. 14652189, 15069789, 32254495, 32305646, 15658275 में 15.07.2022 को बकाया रूपये 1,53,34,758.08/- की कमल टाइल्स एण्ड सैनीटरी, 2. मीना गुप्ता, यश गुप्ता (स्व. सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी की हैसियत से) 3. रिमझिम गुप्ता (स्व. सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी को हैसियत से) 4. कमला देवी पत्नी स्व. बनवारी लाल गुप्ता (स्व. सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी को हैसियत से), 5. मीना उर्फ मीनू गुप्ता (स्व. सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी को हैसियत से) ऋण ग्रहिता(ओं) एवं सह-ऋणग्रहिता (ओं) के रूप में, से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रुपये-7,000,00/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रुपये-7,00,000/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 19.07.2023 को सायं 5.00 तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 13.07.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 20.07.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति-1 प्लाट नं. 66-ए, की पहली मंजिल, क्षेत्रफल 191.19 वर्गगज, पहली मंजिल की छत पर एक लैट बाथ के साथ (क्षेत्रफल 16.35 वर्ग मीटर) जवाहर नगर कालोनी स्कीम, टौंक रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-प्लाट नं. 65, उत्तर-रोड, पश्चिम-प्लाट नं. 66-बी, दक्षिण-रोड |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फस्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC.
**अस्वीकरण-** कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

स्थान - जयपुर
दिनांक - 03-07-2023
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)

## संक्षिप्त

### बाल अधिकार संरक्षण शिविर कल

**टोंक, (निसं)।** बाल अधिकारों के उल्लंघन की शिकायतों के अभ्यावेदनों को लेने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग शिविर का आयोजन गुरुवार, 6 जुलाई को उपखंड पीपलू में किया जाएगा। आयोग की टीम 5 जुलाई को स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों, बाल देखरेख संस्थानों एवं एनआईसीयू तथा पीआईसीयू का दौरा करेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का कार्य बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों की जांच कर संज्ञान लेना है। साथ ही, बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना, मौजूद कानूनों, नितियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों को जांचना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सिफारिश करना है।

### ट्रेन की चपेट से एक जने की मौत

**खैरथल, (निसं)।** शहर के रेलवे अंडर ब्रिज के पास मंगलवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर खैरथल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर सेटेलाइट हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया। खैरथल थाना पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया व विभिन्न थानों में मृतक का फोटो भेज कर परिजनों का पता लगाने की अपील की है। युवक किस ट्रेन की चपेट में आया इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### नकबजनी गैंग का खुलासा

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह क्षेत्र के मोर थाना पुलिस ने पेट्रोल पम्पों पर नकबजनी व चोरी की वारदातों का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि मोर थाना क्षेत्र सहित हमीरपुर, पंवालिया व संवारिया के पेट्रोल पम्प पर व मकानों में लाखों रूपयों की नकबजनी की वारदात को अंजाम दे फरार आरोपियों की तलाश को लेकर गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रधान मोग्या को गिरफ्तार कर दो बाल अपचारियों को निरूद्ध किया।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**निवाई, (निसं)।** झिलाय रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक जने का शव मिला है। जिससे शहर में सनसनी फैल गई। जिसकी सूचना पर थानाधिकारी छोटेलाल मीणा मय पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी मीणा ने बताया कि झिलाय रोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पंप हाउस में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। इस पर एफएसएल टीम को बुलवाकर विभिन्न सेम्पल लिए। तथा शव को शिनाख्त के लिए सीएचसी की मोर्चरी में रखवा दिया है।

### गंगाजल आज वितरित होगा

**मनोहरपुर, (निसं)।** क्षेत्रवासी विधायक आलोक बेनीवाल की ओर से ऋषिकेश से टैंकरों द्वारा लाया गया पवित्र गंगाजल से सावन मास में भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। पवित्र गंगाजल को बुधवार को त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज, खोरी परमानंद धाम के हरिओम दास महाराज व राधा किशन दास त्यागी के सानिध्य में विधायक आलोक बेनीवाल के मुख्य अतिथि में छोटी प्लास्टिक की झाहरी व बोतलों में भरकर श्रद्धालुओं वितरित किया गया।

### खाद्य पदार्थ लाइसेंस पंजीयन शिविर

**खैरथल, (निसं)।** जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी अलवर द्वारा खैरथल में लगाए गए खाद्य पदार्थ लाइसेंस पंजीयन शिविर में 98 ने पंजियन करवाया। बिना किसी प्रचार प्रसार के महावर भवन में मंगलवार को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों केशव शर्मा, रोशनलाल व हेमंत यादव की टीम द्वारा 98 खाद्य पदार्थ लाइसेंस पंजीयन किये गये।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मनरेगा श्रमिकों ने समय परिवर्तन की मांग को लेकर धरना दिया

**मालपुरा, (निसं)।** नगर पालिका शहरी क्षेत्र में मनरेगा योजना में कार्यरत श्रमिकों ने मंगलवार को समय परिवर्तन की मांग को लेकर पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शहरी क्षेत्र में जरूरतमंद श्रमिकों को रोजगार के लिए राज्य सरकार के आदेशानुसार तकरीबन 300 श्रमिकों को मस्टरोल जारी कर प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक जंगल कटाई सहित अन्य कार्यों पर लगाया गया। बीते एक सप्ताह से भीषण गर्मी के चलते गर्मी से

- बीते एक सप्ताह से भीषण गर्मी के चलते श्रमिक परेशान

बेहाल होने पर महिला श्रमिकों ने मंगलवार को पालिका कार्यालय पहुंच अध्यक्ष व ईओ से मिलने की मांग की लेकिन ईओ द्वारा एसडीएम के साथ शहर में बरसाती नालों की सफाई तथा जगह-जगह आवासीय कॉलोनीयों में जमा बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्थाओं को लेकर मौका निरीक्षण के लिए चले जाने की मिली सूचना पर श्रमिकों ने पालिका परिसर में ही नारे बाजी कर धरना शुरू कर दिया।

श्रमिकों की पीड़ा व धरना प्रदर्शन की मिली सूचना पर मौके पर पहुंची मनरेगा जेईएन व कार्मिकों ने श्रमिकों से समझाईश का प्रयास कर मनरेगा का समय राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किये जाने का हवाला दे काम पर लौटने की समझाईश की। लेकिन श्रमिक समय परिवर्तन की मांग को लेकर प्रदर्शन करते रहे। श्रमिकों ने तकरीबन एक घण्टे से अधिक समय तक धरना व प्रदर्शन कर पालिकाध्यक्ष के आवास पर पहुंच समस्या से अवगत करवाया।



मनरेगा श्रमिकों ने समय परिवर्तन की मांग को लेकर पालिका परिसर में धरना दिया।

## बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा कोटपूतली पूरब मण्डल के बूथ कार्यकर्ता की एक बैठक स्थानीय मोरीजावाला धर्मशाला में अल्पकालीन विस्तारक विजय कम्बोज के मुख्य आतिथ्य व मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड़ की अध्यक्षता में सम्मपन हुई। विजय कम्बोज ने सभी कार्यकर्ताओं को सरल एप्प डाउनलोड कर केन्द्र की योाजनाओं से लाभार्थियों के विडियों अपलोड करने के लिए कहा। मण्डल अध्यक्ष बूथ समिति के सशक्तिकरण के बारे में बताया। मुख्य वक्ता जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र चोधरी एवं बूथ अभियान विधानसभा प्रभारी एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा ने पार्टी की रीति नीति के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रचार प्रसार करने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। इस अवसर पर मण्डल पालक बगुला प्रसाद स्वामी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज शर्मा , मण्डल महामंत्री मुकेश कसाना, सुधीर यादव, उप प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र रहीसा, अमीचन्द धानका, दिलीप यादव, हवलदार रमेश यादव, पूरण मल यादव, रमेश यादव गोरधनपुरा, ईश्वर स्वामी, विक्रम शर्मा, राजेश रावत, मुनेष जाट आदि उपस्थित रहे।

## पं. प्रदीप मिश्रा की कथा 12 जुलाई से

**अलवर, (निसं)।** अलवर में सिहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा 12 से 18 जुलाई तक होगी।

अलवर शहर के विजय नगर के पूरे ग्राउंड पर वाटरप्रूफ टैंट लगाने का काम जोर-शोर से जारी है। यहां हर समय करीब 15 से 20 हजार लोग रहेंगे। इसके एक दिन पहले 11 जुलाई को अलवर शहर में एकलिंग महादेव मंदिर मन्नी का बड से विजय नगर ग्राउंड कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को कथा कराने वाली समिति के प्रमुख प्रमोद विजय ने दी। श्री सत भारतीय सामाजिक सेवा संस्थान के प्रमोद विजय ने बताया कि 12 से 18 जुलाई तक जेल चौराहा के पास विजय नगर ग्राउंड पर कथा होगी। कथा का समय दोपहर 1 से 4 बजे तक रहेगा। कथा सुनने के लिए अलवर ही नहीं प्रदेश व देश से कोई भी आ सकता है। जिसके लिए कोई शुल्क नहीं है। न ही कोई वीआईपी पास का इंतजाम रहेगा। जो पहले आएगा उसे पहले जगह मिलेगी। यही व्यवस्था का आधार रहेगा।

विजय ने बताया कि कथा स्थल पर ही भक्तों के रहने और खाने का इंतजाम किया गया है। यहां रात्रि विश्राम भी करेंगे। यहीं पर नहाने के लिए टॉयलेट व बाथरूम बनाए गए हैं। मेडिकल फैसेलिटी भी रहेगी। भक्त अपने जूते चप्पल को पहले ही बैग में रख लें। ताकि उनको बार-बार ढूंढने नहीं पडें। कथा 18 जुलाई तक चलेगी। आखिरी दिन 18 जुलाई को विशाल भंडारा रहेगा। अग्रवाल मिष्ठान भंडार तिजारा की ओर से भंडारा होगा। जिसमें कोई भी भक्त आकर प्रसादी ले सकता है। दशहरा मैदान पर वाहन की पार्किंग रहेगी। वाहन विजय नगर ग्राउंड पर नहीं आ सकेंगे। शहर में आने-जाने के लिए ई-रिक्शा व बाल वाहिनी की मदद ले सकते हैं। इसके अलावा धर्मशालाओं में भी रुक सकते हैं।

# महिला जन आक्रोश रैली के लिए जन-सम्पर्क किया

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान की गहलोत सरकार के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने जन आक्रोश रैली के लिए मोर्चा खोल दिया है।

भाजपा द्वारा आज जयपुर में आयोजित होने वाली महिला मोर्चा जन आक्रोश रैली में राजस्थान के हर एक विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं व महिलाओं की उपस्थिति दर्ज करवा रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने भी विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पावटा, प्रागपुरा, मैड, तेवडी, विराटनगर सहित अनेक गांवों में जन सम्पर्क कर महिलाओं से रैली को सफल बनाने की अपील की।

इस रैली के लिए भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। आज भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी के नेतृत्व में गाडियां का विशाल काफिला जयपुर के लिए रवाना होगा। प्रदेश भाजपा कार्यालय, जयपुर में आयोजित होने वाली इस महिला जन आक्रोश रैली के लिए किये गए जन सपर्क के दौरान विराटनगर महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्षा सीमा सैनी, प्रागपुरा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पा गुप्ता, पावटा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित विधानसभा क्षेत्र की अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ( बीच में ) ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया।

# गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर आयोजित

- जल संरक्षण की प्राचीन विधियों को अपनाकर ही जल संकट से निजात दिलाई जा सकती है : वॉटरमैन राजेन्द्र सिंह

**कोटपूतली, (निसं)।** शांति एवं अहिंसा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा मंगलवार को कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में उपखण्ड स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लेते हुए रमन मैग्सेस पुरूस्कार विजेता व वॉटरमैन के नाम से सुप्रसिद्ध जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले डॉ. राजेन्द्र सिंह ने गांधी दर्शन में जल संरक्षण पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रचलित जल संरक्षण की प्राचीन विधियों को अपनाकर ना केवल देश व प्रदेश बल्कि पूरे विश्व को जल संकट से उभारा जा सकता है। आने वाले समय में गांधी जी के सिद्धांतों पर जल की आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है। क्योंकि हर जगह जल संकट गहरा गया है। उन्होंने पानी का महत्व बताते हुए कहा कि हमें हर तरीके से जल संरक्षण करना है नहीं तो वो दिन भी दुर नहीं जब लोग पीने के पानी के लिए तरसेंगे। सिंह ने कहा कि देश में बढ़ रही अशांति व हिंसा को देखते हुए उन्होंने समाजसेवी सुब्बा राव व पीवी राज गोपाल ने केन्द्र सहित सभी राज्य सरकारों से शांति व अहिंसा निदेशालय खोलने की मांग की थी। जिसे केवल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गंभीरता से लेते हुए निदेशालय खोला, जिसके द्वारा महात्मा गांधी समेत बाबा साहब व सभी महानुभावों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कोटपूतली में लैपर्ड सैंचुरी खोले जाने पर गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव को बधाई देते हुए सुत की माला पहनाकर अभिनन्दन भी किया। साथ ही अवैध खनन व खनन माफिया को लेकर किये गये आन्दोलन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव की सराहना करते हुए भविष्य में जल, जंगल व जमीन की लड़ाई जारी रखने की बात कही। मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसने शांति एवं अहिंसा विभाग की स्थापना कर गांधी जी के दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। गांधी जी के विचारों का महत्व हर समय में रहा है। देश में गांधी जी के सिद्धांतों को अपनाकर संविधान का पालन करना चाहिये। किसी भी समस्या का समाधान प्राप्त करना हो तो अहिंसा के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए महात्मा गाँधी व बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के विचार अधिक प्रासंगिक हो गये है। बिना इन्हें अपनाये कोई भी देश व समाज प्रगति नहीं कर सकता। गाँधीवादी चिंतक धर्मवीर कटेवा ने महात्मा गाँधीजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी सुरत में इंसान को डरना नहीं चाहिये।

वहीं गाँधीवादी विचारक रमेश भाई ने गाँधी दर्शन पर भजन प्रस्तुत किया। इससे पूर्व स्थानीय नगर परिषद पार्क से वॉटरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह ने बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गाँधी दर्शन यात्रा को रवाना किया।

## बालाजी मंदिर में बही भजनों की सरिता

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय श्री बालाजी मंदिर में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार रात भजनों की सरिता बहाई गई साथ ही संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी गई।

श्री बालाजी परिवार खैरथल की ओर से महाआरती का सांय सात बजे का आयोजन किया गया। परिवार के हितेश शर्मा ने बताया कि महाआरती के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद बालाजी महाराज के अर्धरात्रि तक चले संकीर्तन में स्थानीय गायक कलाकारों एवम् भरतपुर से राधिका शर्मा बालाजी महाराज के भजनों की अमृत वर्षा की। इस अवसर पर मंदिर समिति के नरेश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, घनश्याम गोयल, आनन्द गुप्ता, प्रमोद सिंघानिया, राहुल बंसल, मनोज गुप्ता, श्याम सैनी, प्रदीप खंडेलवाल समेत अनेको सेवादार मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**चाकसू, (निसं)।** जयपुर जिले में भाजपा का चल रहा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के तहत मंगलवार को चाकसू के कोटखावदा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गिर्राज मीना ने की। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संसदीय सचिव लक्ष्मीनारायण बैरवा ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि, बूथ स्तरीय कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। आगे कहा कि, महामारी की विषम परिस्थिति में भी केंद्र सरकार ने महामारी नियंत्रण के साथ जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि गांव स्तर पर केंद्र सरकार की योजनाओं को लाभ बढ़चढ़कर लोगों को मिल रहा। नरेंद्र मोदी की सरकार महापुरुषों के नाम पर योजनाओं का क्रियान्वयन करती है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाती हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कजोड़ चौधरी, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीना, उपप्रधान आशा चौधरी, मण्डल महामंत्री शिवप्रकाश सेन, महावीर जैन, कैलाश तोड़वाल, उमा शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा विस्तारक, सुंदर दामा अल्पकालिन विस्तारक, रामधन शर्मा, कमलेश शर्मा, जोहरी लाल नेनिवाल, शंकर लाल मीणा, रामकिशोर गुर्जर, शिवचरण गुर्जर, ओमप्रकाश शर्मा, महिला मोर्चाध्यक्ष मंजू कंवर, युवा मोर्चा राकेश मीना, शंकर मीना आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के जन्मदिन पर युवा सम्मेलन आयोजित

- सांसद राठौड़ ने युवा सम्मेलन में लिया भाग, कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा

**पावटा, (निसं)।** भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ टोरडा द्वारा होटल होली डे फन में भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य व कुलदीप धनखड़ पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा राजस्थान, अंकित चेची पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो जयपुर देहात, यादराम जांगल भाजपा नेता कोटपुतली, रविन्द्र सिंह शेखावत जिला मंत्री भाजपा जयपुर देहाय उत्तर, कैलाश स्वामी मंडल अध्यक्ष कोटपुतली दक्षिण, रमेश रावत मंडल अध्यक्ष कोटपुतली पश्चिम, धूड सिंह शेखावत पूर्व जिला पार्षद, नरेन्द्र सिंह शेखावत चेयरमैन नगर निगम जयपुर ग्रेटर, उदय सिंह तंवर भाजपा नेता कोटपुतली, सौरभ सिंह शेखावत जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो जयपुर देहात उत्तर, नितिन सिंह शेखावत मंडल अध्यक्ष भाजयुमो कोटपुतली दक्षिण, उप प्रधान पंचायत समिति कोटपुतली राजेंद्र रहीसा के विशिष्ट आतिथ्य में युवा सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाजपाइयों ने सांसद राठौड़ का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में युवाओं को केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के उद्यम और दृढ संकल्प पर निर्भर करता है कि उनकी प्रतिभा और क्षमता देश को गौरवान्वित करने में विशेष भूमिका निभाती है। सांसद राठौड ने केंद्र सरकार की नीतियों व उपलब्धियों के बारे मे बताते हुए कहा की देश पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ रहा है। आज भारत की युवा पीढी विश्व में सफलता के परचम लहरा रही है। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। इस दौरान सांसद राठौड ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस शासन में राजस्थान दुष्कर्म के मामलो में नंबर वन और पेपर लीक, हत्या, लूटपाट जैसे अपराध तो चरम पर है। जबकि विकास व सुशासन के नाम पर पिछडा हुआ है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति के चलते प्रदेश अलगाववादियों की शरणस्थली बन रहा है।



युवा सम्मेलन को सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ( दाएं से चौथे ) ने संबोधित किया।

## सार-समाचार

### भंडारे में 10 लाख की घोषणा की



**बहरोड़/ नीमराणा, (निसं)।** पंचायत समिति नीमराना की ग्राम पंचायत सिरियानी में आयोजित हनुमान जी महाराज के भंडारे एवं कुश्ती दंगल में पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता बलवान सिंह यादव ने बाबा का आशीर्वाद लेकर बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ने की दावेदारी करते प्रधान कोटे से गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं सीवर लाइन के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। जिसमें उन्होंने गांव के सरपंच व जिला पार्षद वेद प्रकाश खबरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं व कुश्ती दंगल में पहलवानों से मुलाकात की। वहीं आयोजित कार्यक्रम में यादव ने सभी ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह हमेशा गांवों के लिए विकास कार्यों में पीछे नहीं रहते और इसी के चलते उन्होंने गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं सीवर लाइन के लिए 10 लाख रुपए के विकास कार्य की घोषणा की। और आने वाले चुनाव में बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में यदि पार्टी में टिकट दिया तो विधायक का चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते मुलाकात की। इस अवसर पर सिरियानी सरपंच उमाशंकर यादव, अजीत यादव पंचायत समिति सदस्य, वेद प्रकाश खबरी जिला पार्षद एवं मेला कमेटी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शिवालयों में उमड़ी भीड़

**पावटा, (निसं)।** मंगलवार से शुरू हुए सावन के दिन जहां इंद्रदेवता ने बारिश से क्षेत्र को जलमग्न कर दिया, वहीं श्रद्धालुओं ने भी शहर के सभी शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग स्वरूप पर जलाभिषेक कर उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास किया। सावन के पहले दिन कस्बे के गणेश मंदिर, बाबा भूतनाथ मंदिर, हखडेत हनुमान मंदिर, नरसिंग मंदिर सहित अन्य मंदिरों के शिवालयों पर सुबह से ही भीड़ रही। यहां दिन भर जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के कार्यक्रम हुए। वहीं बाबा भूतनाथ मंदिर महंत केशवदास महाराज ने बताया कि, इस मंदिर में पुराणों के अनुसार शिव अराधना से मनुष्य की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर मात्र जल चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं। वहीं बाबा भूतनाथ कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि सावन के पहले दिन कस्बे के बाबा भूतनाथ मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड लगी रही।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया

**फागी, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहांत दक्षिण मंडल फागी उत्तर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन आदर्श विधा मंदिर फागी देवनगर कॉलोनी फागी में हुआ। जिसमें मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जयपुर जिला अध्यक्ष रामानंद गुर्जर पूर्व विधायक डॉ प्रेम चन्द बैरवा, जिला मंत्री पूनम यादव, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री गोविन्द सिंह धाभाई, जिला विस्तारक सुरेश साकया, पिंकी बुहाडिया, भाजपा फागी मंडल अध्यक्ष रंगलाल गुर्जर, महामंत्री सर्वेश्वर तिवारी, हेमराज देवतवाल, विनोद चौधरी, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरलाल चौधरी, किसान मोर्चा के दिलिप सिंह, हीरालाल लाल बैरवा, पंचायत समिति के सदस्य ब्रजमोहन बैरवा, सुरेश कुरनावा, युवा मोर्चा महामंत्री गंगा राम गुर्जर भगवान जोशी विष्णु कुमावत राजेश सूत्रकार रूपनारायण गुर्जर हनुमान सैन व सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व सभी मंडल पदाधिकारी शक्ति केन्द्र संयोजक व प्रभारी बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

### फसलों का निरीक्षण किया



**फुलेरा, (निसं)।** राज्य के कृषि विभाग द्वारा अलग-अलग गांवों में जाकर वर्तमान में खरीफ की फसल में बोई गई मूंगफली, ग्वार, मूंग-मोठ व बाजरा की फसलों का निरीक्षण कर फसलों के रख-रखाव एवं फसल सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कृषि अधिकारी मोहन लाल बाना एवं राजकुमार सोनी ने काजीपुरा, खण्डेल, ईटावा, काचरोदा सहित आसपास के गांवो मे जाकर फसलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कृषि अधिकारियों को मूंगफली की फसलों में कहीं-कहीं पर काली-जड़ और पीलापन पाये जाने पर किसानों को सलाह देते हुए बताया कि काली जड़ की रोकथाम के लिए एक लीटर टेबुकोलाजोन को प्रति हेक्टेयर में ड्रेन्च करे अथवा कारबान्डिजिम मेनकोजैब को यूरिया मे मिलाकर बुरकाव करें तथा फसल में पीलापन को दूर करने हेतु फेरस सल्फेट या जिंक सल्फेट को मृदा स्वास्थ कार्ड के अनुसार उपयोग करे।

### विधायक का जन्मदिन आज

**निवाई, (निसं)।** निवाई पीपलू विधायक प्रशांत बैरवा के जन्म दिवस को लेकर कई स्थानों पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा समारोह पूर्वक धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल चौधरी एवं शहर अध्यक्ष पारस पहाडी ने बताया कि बुधवार को विधायक प्रशांत बैरवा के जन्मोत्सव पर ललवाडी चौराहे पर स्थित विधायक फार्म हाउस पर कांग्रेस के सैकडों कार्यकर्ताओं द्वारा कैक काटकर विधायक प्रशांत बैरवा माला एवं साफा पहनाकर धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** अखील भारतीय च्यवन गौड ब्राहम्ण समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद लाल शर्मा के नेतृत्व में समाज बंधुओं ने समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि आंवटन सहित अन्य मांगों को लेकर पालिकाध्यक्ष सोनीया सोनी को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाल शर्मा सहित पूर्व मालपुरा सभाध्यक्ष रामरतन गिरदावर, चिरंजीलाल व्यास, बंशी लाल चौकायत, गिरीराज व्यास, सुरेश चिन्दोला, कमलेश शर्मा, रामजीलाल , प्रहलाद चिंदोला,दामोदर कांदला, माधोलाल, भगवान शर्मा रामप्रसाद पीटीआई, सुरेन्द्र बाबा, सहित समाज बंधुओं ने धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि आवंटन सहित अजमेर रोड व पुरानी तहसील शमशान घाट पर सामुदायिक भवन निर्माण, चारदिवारी निर्माण, एवं टीनशेड निर्माण की मांग की। पालिकाध्यक्ष ने ब्राहमण समाज के प्रबुद्ध जनों को आगामी बोर्ड बैठक में उनके द्वारा की गई मांग के प्रार्थना पत्र को रखने तथा सकारात्मक कार्य करने का विश्वास दिलाया।


**NAME CHANGE**

I JC-821085W Rank-Nb Sub Name Shivjit Kumar Sinh of South Western Command Provost Unit, c/o 56 APO have changed my son's name from Kamal Nayan Singh to Kamal Nayan vide affidavit dated 30.06.2023 before District Court Jaipur Rajasthan.

मैंने अपना नाम डेनियल राठौड (DENIYAL RATHORE) से बदलकर डेनियल सिंह राठौड (DANIEL SINGH RATHORE) पुत्र श्री मोती सिंह राठौड रख लिया है भविष्य में मुझे डेनियल सिंह राठौड के नाम से जाना जावें। पता निवासी 78 विनायक विहार-डी कालवाड रोड गोविन्दपुरा झोटवाडा, जयपुर

**खोया-पाया**

बाबा आरएन गौड गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर का रजिस्ट्रेशन नम्बर 59/एल के द्वारा विकसित की गई योजना श्रीराम वाटिका, मोहनपुरा, सांगानेर का प्लाट संख्या 63 का पट्टा कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। रजनी शर्मा 50/311 सैक्टर-5 प्रतापनगर-8005920915

व्यावसायिक भूखण्ड सं. 68/ए-1 Strip of Lend प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। Bagrrys Hotels Private Ltd. (Auth.-Ramanand Saraswat) 9214242148

गांधी नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना कस्तूरबा नगर के भू.सं. पुराना 116-117 नया 119-120 का सोसायटी से जारी पट्टा, साईट प्लान व रसीद खो गई है सूचित करें। सुभाष सिहाग-9413337614



मुझे लगता है कि जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने में आमतौर पर अनदेखी होती है। इसलिए खिलाड़ियों को खेलों में आने के लिये प्रेरित करने की जरूरत है।

-दिलीप टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष, युवाओं को खेल से जोड़ने को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **श्रेयंका पाटिल**



**युवा** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल से गुयाना एमेजॉन वारियर्स ने करार किया है जिससे वह महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने वाली पहली भारतीय बन गयीं। महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 31 अगस्त से 10 सितंबर तक खेली जायेगी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने भारतीय महिला क्रिकेटरों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति दी है जिसमें शीर्ष खिलाड़ी जैसे कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष समय समय पर आस्ट्रेलिया में डब्ल्यूबीबीएल और इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' से खेलती रही हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** वर्तमान में 80 से अधिक देश पोलो खेलते हैं। पोलो 1900 से 1936 तक ओलंपिक खेल था और इसे अब एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने मान्यता प्रदान की है।

# वेस्टइंडीज में टीम इंडिया ने खेला ''बीच'' वॉलीबॉल

## रोहित-विराट बारबाडोस पहुंचे, 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले एक हफ्ते का प्रैक्टिस कैंप

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली भी बारबाडोस पहुंच चुके हैं। भारतीय टीम आज से प्रैक्टिस शुरू करेगी।

एक दिन पहले सोमवार को रोहित, विराट सहित टीम के खिलाड़ियों ने बारबाडोस में बीच वॉलीबॉल खेला। ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली सहित अन्य भारतीय खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। विराट कोहली सोमवार को टीम के साथ जुड़े। भारतीय खिलाड़ी सोमवार को बारबाडोस में बीच वॉलीबॉल खेलते हुए।



**2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले कैंप :** भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 जुलाई से 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। उससे पहले टीम का बारबाडोस में एक हफ्ते का कैंप लगाया जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों को 3 जुलाई तक बारबाडोस पहुंचने के निर्देश दिया है। रोहित शर्मा शनिवार को बारबाडोस पहुंचे थे। विराट सोमवार को टीम के साथ जुड़ गए। टीम इंडिया को पहले टेस्ट से पहले दो अभ्यास मैच भी खेलने हैं। तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज भी वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया पहले दो टेस्ट मैच खेलेगी। पहला मैच 12 जुलाई और दूसरा 20 जुलाई से होगा। वनडे सीरीज 27 जुलाई से शुरू होगी, वहीं पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3 अगस्त से 13 अगस्त तक चलेगी।

**ब्रायन लारा वेस्टइंडीज के परफॉर्मेंस मेंटर नियुक्त:** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा को भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले परफॉर्मेंस मेंटर नियुक्त किया है। वेस्टइंडीज टीम इस साल 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है। लारा वेस्टइंडीज के लिए 131 टेस्ट और 299 वनडे मैच खेल चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में लारा ने 52.88 की औसत से 11953 रन बनाए हैं। वहीं वनडे में उन्होंने 10405 रन बनाए हैं।

## इमर्जिंग एशिया कप में ढुल होंगे भारत के कप्तान

मुंबई, 04 जुलाई। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज यश ढुल 13 से 23 जुलाई के बीच होने वाले इमर्जिंग एशिया कप 2023 में भारत-ए की कप्तानी करेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।

श्रीलंका के कोलंबो में होने वाले टूर्नामेंट के लिये अभिषेक शर्मा को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत को 2021 में अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले कप्तान ढुल की अगुवाई में चुनी गयी टीम में साई सुदर्शन, रियान पराग, प्रभसिमरन सिंह और ध्रुव जुरेल का नाम भी शामिल है।

सौराष्ट्र के पूर्व खब्बू बल्लेबाज सितांशू कोटक को टीम का कोच चुना गया है, जबकि हर्ष दुबे, नेहल वढेरा, स्नेल पटेल और मोहित रेडकर अतिरिक्त खिलाड़ी के तौर पर भारतीय टीम के साथ सफर करेंगे। आठ एशियाई देशों के बीच खेला जाने वाला टूर्नामेंट 50 ओवर के प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। भारत-ए को ग्रुप बी में नेपाल, यूएई-ए और पाकिस्तान-ए के साथ रखा गया है जबकि श्रीलंका-ए, बंगलादेश-ए, अफगानिस्तान-ए और ओमान-ए को ग्रुप-ए में रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पहला सेमीफाइनल ग्रुप-ए की शीर्ष टीम और ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच होगा। दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप-बी की शीर्ष टीम ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। दोनों सेमीफाइनलों में विजयी रहने वाली टीमें 23 जुलाई को फाइनल खेलेंगी।

## रेविस हेड ने बेयरस्टो रनआउट पर किया खुलासा

लंदन। जॉनी बेयरेस्टो के विवादास्पद रनआउट पर ऑस्ट्रेलिया के बैटर ट्रेविस हेड ने कहा कि बेयरस्टो ने उन्हें इसी अंदाज में रनआउट करने की कोशिश कर चुके है। विलो टॉक पॉडकास्ट से बात करते हुए, हेड ने खुलासा किया कि एजबेस्टन में पहले टेस्ट के दौरान वह बेयरेस्टो के हाथों ओवर के बाद क्रीज चेंज करने के बाद आउट होने के कगार पर थे।

**पहले टेस्ट में बेयरेस्टो ने दी धमकी - ट्रेविस हेड:** हेड ने कहा कि पहले टेस्ट में उनके साथ ऐसा हो चुका है। हेड ने बताया कि, एजबेस्टन टेस्ट में मैं आखिरी ओवर के बाद क्रीज से बाहर चला गया था। इस पर बेयरस्टो ने मुझे आउट करने की वार्निंग दी। मैंने बेयरस्टो से पूछा कि क्या आप मुझे इस तरह आउट कर देंगे? तब बेयरेस्टो ने कहा-हां, बिलकुल।

**क्या है बेयरस्टो रनआउट विवाद :** लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए एशेज टेस्ट के 5वें दिन इंग्लिश टीम 371 रन का टारगेट चेज कर रही थी। कप्तान बेन स्टोक्स ने बेन डकेट के साथ 132 रन की साझेदारी की। डकेट के आउट होने के बाद विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स ने साझेदारी शुरू की, लेकिन 52वें ओवर की आखिरी गेंद पर बेयरस्टो रनआउट हो गए। उनके रनआउट पर विवाद खड़ा हो गया। बेयरस्टो ओवर की आखिरी गेंद को छोड़ने के बाद स्टोक्स से बात करने के लिए क्रीज से बाहर निकल गए। उन्हें क्रीज से बाहर देख ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने बॉल को थ्रो किया और गिल्लियां बिखेर दीं। बेयरस्टो विकेटकीपर, फील्डर या अंपायर को बता कर क्रीज से बाहर नहीं निकले थे। इसीलिए गेंद डेड नहीं हुई और ऑस्ट्रेलिया की अपील के बाद थर्ड अंपायर ने भी बेयरस्टो को आउट करार दे दिया। नियम के अनुसार, बेयरस्टो आउट थे, लेकिन यहां खेल भावना का मुद्दा खड़ा हो गया। दरअसल, बेयरस्टो रन लेने के लिए क्रीज से बाहर नहीं निकले थे, वह तो ओवर खत्म होने के बाद अपने साथी से चर्चा करने के लिए जा रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर ने इसी बात का फायदा उठाया और डायरेक्ट थ्रो मार दिया। बेयरस्टो 10 रन बनाकर आउट हो गए।

**दोनों देशों के प्रधानमंत्री आमने-सामने :** इस बीच एशेज रन आउट विवाद पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज आमने सामने आ गए है। ब्रिटिश ऋषि सुनक ने दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान जॉनी बेयरस्टो रनआउट विवाद पर ऑस्ट्रेलियंस पर तंज कसा। सुनक के स्पोक्सपर्सन ने एक मीडिया ब्रीफ में कहा, प्रधानमंत्री सुनक इस मसले पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की बात से सहमत हैं। स्टोक्स ने मैच के बाद कहा था, इस तरह का रनआउट खेल भावना के विरुद्ध है। हम ऑस्ट्रेलिया की तरह मैच नहीं जीतना चाहते हैं।

## विम्बलडन में स्वियातेक की आसान जीत

लंदन। टॉप सीड इगा स्वियातेक, नोवाक जोकोविच और कैस्पर रूड ने दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट विम्बलडन में आसान जीत से शुरुआत की, हालांकि पहले दिन सोमवार को लंदन में बारिश ने फैंस के रोमांच में खलल डाला। बारिश की बाधा के कारण कई मैचों में विलंब हुआ, तो कुछ छत बंद करके सेंटर कोर्ट पर खेले गए। इससे पहले, मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम की शुरुआत हुई। यहां टूर्नामेंट की आयोजक संस्था ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में केरल की स्नैक बोट रेस को प्रमोट किया। क्लब ने एक फोटो पोस्ट की, जिसमें दुनिया के टॉप टेनिस स्टार स्नेक रेस में हिस्सा लेते दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो को खूब पसंद किया गया।

**टॉप सीड स्वियातेक की आसान जीत, लिन को सीधे सेटों में हराया :** पहले दौर के मुकाबले में टॉप सीड इगा स्वियातेक ने आसान जीत दर्ज की। उन्होंने चीन की एल झू को 6-1, 6-3 से हराया। लेडीज सिंगल्स में 5वीं सीड सी. गार्सिया और चौथी सीड

**जे पेगुला ने भी आसान जीत हासिलरूड और जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत :** जेंटलमैन सिंगल्स में कैस्पर रूड को पहली जीत के लिए खूब पसीना बहाना पड़ा। उन्होंने एल. लोकोली को 6-1, 5-7, 6-4 और 6-3 से हराया, जबकि दूसरी सीड नोवाक जोकोविच ने पी कैचिन को 6-3, 6-3 और 7-6 से हराया। सर्बियन स्टार जोकोविच बतौर डिफेंडिंग चैंपियन खेल रहे हैं। की।

**साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम है विम्बलडन :** टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरुआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है।

## छंगटे, मनीषा चुने गये साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

नयी दिल्ली, 04 जुलाई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने लल्लिंज़ुआला छंगटे को साल का सर्वश्रेष्ठ सीनियर पुरुष फुटबॉलर चुना है, जबकि मनीषा कल्याण को साल की सर्वश्रेष्ठ सीनियर महिला फुटबॉलर के पुरस्कार से नवाज़ा गया है। एआईएफएफ ने आम सभा की वार्षिक बैठक के बाद मंगलवार को इसकी घोषणा की। साल 2022-23 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोचों का चयन प्रख्यात पूर्व खिलाड़ियों द्वारा किया गया, जो एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के सह-चयनित सदस्य भी हैं। इस बीच, 21 वर्षीय आकाश मिश्रा और 16 वर्षीय शिलजी शाजी को क्रमशः पुरुष एवं महिला वर्ग में साल के उभरते हुए खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। ओडिशा एफसी को सुपर कप जिताने वाले क्लिफोर्ड मिरांडा को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच आंका गया। भारत की अंडर-17 महिला टीम की मुख्य कोच और सीनियर महिला टीम की सहायक प्रिया पीवी ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच का सम्मान जीता।

## जर्मनी, स्पेन दौरों के लिये भारतीय टीम घोषित

बेंगलुरु, 04 जुलाई। हॉकी इंडिया ने जर्मनी और स्पेन के दौरों के लिये 20-सदस्यीय महिला टीम की घोषणा मंगलवार को की। भारतीय टीम पहले जर्मनी में चीन के साथ एक और मेज़बान देश के साथ दो हॉकी टेस्ट खेलेगी। इसके बाद भारतीय महिलाएं स्पैनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ पर मेज़बान स्पेन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ चतुष्कोणीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। यह दोनों आयोजन सितंबर में चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय टीम की तैयारी का हिस्सा होंगे। भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी यहां चल रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर को पूरा करने के बाद यूरोप के लिये रवाना होंगे। टीम का नेतृत्व गोलकीपर सविता पूनिया करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। बिच्छू देवी खरिबम टीम में नामित दूसरी गोलकीपर हैं, जबकि दौरे के लिये चुने गये डिफेंडरों में दीप ग्रेस एक्का के अलावा निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और सुशीला चानू पुखरंबम का नाम शामिल है।

निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के और ज्योति छत्री मिडफील्ड का मोर्चा संभालेंगी। भारत की फॉरवर्ड पंक्ति का नेतृत्व अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया करेंगी। उनके साथ लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी और दीपिका भी शामिल होंगी। मुख्य कोच जैनेक शोपमैन ने टीम चयन पर कहा, स्पेन और जर्मनी का दौरा हमारी टीम के लिये अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिर से अपनी क्षमता और कौशल दिखाने और एशियाई खेलों के लिये अपनी तैयारी जारी रखने का एक शानदार अवसर होगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं उत्साहित हूं क्योंकि खिलाड़ी इस शिविर में उच्च स्तर का प्रदर्शन कर रहे हैं और वे अपने खेल को बेहतर बनाने के लिये अथक प्रयास कर रहे हैं। दोनों दौरे हमारे लिये मजबूत विरोधियों के खिलाफ खुद को परखने का एक आदर्श मंच होंगे। हमारा लक्ष्य अपना खेल खेलना और इस शिविर और पिछले दौरे से मिली सीख पर अमल करना है।'' शोपमैन ने कहा, आगामी एशियाई खेलों के संबंध में भी ये दौरे हमारे लिये महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि ये हमें उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करेंगे जहां हम अपने प्रदर्शन को और बेहतर बना सकते हैं। हमारे लिये प्रत्येक मैच से सीखना और एक टीम के रूप में आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है।''

## वनडे रैंकिंग के शिखर पर पहुंचने वाली पहली श्रीलंकाई महिला बनीं अटापट्टू

दुबई, 04 जुलाई। न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला में दो नाबाद शतक जड़ने के बाद श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू बल्लेबाजों की महिला वनडे रैंकिंग में मंगलवार को शीर्ष पर पहुंच गईं। अटापट्टू वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली श्रीलंका की पहली महिला हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, अटापट्टू 758 रेटिंग पॉइंट के साथ महिला वनडे रैंकिंग के शिखर पर हैं। अटापट्टू छह पायदान चढ़कर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को हटाकर प्रारूप की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनीं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में नाबाद 108 रन बनाये जिससे श्रीलंका को वर्षाबाधित मैच में 172 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली।

# क्या फाइनल की हैट्रिक बना सकता है भारत

## साउथ अफ्रीका से पार पाना मुश्किल

नई दिल्ली। ऐशेज के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप-2023-25 की शुरुआत हो चुकी है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 12 जुलाई को वेस्टइंडीज दौरे पर रोसो टेस्ट के साथ करेगा। चैंपियनशिप के पिछले दो एडीशन में भारतीय टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया है। ऐसे में हर भारतीय फैंस के मन में सवाल है कि क्या भारतीय टीम इस सीजन के फाइनल में पहुंच पाएगी या नहीं। यदि भारतीय टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंच जाती है, तो के फाइनल की हैट्रिक बना लेगी। इस स्टोरी में हम इसी सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। हमने भारतीय टीम के वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अवे और न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ 2-2 होम सीरीज के परिणाम निकाले, क्योंकि चैंपियनशिप में अब तक दो सीजन ही खेले गए हैं।

**शुरुआत 2023-25 के शेड्यूल से, भारत का होम शेड्यूल आसान, अवे में कठिनाई :** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत का होम शेड्यूल आसान है, जबकि अवे शेड्यूल कठिन है। टीम इंडिया की वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज घर से बाहर होंगी, जबकि न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश के साथ मुकाबले घर में खेलने होंगे।

चैंपियनशिप में भारत को कुल 6 सीरीज खेलनी है। इनमें 3 सीरीज बाहर (अवे) और तीन सीरीज घर (होम) में होंगी।

वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया से पिछली दोनों सीरीज जीतीं, अफ्रीका से कभी नहीं जीते

वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के मैदानों पर भारतीय टीम के प्रदर्शन पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि टीम इंडिया की सीरीज जीत का 100 फीसदी रहा है, लेकिन साउथ अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम अब तक एक भी सीरीज नहीं जीत सकी है। ऐसे में अफ्रीका का दौरा भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत पिछली दो सीरीज में एक भी मैच नहीं हारा है, टीम ने 6 मुकाबलों में 4 जीते हैं, जबकि 2 ड्रॉ रहे हैं। साथ ऑस्ट्रेलियाई सरजमी पर टीम इंडिया ने पिछली दो अवे सीरीज में 8 टेस्ट खेले हैं। इनमें से टीम को 2 में पराजय मिली है, जबकि चार जीते हैं। शेष 2 टेस्ट बराबरी पर समाप्त हुए। साथ ही साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत ने पिछले दो दौरों पर 6 मैच खेले हैं।

# पीवी सिंधु की रैंकिंग 3 पायदान गिरी: 12वीं से 15वीं रैंक पर पहुंची

नई दिल्ली। डबल ओलंपिक मेडल विनर पीवी सिंधु मंगलवार को जारी नई विमेंस सिंगल्स बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रैंकिंग में तीन स्थान फिसलकर 15वें स्थान पर आ गईं। सिंधु इस साल अपील में एलिट टॉप 10 से बाहर हो गई थी। सिंधु के अब 13 टूर्नामेंटों में 51,070 अंक हैं। विमेंस सिंगल्स में जापान की अकाने यामागुची 1 लाख 03 हजार 717 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है।



**रैंकिंग कैसे तय होती है :** सबसे ज्यादा 13 हजार पॉइंट्स वर्ल्ड चैंपियनशिप और ओलिंपिक जीतने पर मिलते है। टोटल पॉइंट्स आधार पर वर्ल्ड रैंकिंग तय होती है। विनर के अलावा, फाइनलिस्ट, सेमीफइनलिस्ट से ले कर टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले शटलर्स को भी ठोड और पायदान के हिसाब से पॉइंट्स दिए जाते है। जिसके ज्यादा पॉइंट्स होते है, वह ऊपर होता है।

**इंजरी की वजह से फॉर्म बिगड़ा:** 27 वर्षीय सिंधु इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेंगी, कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने के बाद सिंधु को टखने में फ्रैक्चर हो गया था। पांच महीने की लंबी चोट के बाद सिंधु ने वापसी की थी।

**इस सीजन एक भी टूर्नामेंट नहीं जीता :** सिंधु के लिए इस सीजन बेस्ट परफॉरमेंस मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 का फाइनल और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 का सेमीफाइनल रहा है। इसके अलावा सिंधु कुछ खास नहीं कर कर सकी है।

भारत से सात्विक-चिराग की बेस्ट रैंक

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी दुनिया के तीसरे नंबर के टॉप भारतीय मेंस डबल्स खिलाड़ी हैं। आठवें स्थान पर काबिज एचएस प्रणय मेंस सिंगल्स में टॉप रैंकिंग वाले भारतीय हैं, जबकि लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत क्रमशः 19वें और 20वें स्थान पर हैं। महिला डबल्स में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर हैं।

# नीदरलैंड की जीत से वर्ल्डकप क्वालिफिकेशन की रेस रोमांचक

हरारे। वर्ल्ड कप क्वालिफायर के सुपर-6 मुकाबले में नीदरलैंड ने ओमान पर 74 रनों की जीत हासिल की है। वर्षा बाधित इस मुकाबले में डच टीम की जीत से भारत में 5 अक्टूबर से होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप के क्वालिफिकेशन की रेस रोमांचक हो गई है। अब एक कोटे के लिए तीन टीमें दावेदार हैं। क्योंकि श्रीलंका पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में ओमान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। नीदरलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 362 रन बनाए। जवाब में ओमान 44 ओवर में 6 विकेट 246 रन ही बना पाई थी कि बारिश शुरू हो गई और खेल रोकना पड़ा। आखिर में नीदरलैंड को मैथड के तहत विजेता घोषित किया गया।

**अब समझे पॉइंट्स टेबल का गणित:** पॉइंट्स टेबल में 8 अंक लेकर श्रीलंका पहले ही वर्ल्ड कप का टिकट हासिल कर चुकी है, जबकि जिम्बाब्वे के 4 मैच में 6 और स्कॉटलैंड के 3 मुकाबलों में 4 अंक हैं। नीदरलैंड ने चार मुकाबलों 4 अंक हासिल किए हैं। अगला मैच स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे के बीच मैच होना है। अगर जिम्बाब्वे जीत जाता है, तो टीम क्वालिफाई कर जाएगा और यदि स्कॉटलैंड जीता और नीदरलैंड के रास्ते खुल जाएंगे। नीदरलैंड को अपना आखिरी मुकाबला स्कॉटलैंड से खेलना है।

**विक्रमजीत सिंह का शतक:** नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी की। विक्रमजीत सिंह और मैक्स ऑ डॉड बल्लेबाजी करने उतरे। मैक्स 35 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद वेस्ली बरेसी आए। विक्रमजीत और बरेसी के बीच 80 रन की पार्टनरशिप हुई। विक्रमजीत ने 109 बॉल में 110 रन बनाए। जबकि, बरेसी 97 रन पर आउट हुए। कप्तान सकॉट एडवर्ड्स 4, बास डी लीड 39 रन बना कर पवेलियन लौटे। शाकिब जुल्फिकार ने 17 बॉल में 33 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके बाद तेजा निदामानुरू 2 रन बना कर आउट हुए ,बारिश की वजह से 48 ओवर का खेल हुआ और नीदरलैंड ने 7 विकेट खो कर 362 रन बनाए। ओमान की ओर से बिलाल खान ने 3 विकेट लिए। जबकि, फयाज बट और अयान खान को 1-1 सफलता मिली। मोहम्मद नदीम को 2 विकेट मिली।

## पोप कंधे की चोट के कारण एशेज़ से बाहर

हेडिंगली, 04 जुलाई । इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप दाहिने कंधे की चोट के कारण एशेज़ टेस्ट शृंखला के आगामी तीनों मैचों से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। ईसीबी ने कहा कि लंदन में सोमवार को विस्तृत जांच के बाद पता चला है कि पोप को सर्जरी से गुज़रना होगा। पोप की सर्जरी और रिहैब प्रक्रिया के दौरान इंग्लैंड और सरी काउंटी की मेडिकल टीम उनकी देखरेख करेगी। उल्लेखनीय है कि लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग करते हुए पोप के कंधे में चोट आयी थी। उन्हें अंपायरों के अनुरोध पर मैच के तीसरे दिन फील्डिंग के लिये उतरना पड़ा, जिसने उनकी चोट को और गंभीर बना दिया। इंग्लैंड ने पोप के स्थान पर फिलहाल किसी खिलाड़ी को स्क्वाड में शामिल नहीं किया है। डैन लॉरेंस इंग्लैंड की स्क्वाड में एकमात्र अतिरिक्त बल्लेबाज़ हैं इसलिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में उनका खेलना लगभग तय है। तीसरे टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), मोइन अली, जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, ज़ैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जॉश टंग, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

# एशियाड से पहले डोप में फंसी आधी भारतीय जूडो टीम: ट्रायल में हुआ टेस्ट

## 5 खिलाड़ी फेल; सभी पर अस्थाई प्रतिबंध

भोपाल। हांगझोऊ एशियन गेम्स से पहले भारतीय जूडो टीम में डोपिंग का बड़ा मामला सामने आया है। टीम के 5 खिलाड़ी डोप टेस्ट में फेल हो गए हैं।

अंग्रेजी अखबार न्यू इंडियन एक्सप्रेस ने दावा किया है कि 4 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित ट्रायल्स में इन सभी के सैपल लिए गए हैं। जिनकी जांच रिपोर्ट अब आई है। रिपोर्ट आने के बाद 5 खिलाड़ियों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन इस मामले में भारतीय ओलिंपिक संघ और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को हिला कर रख दिया है। इस पर टीम इंडिया के चीफ कोच यशपाल सोलंकी ने कहा है कि हमें रिपोर्ट के माध्यम से मामले की जानकारी लगी। इनमें से कुछ खिलाड़ियों के डोप टेस्ट भोपाल में कैंप के शुरुआती दिनों में हुए थे। अभी जांच रिपोर्ट आई है। खिलाड़ियों ने कैंप में आने से पहले ही प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया होगा।




मामले ने भारतीय जूडो संघ के पदाअधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल भी खड़ा किया है कि आखिर इतने खिलाड़ी डोप टेस्ट में कैसे पकडे गए। पढ़िए पूरा मामला...

जुडोका ने कहा शिविर में रची गई साजिश

रिपोर्ट आने के बाद गुलाब का कहना है कि उनका भोपाल से पहले एक और सैंपल लिया गया था, लेकिन वह इसमें निगेटिव निकले हैं। उनका टीम के ही एक व्यक्ति के साथ विवाद चल रहा था। उन्हें धमकियां भी मिली थीं, जिसकी उन्होंने अपने विभाग को शिकायत भी की थी। उनके खिलाफ साजिश रची गई है, जिसे वह नाडा सुनवाई पैनल के समक्ष साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**भोपाल में चल रहा है नेशनल कैंप:** एशियन गेम्स के लिए चयनित जूडो टीम का नेशनल कैंप स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के भोपाल सेंटर में चल रहा है। यह कैंप ट्रायल के बाद 20 मई को शुरू हुआ। इस दिन भी नाडा ने सैंपल लिए थे।

**इन खिलाड़ियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई:** डोप टेस्ट में एशियाई चैंपियनशिप के मेडलिस्ट मोहसिन गुलाब अली (60), जकार्ता एशियन गेम्स में भारतीय टीम का हिस्सा रहे हर्षदीप बराड़ (81), स्टैंड बाई राहुल सेवता (81) और अक्षय (66) की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। एक अन्य जूडोकी की रिपोर्ट भी पॉजिटिव मिली है। मामले का खुलासा करने वाली वेबसाइट ने 5वीं खिलाड़ी का नाम नहीं लिखा है। पहले तीन खिलाड़ियों के सैंपल भोपाल में लिए गए थे, जबकि टीम में शामिल एक अन्य जुडोका और स्टैंड बाई में शामिल खिलाडी के सैंपल दिल्ली में हुए।

**3 कैंप और 2 ट्रायल में फंसे :** एशियन गेम्स के लिए नेशनल ट्रायल्स दिल्ली में हुए थे। जहां डोप सैंपल लिए गए थे। इसके बाद 20 मई से भोपाल में टीम का शिविर लगाया गया। यहां 27 मई को नाडा ने फिर डोप सैंपल लिए।

# राजस्थान के आदिवासी क्षेत्रों पर भाजपा का विशेष फोकस

## नितिन गडकरी ने प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रु. की लागत से 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्‌घाटन किया

- राजस्थान में कुल 219 किलोमीटर लंबाई और 3,775 करोड़ रुपये की लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया गया तथा 1850 करोड़ रुपये लागत से कुल 221 कि.मी. लंबी 7 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया।
- गडकरी ने कहा कि, गुलाबपुरा से चित्तौड़गढ़ खंड को 6-लेन का बनाने से भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिलों का उदयपुर, जयपुर और कोटा क्षेत्र से संपर्क और मजबूत होगा जिससे इस क्षेत्रों के विकास को और गति मिलेगी।

नई दिल्ली, 4 जुलाई। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान के प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रुपये की लागत की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया है।

गडकरी ने मंगलवार को ट्वीट किया राजस्थान के प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रुपए लागत की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि 219 कि.मी. लम्बी जिन चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया गया उनकी अनुमानित लागत 3,775 करोड़ रुपये है।

राजस्थान में आज कुल 219 किलोमीटर लंबाई और 3,775 करोड़ रुपये की लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया गया तथा 1850 करोड़ रुपये लागत से कुल 221 कि.मी. लंबी 7 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया।

गौरतलब है कि, राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर आदिवासी जिलों पर भाजपा का विशेष फोकस है। लगातार केंद्रीय नेताओं के दौरे आदिवासी इलाकों में हो रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आदिवासी धाम मानगढ़ की सभा में आ चुके हैं। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनाए जाने के बाद से भाजपा लगातार आदिवासी इलाकों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। यह बताने का प्रयास किया जा रहा है आदिवासी समुदाय के लोगों की सच्ची हितैषी भाजपा ही है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर किशनगढ़ से गुलाबपुरा खंड तक इस 6-लेन की परियोजना से अजमेर और भीलवाड़ा जिलों के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। गुलाबपुरा से चित्तौड़गढ़ खंड को 6-लेन का बनाने से भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिलों के उदयपुर, जयपुर और कोटा क्षेत्र के बीच संपर्क मजबूत होगा। फतहनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग 162ए पर 4-लेन आर.ओ.बी. के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

सी.आर.आई.एफ. के तहत मंडरायल में आज चम्बल नदी पर हाई लेवल ब्रिज निर्माण की शुरुआत किया गया। इस पुल के निर्माण से राजस्थान के मंडरायल, करौली और मध्य प्रदेश के सबलगढ़ के बीच कनेक्टिविटी बनी रहेगी।

# ब्रेक फेल कंटेनर रैस्टोरैंट में घुसा, 13 की मौत

- महाराष्ट्र के धुले जिले में मंगलवार को बस स्टॉप पर एक कंटेनर ब्रेक फेल होने के बाद पास के रैस्टोरैंट से टकरा गया, इस हादसे में 20 अन्य लोग घायल हो गए।

मुंबई, 4 जुलाई (वार्ता)। महाराष्ट्र के धुले जिले में मंगलवार को बस स्टॉप पर एक कंटेनर ब्रेक फेल होने के बाद पास के भोजनालय से टकरा गया, जिससे 13 लोगों की मौत हो गयी और 20 लोग घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर बाद पलासनेर गांव के पास उस वक्त हुई, जब एक बस स्टॉप के पास सीमेंट से लदे एक कंटेनर ब्रेक फेल हो जाने के बाद अनियंत्रित हो गया और दो वाहनों से टकराने के बाद भोजनालय में घुस गया। इससे नौ लोगों की मौत हो गयी और 25 लोग घायल हो गये।

घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से तीन लोगों की हालत गंभीर है।

# यू.सी.सी. की जमकर पैरवी की उपराष्ट्रपति धनखड़ ने

## उपराष्ट्रपति ने कहा कि, यू.सी.सी. के कारण देश में निहित राष्ट्रवाद की भावना और अधिक प्रभावी ढंग से एकजुट होगी

- उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस मौके पर कहा कि, लोगों के मौलिक अधिकारों एवं सुरक्षा की भावना में बढ़ोतरी हो इसके लिए देश के नीति निर्देशक सिद्धांतों में आवश्यकता के अनुरुप बदलाव आवश्यक हैं।
- उपराष्ट्रपति ने भारत की छवि धूमिल करने के कुछ लोगों के प्रयासों की आलोचना करते हुए जोर देकर कहा कि, यही सही समय जब, भारत-विरोधी कहानी रचने वाले "कोरियोग्राफरों" को प्रभावी ढंग से अस्वीकार कर दिया जाए।

नई दिल्ली/गुवाहाटी 4 जुलाई (वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि समान नागरिक संहिता देश तथा उसमें निहित राष्ट्रवाद को अधिक प्रभावी ढंग से एकजुट करेगी और इसे लागू करने में किसी भी तरह की और देरी हमारे मूल्यों के लिए हानिकारक होगी।

उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि नीति निर्देशक सिद्धांत 'देश के शासन में मौलिक' हैं और उन्हें नियमों में बदलना एक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पंचायत, सहकारी समितियां और शिक्षा का अधिकार जैसे नीति निर्देशक सिद्धांत पहले ही कानून में बदल चुके हैं, उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 44 को लागू करने का समय है।

भारत की छवि धूमिल करने के कुछ लोगों के प्रयासों की आलोचना करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सही समय है कि भारत-विरोधी कहानी रचने वाले कोरियोग्राफरों को प्रभावी ढंग से अस्वीकार कर दिया जाए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी विदेशी संस्था को हमारी संप्रभुता और प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। भारत को सबसे पुराना, सबसे बड़ा, सबसे क्रियाशील और जीवंत लोकतंत्र बताते हुए, उपराष्ट्रपति ने बल देकर कहा, हम अपने समृद्ध और फलते-फूलते लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों पर चोट नहीं झेल सकते।

उन्होंने भ्रष्टाचार को कतई सहन नहीं करने की नीति का जिक्र करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार लोकतंत्र विरोधी है, भ्रष्टाचार खराब शासन है, भ्रष्टाचार हमारे विकास को कम करता है... भ्रष्टाचार मुक्त समाज आपके विकास की सबसे सुरक्षित गारंटी है।

धनखड़ ने इस बात को भी गलत बताया कि कुछ लोग भ्रष्टाचार करते पकड़े जाने पर कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेने के बजाय सड़कों पर उतर आते हैं।

उपराष्ट्रपति ने छात्रों से भारतीय होने और इसकी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर गर्व करने के लिए भी कहा। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि विद्यार्थी आर्थिक राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्ध हों और राष्ट्र तथा राष्ट्रवाद की कीमत पर आर्थिक लाभ लेने से बचें। उन्होंने छात्रों को दूरदर्शी व्यक्तित्व डॉ. बी. आर. अंबेडकर के बहुमूल्य शब्दों को भी याद दिलाया- आपको पहले भारतीय होना चाहिए, अंत में भारतीय होना चाहिए और भारतीयों के अतिरिक्त कुछ भी नहीं।

धनखड़ ने अपने दीक्षांत भाषण में विद्यार्थियों का ध्यान सहिष्णु होने की आवश्यकता की ओर भी आकर्षित किया। उपराष्ट्रपति इससे पहले दिन में सुदेश धनखड़ के साथ गुवाहाटी में प्रसिद्ध मां कामाख्या मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने आई.आई.टी. गुवाहाटी के विद्यार्थियों के साथ बातचीत की।

इस अवसर पर असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा आदि उपस्थित थे।

# रूस ने मार गिराये यूक्रेन के पांच ड्रोन

मास्को, 4 जुलाई (वार्ता)। रूस ने न्यू मास्को क्षेत्र में मंगलवार सुबह पांच यूक्रेन के ड्रोन मार गिराये, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

इस कार्रवाई के कारण वनुकोवो हवाई अड्डे पर लगभग तीन घंटे तक उड़ानें प्रभावित रहीं। रूस की समाचार एजेंसी आर.आई.ए. नोवोस्ती के अनुसार, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ड्रोन मास्को क्षेत्र और न्यू मास्को क्षेत्र में वस्तुओं को निशाना बना रहे थे, जिनमें से चार को वायु रक्षा द्वारा और एक को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में मार गिराया गया।

# 'एन.सी.पी. के 51 विधायक पहले से ही भाजपा के साथ सरकार बनाना चाहते थे'

- एन.सी.पी. के राज्यसभा सांसद प्रफुल पटेल ने दावा किया कि, यह बात शरद पवार के समक्ष पुरजोर तरीके से रख दी गई थी।

मुंबई, 4 जुलई। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) में मचे सियासी घमासान के बीच नेताओं में बयानबाजी भी शुरू हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और एन.सी.पी. के राज्यसभा सांसद प्रफुल पटेल ने बड़ा बयान दिया है। अजित पवार के साथ एन.सी.पी. में बगावत करने वाले प्रफुल ने कहा कि पार्टी के 51 विधायक बीजेपी के साथ सरकार बनाना चाहते थे।

प्रफुल पटेल ने दावा किया कि पार्टी के 53 में से 51 विधायकों ने एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार से कहा था कि पिछले साल महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी (एम.वी.ए.) सरकार गिरने के बाद भाजपा के साथ हाथ मिलाने की संभावना तलाशी जानी चाहिए। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, अगर एन.सी.पी. शिवसेना के साथ सरकार बना सकती है तो भाजपा के साथ क्यों नहीं।

पटेल ने ये भी कहा कि पिछले साल भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल होने पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि विधायकों के बीच ये चर्चा हुई थी। प्रफुल पटेल ने आगे कहा, इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। अब उस चर्चा को आकार दिया गया है। बीजेपी के साथ जाने का फैसला पार्टी के रूप में लिया गया है, न कि मेरे या अजीत पवार द्वारा।

प्रफुल ने ये भी कहा कि जयंत पाटिल भी उन 51 विधायकों में से थे, जो चाहते थे कि शरद पवार बीजेपी सरकार में शामिल होने की संभावना तलाशें।

उन्होंने कहा, केवल अनिल देशमुख और नवाब मलिक इस पर राजी नहीं थे। गौरतलब है कि एन.सी.पी. नेता अजित पवार ने कुछ विधायकों और सांसदों के साथ मिलकर चाचा शरद पवार के साथ बगावत कर दी। रविवार को ही अजित पवार ने डिप्टी सी.एम. पद की शपथ ली, जबकि छगन भुजबल समेत आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

## प्रदेश अध्यक्षों में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अध्यक्षों व संगठन महामंत्रियों को बदला गया। उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में व केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में फेरबदल होगा।

पार्टी चार राज्यों के अध्यक्ष पहले ही बदल चुकी है और पार्टी सूत्रों ने कहा कि आगामी दिनों अन्य राज्यों में भी फेरबदल होगा। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी को भाजपा की राष्टीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया। सबसे पहले जिन राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले गए है उनमें प्रमुख है पंजाब, झारखंड, आंध्र और तेलगांना। पंजाब की कमान सुनील जाखड़ को सौंपी गई है। पूर्व लोकसभा स्पीकर बलराम जाखड़ के पुत्र कांग्रेस के भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वे विधानसभा में विपक्ष के नेता भी है।

तेलंगाना में जी. किशन रेड्डी को और आंध्र में पी. पुरंदरेश्वरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

# बुधवार को शरद पवार व अजीत पवार ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विधायकों के चुनाव क्षेत्र हैं।

82 वर्षीय शरद पवार ने इसे पार्टी को जमीन से वापिस खड़ा करने का मिशन बताया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वे पार्टी के संकट के लिए कानूनी सलाह भी ले रहे हैं। यह संकट अजीत पवार के शिव सेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और अधिकांश विधायकों के समर्थन का दावा करने के कारण खड़ा हुआ है।

एन.सी.पी. ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर के समक्ष एक याचिका पेश कर अजीत पवार और उन आठ विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है जिन्होंने एकनाथ शिंदे सरकार में शपथ ली है। नार्वेकर को अभी अयोग्यता की एक और याचिका पर फैसला करना है जो उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिव सेना ने एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक सेना विधायकों के खिलाफ दायर की है।

एक दिन पहले एन.सी.पी. के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और महासचिव सुनील तट्करे को "पार्टी विरोधी गतिविधियों" के कारण हटा दिया गया क्योंकि वे अजीत पवार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

अजीत पवार खेमे ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष से कहा है कि जयंती पटेल और जीतेन्द्र अहवाद की सदन से सदस्यता समाप्त करने की मांग की है।

आज दिन में राहुल नार्वेकर ने मीडिया को कहा कि वे सब कुछ देखने के बाद उचित निर्णय लेंगे। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि उनके पास किसी धड़े का इस आशय का पत्र नहीं आया है कि वह अलग है। शरद पवार और अजीत पवार दोनों का दावा है कि पूरी पार्टी उनके साथ है।

खबरों के अनुसार, राज्यपाल को लिखे एक पत्र में अजीत पवार ने 40 विधायकों के हस्ताक्षर सहित उनके समर्थन का दावा किया है। कई विधायकों ने आरोप लगाया कि उन्होंने बिना उद्देश्य जाने अनजाने में हस्ताक्षर कर दिए।

शरद और अजीत में से किसी ने अपने समर्थन में विधायक खड़े नहीं किए हैं और शरद पवार के समर्थन में ट्वीट करने वाले कुछ राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी नेताओं ने इसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है।

अजीत पवार के शपथ ग्रहण में शामिल होकर वापस शरद पवार के पास लौटने वाले दो विधायक हैं मकरंद पाटिल और बाला साहेब पाटिल। एक सांसद अमोल कोल्हे ने भी कहा है कि वे शरद पवार के पास लौट रहे हैं।

जिन लोगों ने शरद पवार के समर्थन में उनके साथ फोटो पोस्ट किए हैं वे हैं अनिल देशमुख, जीतेन्द्र अवध, जयंत पाटिल, रोहित पवार, संदीप क्षीरसागर और प्राजक्त प्रसादराव तानपुरे। एन.सी.पी. सांसद अमोल कोल्हे ने अपने समर्थन का संदेश भी पोस्ट किया, "जब दिल और दिमाग में युद्ध हो तो दिल की सुनो। दिमाग कई बार नैतिकता भूल जाता है लेकिन दिल नहीं भूलता।"

जहां अजीत पवार खेमे का सवाल है, उनके साथ रविवार को जिन विधायकों ने शपथ ली है वो हैं छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, दिलीप वाल्से पाटिल, अनिल पाटिल, हसन मुशरिफ, अदिति तट्करे, धर्मराव बाबा, अतराम और संजय बसोडे।

जीतेन्द्र अवध ने कहा है कि दोनों धड़ों की संख्या तभी स्पष्ट होगी जब शरद पवार विधायकों को फोन करना शुरु करेंगे।

अजीत पवार अभी तक पार्टी के केवल 9 विधायकों के साथ ही नजर आ रहे हैं। हालांकि उनका दावा है कि उन्हें पार्टी का समर्थन है और शरद पवार उनके नेता हैं। शरद पवार के लंबे समय सहयोगी रहे प्रफुल्ल पटेल उनके साथ हैं और अजीत पवार ने कहा है कि वे अपनी संख्या जरूरत पड़ने पर बताएंगे।

अभी अजीत पवार के साथ दो-तिहाई बहुमत नहीं लगता है जो दलबदल विरोधी कानून से बचाव के लिए जरूरी है। अगर उनके पास यह संख्या हो तो वे पार्टी के नाम और चिन्ह पर दावा कर सकते हैं।

शरद पवार के नज़दीकी सूत्रों का कहना है कि वे वह गलती नहीं दोहराएंगे जो उद्धव ठाकरे ने की थी जब उन्होंने शिंदे के साथ जाने वाले विधायकों को "गद्दार" कहा था।

शरद पवार जानते हैं कि नौ विधायक महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए हैं वे वापस नहीं आएंगे लेकिन वे सुनिश्चित करना चाहते हैं कि दूसरों को लगे कि वे लौटेंगे। कार्रवाई अभी नौ के खिलाफ ही हुई है और बाकी के लिए सुप्रिया सुले ने कहा कि वे परिवार की तरह है जिनके पास लौटने का विकल्प है।

## भाजपा ने नीतीश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आरोपी बनाये गये थे। बाद में, वे उस समय पुन: मंत्री बना दिये गये थे, जब अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था। वर्ष 2018 में, उन्होंने महिला एवं बाल विकास मंत्री मंजू वर्मा को उस समय बर्खास्त कर दिया था, जब मुजफ्फरपुर में नाबालिग बालिकाओं के यौन-शोषण के बारे में सनसनीखेज खुलासे हुये थे। वर्ष 2020 में, एन.डी.ए. सरकार बनने के तीन दिन के अंदर ही, उन्होंने शिक्षा मंत्री मेवालाल चौधरी जो एक भर्ती-घोटाले में आरोपी थे, को बर्खास्त कर दिया था।

दरअसल, कुमार ने वर्ष 2017 में महागठबंधन से अपने संबंध इसीलिये तोड़ लिये थे, क्योंकि आर.जे.डी. प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार पर भ्रष्टाचार का धब्बा लग गया था।

उस समय, नीतीश ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से इस मामले में स्पष्टीकरण माँगा था, जिसके लिये यादव ने इंकार कर दिया था।

इसलिये, भाजपा ऐसा सोच रही है कि "भ्रष्टाचार जे.डी. नेताओं के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन का औचित्य सिद्ध करना उनके लिये मुश्किल होगा"

किन्तु, महाराष्ट्र के विपरीत, निम्नवर्गीय राजनीति की जड़ें बिहार में बहुत गहरी हैं तथा तेजस्वी यादव उस वर्ग के एक युवा प्रतिनिधि के रूप में उभरे हैं। तेजस्वी के खिलाफ केन्द्रीय गुप्तचर एजेंसियों की कार्यवाही भाजपा के लिये हानिकारक हो सकती है। इसलिये, कुमार इस समय आर.जे.डी. से अपने संबंध तोड़ने को राजनैतिक रूप से अनुचित एवं अविवेकपूर्ण मानेंगे।

## मंत्री बालाजी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बैंच, जिसमें न्यायमूर्ति जे. निशा बानू तथा डी. भारत चक्रवर्ती शामिल थे, ने बालाजी की पत्नी द्वारा अपने पति की गैर कानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर विभाजित फैसला दिया था।

# सचिन खेमे ने छः ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाद राज्य का मुख्यमंत्री बन जायेगा।

इस प्रस्ताव पर अमल होने से कांग्रेस के सामने वे समस्याएं नहीं आयेंगी, जो छत्तीसगढ़ में उसके सामने आयेंगी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को यह निर्णय लेना पड़ेगा कि भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाया जाये या टी.एस. सिंहदेव को, क्योंकि दोनों ही प्रचार का नेतृत्व करेंगे तथा दोनों ही मुख्यमंत्री पद के दावेदार होंगे। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों से पहले संतुलनकारी कदम के रूप में, टी.एस. सिंहदेव को अभी-अभी राज्य के उप मुख्यमंत्री बना दिया गया है।

माना जा रहा है कि, अशोक गहलोत ज़ूम के जरिये मीटिंग में शामिल होंगे, लेकिन गहलोत के मामले में कोई भी चीज बहुत साफ नहीं है। वे इस मीटिंग को बिगाड़ने के लिये नये कारण तलाश सकते हैं क्योंकि वे नहीं चाहते कि संकट का समाधान हो तथा वे एक इंच समायोजन के लिये भी तैयार नहीं हैं।

सूत्रों का कहना है कि, सचिन पायलट द्वारा रखी गई तीन मांगों का भी समायोजन करना होगा, इनका समाधान तो करना ही होगा।

विवाद का मुख्य क्षेत्र तो टिकट वितरण होगा क्योंकि सचिन पायलट अपना हिस्सा चाहेंगे, और पायलट ने जो प्रस्ताव दिया है उससे इस समस्या का निराकरण हो सकेगा और किसी को समस्या भी नहीं होगी।

जिन सीटों पर ये दोनों सहमत नहीं होंगे तथा उन्हें किसी भी कीमत पर चाहेंगे, उनका निर्णय नेतृत्व करेगा।

अब, सब की नजरें 6 जुलाई की मीटिंग पर लगी हुई हैं, तब तक बहुत सारे मसले सुलझा लिये जायेंगे।

समझा जाता है कि वेणु गोपाल सचिन पायलट के निरन्तर सम्पर्क में हैं तथा पिछले सप्ताह जब वेणुगोपाल जयपुर में थे तब गहलोत से भी मिले थे।

## 'दिव्यांग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आदेश हैं कि दिव्यांग अफसरों को उनके गृह जिले या उनके घर से समीप ही पोस्टिंग दी जाये, परंतु सरकार के अधिकारी इस आदेश की पालना नहीं कर रहे हैं। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने नोटिस जारी कर चार हफ्ते बाद सुनवाई का फैसला किया है।

## 'अगर दोनों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक नेता ने कहा कि दोनों पार्टियों के गठबंधन से मत विभाजन रूक सकता है और 20-22 सीटें जीती जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधानसभा में जीती है इसलिए लोकसभा में कड़ी टक्कर देगी, चाहे उस चुनाव के मुद्दे अलग हों।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908